सूर्योदय 5:57 सूर्यास्त 6:46

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.5 न्यू | 23 अधि |
| धर्मशाला | 22 न्यू | 29 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79,810 |
| निफ्टी | 24,427 |
| सोना | 1,02,089 |
| चांदी | 1,17,256 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




द्रविड़ ने राजस्थान रॉयल्स के हेड कोच का पद छोड़ा

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 31 अगस्त 2025 | 16 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 243, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### जगन्नाथ रथयात्रा के तीन पहिए संसद में रखे जाएंगे

**एजेंसी, नई दिल्ली।** संसद परिसर में पुरी रथयात्रा के तीन पहिए लगाए जाएंगे, जिसे श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने पुष्टि की है। मंदिर समिति ने बताया कि हाल ही में लोकसभा स्पीकर ओम बिडला पुरी दौरे पर गए थे, जहां मंदिर समिति ने उन्हें यह प्रस्ताव दिया। प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया है। तीनों पहिए भगवान जगन्नाथ, देवी सुभद्रा और बलभद्र के रथों से निकाले जाएंगे। भगवान जगन्नाथ का रथ नंदीघोष, देवी सुभद्रा का रथ दर्पदलन, और बलभद्र का रथ तालध्वज कहलाता है। (अनंत ज्ञान)

### धनखड़ ने पूर्व विधायक होने की पेंशन भी मांगी

**एजेंसी, जयपुर।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अब पूर्व विधायक के नाते मिलने वाली पेंशन के लिए राजस्थान विधानसभा सचिवालय में फिर से आवेदन किया है। धनखड़ 1993 से 1998 तक किशनगढ़ सीट से कांग्रेस के विधायक रहे थे। पूर्व विधायक के तौर पर उन्हें जुलाई 2019 तक पेंशन मिल रही थी। जुलाई 2019 में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल बनने के बाद पेंशन बंद हो गई थी। अब उपराष्ट्रपति पद से हटने के बाद उन्होंने पूर्व विधायक के नाते फिर से आवेदन किया है। विधानसभा सचिवालय ने धनखड़ की पेंशन आवेदन पर प्रक्रिया शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका में फिलिस्तीनी राष्ट्रपति का वीजा रद्द

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** भारत, रूस और चीन के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने फिलिस्तीन को बड़ा झटका दिया है। अमेरिका की ट्रंप सरकार ने फिलिस्तीनी के राष्ट्रपति महमूद अब्बास और फिलिस्तीन के 80 अधिकारियों का वीजा रद्द कर दिया है। फिलिस्तीनी की ओर से वीजा के लिए किए गए आवेदन भी रिजेक्ट कर दिए गए हैं, क्योंकि राष्ट्रपति ट्रंप नहीं चाहते कि वह संयुक्त राष्ट्र की महासभा में आएं। इसलिए उन्होंने वीजा रद्द करने का फैसला किया। (अनंत ज्ञान)

### इंडोनेशिया में संसद भवन में लगाई आग

**एजेंसी, जकार्ता।** इंडोनेशिया के मकासर शहर में शुक्रवार देर रात प्रदर्शनकारियों ने क्षेत्रीय संसद भवन में आग लगा दी। इस हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई और 5 लोग घायल हो गए। मकासर शहर परिषद के सचिव राहमत मप्पाटोबा ने प्रदर्शनकारियों पर भवन में आग लगाने का आरोप लगाया। आग लगने के बाद कुछ लोग इमारत से कूदने की कोशिश में घायल हुए। इंडोनेशिया में शुक्रवार से कई शहरों में बड़े प्रदर्शन हो रहे हैं। दरअसल, शुक्रवार को पुलिस के एक वाहन ने मोटरसाइकिल से जा रहे डिलीवरी ड्राइवर को कुचल दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- स्कूलों-कॉलेजों में अगले सत्र से पढ़ाया जाएगा बागवानी विषय: शिक्षा मंत्री -पेज 3
- जयराम बोले-कैग रिपोर्ट ने बताया सीएम के बजट बनाने के दावों का सच -पेज 3
- विषय और चैप्टर आधारित होगा कंपीटेंसी बेस्ड प्रश्न बैंक -पेज 4
- बालीचौकी में 20 दिन से न बिजली न नेटवर्क, प्रशासन नहीं ले रहा सुध -पेज 9
- टैरिफ विवाद पर बोले राजनाथ-कोई परमानेंट दोस्त या दुश्मन नहीं होता -पेज 13


# इस बार 2023 से भी ज्यादा विनाश : सीएम

## मुख्यमंत्री ने कांगड़ा और चंबा में आपदाग्रस्त क्षेत्रों का किया हवाई सर्वेक्षण, बोले-श्रद्धालुओं को हेलिकॉप्टर से भेजेंगे घर

**अनंत ज्ञान टीम, धर्मशाला/चंबा**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को कांगड़ा जिले में पौंग बांध से छोड़े गए पानी के कारण बाढ़ प्रभावित फतेहपुर और इंदौरा के मंड क्षेत्र और चंबा जिले के भरमौर, मणिमहेश और अन्य आपदा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। मुख्यमंत्री पठानकोट एयरफोर्स स्टेशन से भरमौर के लिए रवाना हुए, लेकिन खराब मौसम के कारण उनका हेलिकॉप्टर वहां उतर नहीं सका।

चंबा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार द्वारा समय पर उठाए गए एहतियाती कदमों के कारण जन जीवन की हानि वर्ष 2023 की तुलना में कम हुई है, लेकिन इस बार विनाश का पैमाना कहीं अधिक है। सड़क, बिजली, पानी आपूर्ति और संचार सेवाएं 2023 की तुलना में अधिक प्रभावित हुई हैं। राज्य सरकार के समक्ष लोगों के पुनर्वास की एक बड़ी चुनौती है, जिसे हम प्रदेशवासियों के सहयोग से पार करेंगे। उन्होंने कहा कि आपदा से प्रभावित प्रत्येक परिवार के पुनर्वास के लिए प्रदेश सरकार विशेष राहत पैकेज प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह लगातार जमीनी स्तर पर स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।

सरकार आपदा प्रभावितों को हर संभव राहत पहुंचाने और चंबा-भरमौर मार्ग में संपर्क सुविधा बाधित होने के कारण विभिन्न स्थानों पर फंसे लोगों को सुरक्षित घर पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी चंबा से पैदल ही भरमौर के लिए रवाना हुए हैं। यह दर्शाता है कि राज्य सरकार मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए संवेदनशीलता के साथ इस संकट का सामना कर रही है। सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार सड़क संपर्क बहाल करने के लिए तेजी से काम कर रही है। इसके लिए पोकलेन, जेसीबी और अन्य भारी मशीनरी तैनात की गई है। भरमौर क्षेत्र में फंसे लोगों की सकुशल वापसी के लिए प्रदेश सरकार ने हेलिकॉप्टर तैनात किए हैं, जो मौसम की अनुकूल परिस्थिति होने पर लोगों को एयरलिफ्ट करेंगे। उन्होंने कलसुंई क्षेत्र का दौरा भी किया और श्रद्धालुओं से बातचीत की।

कलसुंई से श्रद्धालुओं को नूरपुर और पठानकोट भेजने के लिए बसों की व्यवस्था की गई हैं। शुक्रवार को लगभग 5000 श्रद्धालुओं को कलसुंई से नूरपुर और पठानकोट पहुंचाया गया था। वहीं, जम्मू-कश्मीर की ओर से आए श्रद्धालुओं को सलूणी से आगे छोड़ने के लिए छोटे वाहनों की भी व्यवस्था की गई है।

### अधिकारियों से ली राहत पुनर्वास कार्यों की जानकारी

**मुख्यमंत्री** ने पठानकोट एयरफोर्स स्टेशन पर कांगड़ा जिले में पौंग बांध से छोड़े गए अतिरिक्त पानी के कारण चल रहे राहत और पुनर्वास कार्यों की जानकारी उपायुक्त हेमराज बैरवा से ली। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, विधायक नीरज नैयर और सुरेश कुमार, पूर्व मंत्री आशा कुमारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री चंबा पहुंचने के बाद चमेरा स्थित एनएचपीसी भवन में उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। सीएम ने एनएच-154ए चंबा-भरमौर व अन्य अवरुद्ध सड़क मार्गों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की और जल्द बहाली के निर्देश दिए। इस मीटिंग में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, चंबा के विधायक नीरज नैय्यर, विधायक सुरेश कुमार, पूर्व मंत्री आशा कुमारी आदि भी उपस्थित रहे।



बार-बार बादल फटने की घटनाओं के कारणों का अध्ययन करने पर बल



आपदाग्रस्त इलाकों का हवाई सर्वेक्षण करते सीएम सुक्खू।

### लोगों की मदद करने के बजाय अफवाहें फैला रहे भाजपा नेता

**भाजपा** नेताओं की आलोचना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे प्रभावित लोगों की मदद करने के बजाय अफवाहें फैला रहे हैं। भाजपा विधानसभा का मानसून सत्र स्थगित करने की मांग कर रही है, जबकि 2023 में यही पार्टी विधानसभा सत्र बढ़ाने की मांग कर रही थी। मणिमहेश यात्रा स्थगित करने का निर्णय मौजूदा मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए लिया गया है, लेकिन कुछ लोग इस पर भी राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवभूमि है। हमें अपनी देव यात्राओं और मणिमहेश यात्रा पर पूर्ण आस्था है, लेकिन भाजपा नेताओं का इस पर राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रभावित लोगों के साथ खड़ी है। उन्होंने राज्य में बार-बार हो रही बादल फटने की घटनाओं के कारणों का अध्ययन करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हाल ही में केंद्रीय गृहमंत्री के साथ हुई बैठक में उन्होंने केंद्र सरकार से इस विषय पर अध्ययन करने के लिए विशेषज्ञ समिति गठित करने का आग्रह किया है।

# किन्नौर के बधाल और मंडी के नांडी में फटे बादल

## प्रदेश में 3 एनएच समेत 560 सड़कें बंद, 936 बिजली ट्रांसफार्मर व 223 पेयजल योजनाएं ठप

**अनंत ज्ञान टीम, शिमला/गोहर**

हिमाचल में भारी बारिश और भूस्खलन का सिलसिला जारी है। शुक्रवार रात को किन्नौर के बधाल में बादल फटने से एनएच-5 और निगुलसरी मार्ग बंद हो गया। वहीं, शुक्रवार रात गोहर उपमंडल की ग्राम पंचायत नांडी में बादल फटने और भारी बारिश के चलते नशैणी नाले में भारी मात्रा में पत्थर व गाद आने से काफी नुकसान हुआ है। गनीमत रही कि लोग धमाके की आवाज सुनकर पहले ही सतर्क हो गए, जिससे कि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। नांडी पंचायत के प्रधान फतेह सिंह ने बताया कि रात लगभग 9:30 बजे मूसलाधार बारिश के चलते बहुत जोर की आवाज हुई, जिसके कुछ देर बाद ही नांडी पंचायत के कटवांडी के नशैनी नाले में पानी का बहाव बहुत तेज हो गया। पानी के साथ भारी मात्रा में गाद व पत्थर आ गए, देखते ही देखते मलबे की चपेट में कई भवन आ गए। भूस्खलन के कारण लोगों की उपजाऊ भूमि मक्की की खड़ी फसल बर्बाद हो गई है। वहीं, रामपुर बुशहर के पटवार वृत्त देवठी के गांव शील प्रोग में भूस्खलन हुआ। इससे तीन घरों को नुकसान हुआ। गनीमत रही कि कोई जानी हानि नहीं हुई। उधर, प्रदेश भर में सड़क में दरारें और भूस्खलन होने के कारण तीन नेशनल हाईवे समेत 560 सड़कें बंद हो गई हैं। 936 बिजली ट्रांसफार्मर और 223 पेयजल योजनाएं भी ठप हुई हैं।



मंडी जिले के गोहर उपमंडल की ग्राम पंचायत नांडी में बादल फटने से हुई तबाही का मंजर।

### आज भारी बारिश का अलर्ट

**मौसम** विभाग के शिमला केंद्र ने 31 अगस्त के लिए भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, कांगड़ा, चंबा, कुल्लू, मंडी और ऊना जिलों में विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। विभाग ने प्रशासन और स्थानीय लोगों को पहाड़ी क्षेत्रों में असुरक्षित ढलानों, नदियों और नालों के किनारे रहने से बचने की सलाह दी है। भविष्यवाणी के अनुसार, प्रदेश के कई हिस्सों में 1 और 2 सितंबर को भी बारिश का दौर जारी रहेगा।

# जम्मू-कश्मीर के रियासी में भूस्खलन और रामबन में फटा बादल, 11 लोगों की मौत

**एजेंसी, जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के माहौर इलाके में भूस्खलन होने से मलबे में दबने से 7 लोगों की और रामबन के राजगढ़ में बादल फटने से 4 लोगों की मौत हो गई है। दोनों घटनाओं में कुल 11 लोगों की जान चली गई। वहीं, कई लोग अभी भी लापता हैं। सूचना मिलते ही प्रशासन और आपदा प्रबंधन दल मौके पर पहुंच गए। भारी बारिश के कारण इलाके में हालात और चुनौतीपूर्ण बने हुए हैं, जिससे रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कतें आ रही हैं।

अधिकारियों ने बताया कि इन घटनाओं के बाद कई लोग लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि एनडीआरएफ, पुलिस और सेना की टीमों को राहत और बचाव कार्य में लगाया गया है। भारी बारिश और टूटे पुलों की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कतें जरूर आ रही हैं, लेकिन राहतकर्मी लगातार मलबे में दबे लोगों को निकालने की कोशिश कर रहे हैं। कई जगहों पर सड़कें भी ध्वस्त हो गई हैं, जिससे संपर्क व्यवस्था ठप हो गई है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे नदियों और भूस्खलन प्रभावित इलाकों के पास न जाएं और सतर्क रहें। गौर रहे कि जम्मू-कश्मीर में कुछ दिनों से लगातार तेज बारिश हो रही है, इस वजह से वहां बादल फटने और बाढ़ आने की कई सारी घटनाएं हुई हैं। शुक्रवार को बांदीपोरा जिले के गुरेज सेक्टर में भी बादल फटा, जिससे लोगों में डर का माहौल बना हुआ है। (अनंत ज्ञान)

कई लोग अभी भी लापता रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

# डोनाल्ड ट्रंप का ज्यादातर टैरिफ गैर-कानूनी : अमेरिकी कोर्ट

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका की एक अपील कोर्ट ने वहां के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ज्यादातर टैरिफ को गैरकानूनी बताया है। कोर्ट का कहना है कि ट्रंप ने इन टैरिफ को लागू करने के लिए जिस कानून का सहारा लिया, वह उन्हें यह अधिकार नहीं देता। कोर्ट ने कहा कि ट्रंप के पास हर आयात पर टैरिफ लगाने की असीमित शक्ति नहीं है। 7-4 के बहुमत से दिए गए इस फैसले में अदालत ने साफ लिखा कि 1977 में जब कांग्रेस ने IEEPA कानून बनाया था, तब उसका मकसद राष्ट्रपति को बिना सीमा के शुल्क लगाने की ताकत देना नहीं था। हालांकि, कोर्ट ने इस फैसले को अक्तूबर तक लागू करने से रोक दिया है, ताकि ट्रंप सुप्रीम कोर्ट में अपील कर सकें। (अनंत ज्ञान)

### टैरिफ हटे तो बर्बाद हो जाएगा अमेरिका : ट्रंप



**डोनाल्ड** ट्रंप ने इस फैसले की आलोचना करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि अगर ये टैरिफ हटे, तो अमेरिका बर्बाद हो जाएगा। ट्रंप ने इन टैरिफ को अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम के तहत सही ठहराया था। उनका कहना था कि व्यापार असंतुलन अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है, इसलिए उन्होंने व्यापार पर 'नेशनल इमरजेंसी' घोषित कर टैरिफ लगाए हैं।

# ह्यूमन जीपीएस नाम से मशहूर आतंकी बागू ढेर

**एजेंसी, श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के गुरेज सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास सुरक्षाबलों ने ह्यूमन जीपीएस के नाम से मशहूर आतंकी बागू खान को मार गिराया है। बागू खान को समंदर चाचा के नाम से भी जाना जाता था। वह सुरक्षा एंजेसियों की लिस्ट में हिजबुल मुजाहिदीन का मोस्ट वांटेड आतंकी था। सूत्रों के अनुसार, बागू खान 1995 से पाक अधिकृत कश्मीर में रह रहा था। वह 25 सालों से सीमा पार आतंकवाद में एक्टिव था और घुसपैठ के सबसे पुराने मददगारों में से एक था। वह 100 से ज्यादा घुसपैठ की घटनाओं में शामिल था। सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस को 28 अगस्त को बागू खान के साथ गुरेज सेक्टर के नौशेरा नार में घुसपैठ की कोशिश के दौरान मुठभेड़ हुई थी, जिसमें वह मारा गया। (अनंत ज्ञान)

# चीन पहुंचे मोदी का ग्रैंड वेलकम

## एससीओ समिट के बहाने भारत-चीन रिश्तों में घुलेगी मिठास





**एजेंसी, बीजिंग**


प्रधानमंत्री मोदी सात साल बाद शनिवार को चीन पहुंचे। इस यात्रा पर पूरी दुनिया की नजर है। ट्रंप की टैरिफ नीतियों की वजह से यह दौरा और भी महत्वपूर्ण हो गया है। मोदी 31 अगस्त और 1 सितंबर को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन आए हैं। हालांकि, रविवार को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी निर्धारित बैठक वॉशिंगटन के टैरिफ विवाद के मद्देनजर और भी महत्वपूर्ण हो गई है। मोदी और शी की इस वार्ता में भारत-चीन के रिश्तों में मिठास घुलने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)

### क्या है एससीओ ?

**एससीओ** 10 सदस्य देशों का एक राजनीतिक, आर्थिक और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा संगठन है। इसकी स्थापना 2001 में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान द्वारा की गई थी। जून 2017 में भारत और पाकिस्तान के साथ इसका विस्तार आठ देशों तक हो गया।

# कर्नल प्यार सिंह एक्स सर्विसमैन कॉरपोरेशन के नए अध्यक्ष नियुक्त

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के रैली जजरी से संबंध रखने वाले कर्नल प्यार सिंह अत्री एक्स सर्विसमैन कॉरपोरेशन सेल के प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए हैं। अत्री 1978 में भारतीय फौज में भर्ती हुए थे। 18 साल उन्होंने आर्मी की सेवा में कमीशन पास किया था। 1997 में सीईओ ऑफिसर बने थे। वर्ष 2015 में कर्नल रिटायर हुए थे। इसके उपरांत एक्स सर्विसमैन सैनिक वेलफेयर शिमला में डिप्टी डयरेक्टर बने थे। सेवानिवृत्त होने के बाद 2021 में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए थे। तब उन्हें हमीरपुर लोकसभा सीट का प्रभारी नियुक्त किया गया था। इनकी बेहतर कर्यशाली को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने उन्हें प्रदेश एक्स सर्विसमेन कॉरपोरेशन का अध्यक्ष चुना है।



# ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान पर दागे थे 50 से कम हथियार : एयर मार्शल तिवारी

## इतने में ही घबरा गया पाक, सीजफायर की लगाने लगा गुहार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ऑपरेशन सिंदूर के तीन महीने बाद वायुसेना उप प्रमुख ने नया खुलासा किया है। एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी ने कहा कि पाकिस्तान को युद्धविराम की मेज पर लाने के लिए भारतीय वायुसेना ने 50 से भी कम हथियार दागे। एक टीवी चैनल के डिफेंस समिट में बोलते हुए एयर मार्शल ने कहा कि मौजूदा ऑप्शन की लिस्ट में हमारे पास बड़ी संख्या में टारगेट थे। आखिरकार हम 9 तक पहुंचे। हमारे लिए मुख्य बात यह थी कि 50 से भी कम हथियारों के साथ हम सीजफायर हासिल करने में सफल हुए।

उन्होंने कहा, 'युद्ध शुरू करना बहुत आसान है, लेकिन उसे खत्म करना उतना आसान नहीं है और यह एक महत्वपूर्ण बात थी, जिसे ध्यान में रखना जरूरी था, ताकि हमारी सेनाएं किसी भी संभावित स्थिति के लिए तैयार रहें।' एयर मार्शल ने भारत की इंटीग्रेटेड एयर कमांड और कंट्रोल सिस्टम (IACCS) की तारीफ की। चार दिन चले संघर्ष के दौरान यह आक्रामक और रक्षात्मक दोनों ऑपरेशन की रीढ़ साबित हुई। (अनंत ज्ञान)



बोले- IACCS बनी ऑपरेशन की रीढ़

### क्या है आईएसीसीएस?

**इंटीग्रेटेड** एयर कमांड और कंट्रोल सिस्टम (IACCS) भारतीय वायुसेना द्वारा उपयोग की जाने वाली एक स्वचालित प्रणाली है, जो सभी ग्राउंड-आधारित और हवाई सेंसर, वायु रक्षा हथियारों और कमांड सेंटरों को एकीकृत करती है। यह हवाई खतरों का पता लगाने, उन्हें पहचानने, रोकने और बेअसर करने के लिए वास्तविक समय में एक एकीकृत हवाई स्थिति प्रदान करती है, जिससे नेटवर्क केंद्रित युद्ध और कुशल वायु रक्षा संभव होती है।

**भानुपल्ली-लेह रेललाइन** 20 सुरंगों और 26 पुलों का निर्माण, लेकिन मुआवजा अधर में

# सपनों की पटरी पर विरोध-असंतोष की चिंगारी

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** रेलवे की भानुपल्ली-बिलासपुर-लेह रेलवे लाइन, जिसे हिमाचल प्रदेश के लिए सामरिक और आर्थिक दृष्टि से मील का पत्थर माना जा रहा है, अब विरोध और असंतोष की आग में झुलसती दिख रही है। कोठीपुरा, बध्यात, थलू और नोग गांवों के लोग विकास की जगह विस्थापन और अन्याय का दंश झेल रहे हैं। परियोजना के पहले चरण में 20 सुरंगों और 26 पुलों का निर्माण किया जा रहा है, लेकिन इन सुरंगों के धमाकों से जगातखाना, बध्यात और नोग गांवों में घरों की दीवारें चटक चुकी हैं। राज्य सरकार ने 475 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया, लेकिन अब तक प्रभावितों तक सिर्फ 28 करोड़ ही पहुंच पाए। ग्रामीण आरोप लगा रहे हैं कि न दरें तय हैं, न रकम सही।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव



गोबिंदसागर झील में निर्माणाधीन रेललाइन के पिलर।

### 90 दिन से अनशन पर हैं प्रभावित, कोई सुनवाई नहीं

**बध्यात** और नोग गांव के प्रभावित 90 दिन से अनशन पर बैठे हैं, लेकिन न सरकार, न विपक्ष और न ही प्रशासन ने उनकी सुध ली। ग्रामीणों में यह बेरुखी गहरे रोष का कारण बन गई है। उनका कहना है कि जब वोट चाहिए, तो नेता दरवाजे तक आते हैं। अब घर दरक रहे हैं, तो सब आंखें मूंदकर बैठे हैं।

### अब तक कितनी भूमि का हुआ अधिग्रहण

**कुल** 124 हेक्टेयर में से लगभग 80-81 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित हो चुकी है। सुरंग निर्माण से घरों में दरारों की शिकायत पर केंद्र ने कमेटी गठित कर मरम्मत कार्य करवाया। जून 2025 में आईआईटी -एनआईटी विशेषज्ञों की एक स्वतंत्र कमेटी भी बनाई गई।

### राज्य सरकार ने अब तक जारी किए 847 करोड़

**भानुपल्ली**-बिलासपुर-बेरी चरण तक प्रदेश ने 847 करोड़ रुपए जारी किए (भाजपा सरकार 511 करोड़ रुपए, कांग्रेस सरकार 336 करोड़ रुपए)। राज्य ने अनुरोध किया है कि सामरिक महत्व देखते हुए परियोजना का पूरा खर्च केंद्र उठाए, ताकि प्रदेश पर बोझ न पड़े।

### प्रदेश पर 4,000 करोड़ का अतिरिक्त बोझ

**राज्य** और केंद्र के 25:75 अनुपात में राज्य की हिस्सेदारी 1,047 करोड़ रुपए तय हुई थी, लेकिन केंद्र ने भूमि अधिग्रहण के लिए केवल 70 करोड़ रुपए दिए। इससे प्रदेश पर 4,000 करोड़ का अतिरिक्त बोझ पड़ा। रेलवे मंत्रालय के अनुसार हिमाचल के 1,351 से 1,789 करोड़ रुपए अभी लंबित हैं, जिससे परियोजना की गति धीमी पड़ी है। अगर पुनर्वास, पारदर्शिता और न्यायसंगत मुआवजा जैसे मुद्दों को तुरंत हल नहीं किया गया तो यह परियोजना विकास की मिसाल नहीं, बल्कि जनविरोध का चेहरा बन सकती है।

## न्यूज ब्रीफ

### अजेश पाल बने टीजीटी कला संघ नादौन के प्रधान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय प्रशिक्षित कला स्नातक संघ नादौन और गलोड़ खंड की संयुक्त कार्यकारिणी का गठन पूर्ण हुआ। संघ के जिला पर्यवेक्षक संजय वर्मा और निरीक्षक अजय कुमार ने सर्वसम्मति से नामित कार्यकारिणी की घोषणा की है। लगातार दूसरी बार अजेश पाल को प्रधान, सतीश कुमार को उपप्रधान, रजनीश कौशल को संगठन सचिव, कमलजीत बड़ोगा को प्रबंधन सचिव, विजय कुमार को संयुक्त सचिव, प्रदीप कुमार को सलाहकार, मुकेश कुमार को समन्वयक, अरुण कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया है। महिला विंग में सुनीता कौशल को प्रधान, अर्पणा ठाकुर को वरिष्ठ उपप्रधान, सोनिया शर्मा को उपप्रधान, रीना कुमारी को सचिव, संजो देवी को सह सचिव, पम्मी देवी को प्रोपेगेंडा सचिव, संतोष कुमारी को लेखाकार, नीता देवी को मीडिया सचिव, अमिता को अतिरिक्त सचिव और सरिता रानी को विधि सलाहकार चुना गया है। टीजीटी कला संघ सुजानपुर इकाई में शिवानी भोलान को प्रधान, जमीत सिंह को उप प्रधान, अंजना धीमान को सचिव, अनिता कुमारी को कोषाध्यक्ष, सुनिंदा को सह सचिव और सुनीता देवी को मीडिया सचिव चुना गया है।

### राधा अष्टमी पर गौड़ीय मठ दंगड़ी में कार्यक्रम आज

**अनंत ज्ञान, रंगस।** राधा अष्टमी श्री चैतन्य महाप्रभु गौड़ीय मठ दंगड़ी मंदिर में 31 अगस्त को धूमधाम से मनाई जाएगी। मठ के महाराज परमपूज्य श्रीमद् भक्ति प्रसाद गिरी महाराज ने बताया कि सुबह पहले राधा-कृष्ण का अभिषेक करने के बाद हरिनाम संकीर्तन व कथा का आयोजन होगा। उसके बाद राधा कृष्ण की आकर्षक झांकियां भी निकाली जाएंगी। तदोपरांत मठ में विशाल भंडारे का आयोजन होगा। लोगों से कार्यक्रम में अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया है।

### विकास शर्मा बने टौणी देवी स्कूल पीटीएम के अध्यक्ष



**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में आज मेगा अभिभावक-शिक्षक सम्मेलन (पीटीएम) का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 122 अभिभावकों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने बताया कि इस मेगा पीटीएम का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ना तथा विद्यालय और अभिभावकों के बीच संवाद को और मजबूत बनाना था। इसी अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के अध्यक्ष पद का चुनाव भी संपन्न हुआ। चुनाव में तीन उम्मीदवारों विकास शर्मा, राजेश कुमार और अंकिता के बीच त्रिकोणीय मुकाबला हुआ। चुनाव जीतने के बाद अपने संबोधन में विकास शर्मा ने आश्वासन दिया कि वे विद्यालय प्रबंधन समिति और अध्यापकों के साथ मिलकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने सभी अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया और विद्यालय के विकास के लिए 11 हजार देने की घोषणा भी की।

### त्रिलोक मिल्क को-ऑपरेटिव सोसायटी नौहंगी के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, रंगस।** नौहंगी पंचायत में दुग्ध अभिशीतन केंद्र जलाड़ी और पशुपालन विभाग के सौजन्य से एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें पशु पालन विभाग नादौन के सीनियर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप पाटिल और दुग्ध अभिशीतन केंद्र जलाड़ी की एमपीए शिवानी शर्मा व सुनीता ने पशुपालकों को हिम गंगा योजना के तहत बोनस/सबसिडी बारे जानकारियां दीं। इस अवसर पर मिल्क को-ऑपरेटिव सोसाइटी नौहंगी का गठन किया गया, जिसमें प्रधान त्रिलोक चंद, उपप्रधान सुमना देवी, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार, सचिव विशाल के अलावा सदस्य कुलदीप चंद, हंसराज, आदित्य, पूर्ण चंद, रमेश चंद, जीवन व बलवंत को बनाया गया।

### सुजानपुर स्कूल में मेगा पीटीएम आयोजित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल की सरकारी स्कूलों में पढ़ाई का नया दौर शुरू होने जा रहा है। आज पूरे हिमाचल में एक साथ अभ्यास हिमाचल कार्यक्रम लॉन्च किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों, अभिभावकों व बच्चों को प्रदेश शिक्षा सचिव राकेश कंवर ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। यह कार्यक्रम एक होम लर्निंग है जो कक्षा 1 से 10 तक के बच्चों की नींव मजबूत करेगा। आज जिला हमीरपुर के सभी सरकारी स्कूलों में पेरेंट टीचर्स मीटिंग आयोजित की गई। इसी कड़ी में शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुजानपुर में मेगा पीटीएम आयोजित की गई जिसमें जिला हमीरपुर के तीनों शिक्षा उपनिदेशक मोही राम चैहान, नवीन शर्मा व कमल किशोर भारती उपस्थित रहे।

### अध्यापकों ने अभिभावकों के साथ विचार किए साझा

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** पाठशाला घनेटा में अभिभावक-अध्यापक संवाद (शिक्षा संवाद) का आयोजन किया गया, इसमें कक्षा छठी से 12वीं तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर अध्यापकों ने अभिभावकों के साथ विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 9वीं से 12वीं तक के टर्म-1 परीक्षा परिणाम अभिभावकों के साथ साझा किए गए। साथ ही, विद्यार्थियों की विषयवार प्रगति रिपोर्ट भी उपलब्ध करवाई गई। विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान रजनीश ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य राजकुमार सिंह ने इस संवाद को अत्यंत लाभदायक बताया।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेता छात्र सम्मानित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर डॉ प्रवीण चैधरी के मार्गदर्शन में शनिवार को सीएमओ ऑफिस में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में गर्ल्स स्कूल हमीरपुर, कांगु, सुजानपुर, भोटा, बोहनी, अमरोह, बड़ा, अलमेहड़, जलाड़ी, लंबलू के छात्रों ने भाग लिया। इस मौके पर एचआईवी एड्स पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। इस प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अमरोह की टीम को प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लंबलू को द्वितीय, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोटा को तृतीय तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बोहनी को चतुर्थ स्थान पर आंका गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर डॉ. प्रवीण चौधरी और जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील ने एचआईवी एड्स पर जानकारी दी।

### मेगा पीटीएम में अपार आईडी की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पीएम श्री शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल हमीरपुर में शनिवार को मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। इस मेगा पीटीएम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य मुश्ताक मोहम्मद ने की। स्कूल प्रबंधन समिति की प्रधान सपना रानी इसमें विशेष रूप से उपस्थित रही। इस शिक्षा संवाद में छठी से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों ने काफी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज की। प्रधानाचार्य ने बताया कि हिमाचल अभ्यास का शुभारंभ किया गया वहीं अपार आईडी के बारे में भी बच्चों को जानकारी दी गई।

### तैयारियों को लेकर भाजपा पदाधिकारी करेंगे बैठक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नवगठित हमीरपुर जिला भाजपा अपनी पहली जिला स्तरीय कार्यसमिति की बैठक की तैयारियों को लेकर 1 सितंबर को पार्टी जिला कार्यालय में कार्यकारिणी पदाधिकारियों की एक विशेष बैठक आयोजित करेगी। जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि कार्यसमिति बैठक 4 सितंबर 2025 को आयोजित की जाएगी, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर और संगठन महामंत्री सिद्धार्थन सहित पार्टी के शीर्ष नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। कार्यसमिति बैठक के सटीक कार्यक्रम और स्थल के विवरण को लेकर 1 सितंबर की बैठक में अंतिम रूप दिया जाएगा।

### नशामुक्ति पर करवाया जागरूकता कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत जय बाबा कमलाहिया आराधना संस्था व सीएसआर सवेरा फाउंडेशन द्वारा भरेड़ी चौक तहसील भोरंज जिला हमीरपुर में सड़क सुरक्षा व नशामुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया और समुदाय को व रिफ्रेशमेंट के तौर पर डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से जूस व डाबर सरसों तेल बांटा। इस मौके पर संस्था के सदस्यों व जय बाबा कमलाहिया आराधना संस्था के अध्यक्ष एम के भारद्वाज, जोगेंद्र राणा, हेम राज, भोरंज थाना से दो पुलिस कर्मचारी ने सड़क सुरक्षा के तहत दो पहिया वाहन चलाने वालों को हैलमेट लगाने के लिए प्रेरित किया कि हैलमेट लगाना क्यों जरूरी है।

### टीजीटी भर्ती के लिए आवेदन 15 सितंबर तक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज्य के विभिन्न जिलों में प्राकृतिक आपदा और भारी बरसात को देखते हुए हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने टीजीटी भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि अब 15 सितंबर रात 11:59 बजे तक बढ़ा दी है। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के उम्मीदवारों की मांग के बाद यह निर्णय लिया गया है।

# शहर में चार दिन से पानी नहीं, टैंकर मंगवा रहे लोग

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**



- जल शक्ति विभाग अन्य सोर्स से कर रहा पानी की आपूर्ति
- राइजिंग मेन लाइन को ठीक होने में लगेगा समय

**हमीरपुर।** शहर में पिछले चार दिनों से पानी की किल्लत चली हुई है जिसके कारण लोगों को पीने तक का पानी नहीं मिल रहा है। जिसकी वजह से लोग पानी के लिए इधर उधर भटक रहे हैं। पानी के लिए हैंडपंप या अन्य स्त्रोतों का सहारा लेना पड़ रहा है। वहीं जल शक्ति विभाग द्वारा अन्य सोर्स से शहर के सभी वार्डों में थोड़ा थोड़ा पानी पहुंचाया जा रहा है जोकि न के बराबर है। ऐसे में पानी की आपूर्ति न होने से शहर वासियों की दिक्कतें बढ़ती जा रही हैं। फिलहाल अभी तक पानी आने की कोई संभावना नहीं दिख रही है।

जल शक्ति विभाग भी दरिया से पानी उतरने का इंतजार कर रहा है। यदि दरिया में पानी का स्तर कम होता है तो अगले कुछ घंटों में पानी की पाइप की मरम्मत कर इसे फिर से शुरू कर दिया जाएगा। पानी की किल्लत की वजह से कई लोग अपने पैसे से टैंकर मंगवा कर गुजारा कर रहे हैं, लेकिन अधिकतर वार्डों में टैंकर से पानी पहुंचाना संभव नहीं है।

शहर के अलावा सुजानपुर पेयजल योजना से जुड़ी ग्राम पंचायत बफड़ी, नाडसी, स्वाहल और टपरे में भी पिछले छह दिन से पानी की आपूर्ति नहीं हुई है। पानी न आने से लोग अब प्राकृतिक जल स्त्रोतों की रूख कर रहे हैं। प्राकृतिक जल स्त्रोतों से पानी लाकर गुजारा कर रहे हैं। गौर रहे कि भारी बारिश के कारण जल शक्ति विभाग को भी लाखों रुपयों का नुकसान हुआ है। जिसके कारण पेयजल योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं। हमीरपुर शहर के लिए बनाई गई पेयजल योजना के बंद होने से बरसात में भी लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं।

### मेन पाइप को जोड़ने का प्रयास जारी : राजेश

जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता राजेश धीमान ने बताया कि सुजानपुर में जहां से पेयजल योजना चलाई गई है वहां पर राइजिंग मेन पाइप टूट चुकी है। राइजिंग मेन पाइप को जोड़ने का प्रयास तो किया जा रहा है, लेकिन दरिया में पानी अधिक होने के कारण दिक्कत आ रही है। उन्होंने बताया कि जैसे ही दरिया में पानी का जलस्तर कम होता है कुछ ही घंटों में पानी की पाइप को जोड़कर पानी की आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी।

### शिक्षक संघ प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक से मिला

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** प्राथमिक शिक्षक संघ के खंड गलोड़, बिझड़, भोरंज और जिला के पीटीएफ प्रधान रजनीश के नेतृत्व में प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक कमल किशोर से मिले।

सभी जिला प्राथमिक संघ के अध्यक्षों और जिला अध्यक्ष ने उपनिदेशक के समक्ष अध्यापकों की विभिन्न समस्याओं को रखा। इस मीटिंग के दौरान अध्यापकों की वरिष्ठता सूची का मुद्दा मुख्य रूप से चर्चा में रहा।

इसके अलावा बरसात में स्कूलों में हुए नुकसान, विभिन्न अध्यापकों द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों और कैसे हम स्कूली शिक्षा को और सुधार सकते हैं जैसे विषयों पर चर्चा हुई।

गलोड़ खंड के प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष शशि भूषण शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक कमल किशोर से बातचीत काफी महत्वपूर्ण और सार्थक रही कई महत्वपूर्ण विषयों पर गहन मंत्रणा भी हुई। प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक ने शिक्षकों को आश्वस्त किया कि शिक्षकों के हित का हमेशा ख्याल रखा जाएगा।

# शंभुताल के सौंदर्यीकरण को मिली 2.67 करोड़ की मंजूरी

**अनंत ज्ञान, भोरंज**



शंभुताल अब पर्यटन की दृष्टि से नया आयाम हासिल करेगा। सरकार ने इसके सौंदर्यीकरण के लिए 2.67 करोड़ रुपए की अतिरिक्त स्वीकृति प्रदान की है। पहली किस्त के तौर पर विभाग को 65 लाख रुपए जारी कर दिए गए हैं। इस राशि से ताल परिसर में भव्य शिव प्रतिमा के साथ फाउंटेन, फिश पाउंड, चिल्ड्रन पार्क, गार्डन, गजीबों व अनेक सौंदर्य उपकरण स्थापित किए जाएंगे।

इसके अतिरिक्त कैफेटेरिया व अन्य आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। पर्यटन विभाग इस पूरे प्रोजेक्ट को क्रियान्वित कर रहा है। शंभुताल के बाहर दोनों तरफ से मार्ग निर्माण के साथ ही जल निकासी व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। यह स्थल ऐतिहासिक महत्व रखता है और प्राचीन दंतकथाओं में भी इसका उल्लेख मिलता है। इसकी पौराणिकता और सांस्कृतिक आभा को सुरक्षित रखते हुए इसे आकर्षक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में यह अहम कदम माना जा रहा है।

भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि भोरंज को पर्यटन की दृष्टि से उभारना उनका प्रमुख उद्देश्य है। शंभुताल के साथ-साथ मारकंडा, गासियां और अवाहदेवी को भी विकसित किया जाएगा, ताकि पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों। इससे पहले इस परियोजना पर 1.98 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं।

अब इसकी कुल लागत 4.65 करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगी। पर्यटन की दृष्टि से जिला की यह पहली परियोजना होगी जो इतने बड़े स्तर पर मूर्त रूप ले रही है।

# जंगलबेरी के लोग बिजली की आंख-मिचौनी से परेशान

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

जंगलबेरी में तीन दिनों से रात को 10 बजे बिजली गुल हो रही है, जिससे कि क्षेत्र के सैकड़ों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी भीम सिंह रांगड़ा ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से लगातार रात को 10 से 11 के बीच बिजली गुल हो जाती है।

स्थानीय विभाग को इस बारे कई बार सूचित किया लेकिन समस्या का समाधान नहीं निकला है। उन्होंने बताया कि जंगल बेरी क्षेत्र इन दोनों काला पानी क्षेत्र बना हुआ है। इस एरिया में लगातार लैंडस्लाइड हो रही है तथा रोड घंटों बंद रहता है। ऐसे में बिजली के चले जाने से उनकी समस्याएं और बढ़ गई हैं। कई बार मोबाइल नहीं चार्ज हो पाते हैं। लोगों के अनुसार बरसात के समय में बिजली का असमय चले जाना उनकी दुश्वारियों को और बढ़ा रहा है। उधर विभाग की माने तो कर्मचारी की कमी के चलते यह समस्या आ रही है। अधिकारियों के अनुसार इस बारे उच्च अधिकारियों को बोला गया है तथा यहां पर विद्युत दफ्तर में कर्मचारी की तैनाती करने को अनुरोध किया गया है, लेकिन स्थानीय लोगों के अनुसार रोज 10 बजे बिजली जाना समझ से परे है। रात को बिजली चली जाती है तथा सुबह 6 बजे बिजली घरों में आ जाती है।

उधर सुजानपुर विद्युत विभाग के एसडीओ चंद्रकांत ठाकुर ने बताया कि संबंधित क्षेत्र में समस्या आने की जानकारी मिली है। कर्मचारियों की कमी है। उच्च अधिकारियों को बोला गया है। कर्मचारियों की तैनाती के बारे में कहा गया है।

### सीएम आपदा पर खुद कर रहे राहत कार्यों की समीक्षा

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पार्टी के कार्यक्रम के लिए बिहार क्या गए भाजपा के नए नवेले प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा आपदा में अवसर पाकर नमक मिर्च लगा कर ब्यान देने लगे हैं। यह बात कांग्रेस नेता विवेक कटोच ने पूर्व विधायक राजिंदर राणा के बयान पर कटाक्ष करते हुए कही।

कांग्रेस नेता विवेक कटोच ने कहा कि पूर्व विधायक राजेंद्र राणा का काम मात्र मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर कीचड़ उछाल कर झूठे बयान देना ही रह गया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जब बिहार पहुंचे तो पीछे से मणिमहेश में आपदा का कहर श्रद्धालुओं पर टूट पड़ा, लेकिन मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू बिहार से ही प्रशासन से राहत कार्यों की समीक्षा करने जुट गए और प्रशासन को दिशा निर्देश देते रहे और आज मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू खुद आपदाग्रस्त इलाकों में राहत कार्यों को अमलीजमा पहनाने के लिए उतर चुके हैं।

# शिव मंदिर में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू



**अनंत ज्ञान, धनेटा।** उपमंडल नादौन के भदरू पंचायत के राजनौण गांव में स्थित प्राचीन वणखंडेश्वर महादेव शिव मंदिर में श्री मद भागवत कथा का प्रारंभ कलश यात्रा के साथ प्रभात फेरी से प्रारंभ हुआ। जिस की अगुवाई मंदिर कमेटी के प्रधान अनिल शर्मा ने की कमेटी प्रधान ने जानकारी देते हुए बताया कि कथा वयास से पं. अनिल सरोच 7 दिन तक श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करवाएंगे। वहीं कथा समापन पर 5 सितम्बर को हवन यज्ञ व भंडारे के साथ समापन होगा। इस मौके सथानिय निवासी अश्वनी, गुरदयाल, सिसु पाल, पवन कुमार, सोनू, आदी महिलाओं व पुरुषों ने भाग लिया।

# भारतीयता का लोहा दुनिया में मनवाया मेजर ध्यानचंद ने : अत्री

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**




राष्ट्रीय खेल दिवस पर खिलाड़ी को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर एक घंटा खेल के मैदान में तीन दिवसीय खेल एवं फिटनेस महोत्सव पूरे देश के विभिन्न भागों में चल रहा है। इसी कड़ी में हमीरपुर में साई खेल उत्कृष्टता केंद्र, हमीरपुर में भी राष्ट्रीय खेल दिवस, जिसमें मुख्यातिथि केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर ने वर्चुअल माध्यम से भाग लिया, वहीं उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनके साथ साई के डिप्टी डायरेक्टर मनोज अवाती, जिला खेल एवं युवा सेवा अधिकारी विवेक वर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मौजूद खिलाड़ियों-युवाओं व अभिभावकों को संबोधित करते हुए नरेंद्र अत्री ने कहा कि हॉकी के जादूगर भारत के सपूत मेजर ध्यानचंद ने अपने खेल के दम पर भारतीयता का लोहा पूरी दुनिया में मनवाया। इस मौके पर संस्थान के प्रभारी एवं उपनिदेशक मनोज अवाती ने संस्थान की उपलब्धियां पर प्रकाश डाला। मुख्य रूप से मौजूद नरेंद्र अत्री का कार्यक्रम में पहुंचने पर टोपी पहनकर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस मौके पर बैडमिंटन में भारत को सीनियर नंबर वन रैंक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मानसी सिंह, सहित अन्य राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

# तकनीकी विवि ने करवाया स्टूडेंट्स इंडक्शन प्रोग्राम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में स्टूडेंट्स इंडक्शन प्रोग्राम (एसआईपी) के तहत शनिवार को कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग (बीटेक), भौतिकी व पर्यावरण विज्ञान विभाग के नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम में नए विद्यार्थियों ने अपने प्राध्यापकों की परस्थिति में विभिन्न रचनात्मक और प्रतिभा आधारित गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने एंटी-ड्रग और एंटी-रैगिंग जैसे सामाजिक सरोकारों पर अपने विचार रखे।

कई विद्यार्थियों ने कविता पाठ, गीतों के माध्यम से प्रस्तुतियां तथा रचनात्मक गतिविधियों द्वारा अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यार्थियों ने अपने गीतों और संदेशों के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों का त्याग करने और एक स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण बनाने का आह्वान भी किया। कार्यक्रम के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो राजेंद्र वर्मा, अधिष्ठाता शैक्षणिक डॉ. राजेश कुमार व कुलसचिव कमल देव सिंह कंवर ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें अपनी शिक्षा यात्रा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# विकास खंड अधिकारी पहले पेंडेंसी करें खत्म : राजेंद्र गौतम

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** हिमाचल प्रदेश के जिला हमीरपुर उपमंडल बड़सर के विकासखंड ऑफिस बिझड़ी में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम ने उपस्थित पंचायत जनप्रतिनिधियों से वार्तालाप करते हुए कहा की ग्राम पंचायत में होने वाले विकास कार्यों में प्रदर्शिता लाएं।

उन्होंने कहा की आपदा की इस घड़ी में आम जनमानस को जो बरसात में भारी नुकसान पहुंचा है उसका सही से आकलन करने के जरूरतमंद लोगों तक सरकार की सहायता राशि पहुंचने के लिए भी अपने दायित्व को सही तरीके से निर्वाण करें। गौतम ने अधिकारी को दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा की विकासात्मक कार्यों की पेंडेंसी जितनी जल्दी हो सके क्लियर करें।

पत्थलयार पंचायत प्रधान ने कहा कि पूर्व में बीडीओ रमेश चंद के टाइम में कभी भी विकासात्मक कार्य की पेमेंट में देरी नहीं हुई पिछले 5 महीना से पेमेंट नहीं होने के चलते विकासात्मक कार्य को करवाने में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कसाई पंचायत के प्रधान ने बार-बार पंचायत सेक्रेटरी को बदलने का मुद्दा उठाया। वहीं अन्य पंचायत प्रधानों ने भी अपनी समस्याएं रखीं।

### क्विज कंपटीशन में कार्तिक सौरव और आंचल रही प्रथम

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर के शारीरिक शिक्षा विभाग के द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के दूसरे दिन एक क्विज कंपटीशन करवाया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में खेलों के प्रति ज्ञान को परखना था। कार्यक्रम की मुख्यातिथि प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर रही तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता उप प्राचार्य डॉ. जितेंद्र ठाकुर ने की। क्विज मास्टर के रूप में प्रोफेसर राजीव ठाकुर ने विभिन्न टीमों से प्रश्न पूछे और प्रतियोगिता को रोमांचक बनाया।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 6 टीमों ने भाग लिया जिसमें शारीरिक शिक्षा विभाग के कार्तिक सौरव और आंचल प्रथम स्थान पर, कला संकाय से राशि अंजली और आंचल द्वितीय स्थान पर और एनसीसी से शिवेंद्र, दीक्षित और रुचि तीसरे स्थान पर रहे। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया। जितेंद्र ने विद्यार्थियों को खेलों में भविष्य से अवगत करवाया।

### विशेष बच्चों ने खेलों में लिया भाग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पहचान स्पेशल स्कूल हमीरपुर द्वारा स्पेशल ओलंपिक भारत चैप्टर हमीरपुर के सौजन्य से राष्ट्रीय खेल दिवस 2025, एक घंटा-खेल के मैदान में, का आयोजन अणु सिंथेटिक ग्राउंड हमीरपुर में धूमधाम से किया गया।

इस दौरान विशेष बच्चों ने 100 मीटर, 200 मीटर दौड़, चम्मच नींबू दौड़, लांग जम्प, टग वार और मैराथन में हिस्सा लिया। सभी विशेष बच्चों ने बढ़-चढ़कर खेलों में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बीके जितेंद्र सितलानी ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रकाश डाला।

**राहत** डॉक्टरों और अन्य स्टाफ के पद मंजूर होने की अधिसूचना जारी

# सीएचसी धनेटा में बैठेंगे पांच डॉक्टर

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** नादौन विधानसभा क्षेत्र के धनेटा वासियों के लिए एक और खुशखबरी है। पीएचसी के अपग्रेड होकर सीएचसी यानि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनने के बाद अब प्रदेश सरकार ने 5 डॉक्टरों सहित स्टाफ के कुल 12 पद भी मंजूर कर दिए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू जी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की सचिव एम. सुधा ने पद स्वीकृत करवाकर शनिवार को अधिसूचना जारी कर दी।

धनेटा सीएचसी में 4 मेडिकल ऑफिसर, एक मेडिकल ऑफिसर डेंटल, 6 नर्स व एक क्लर्क सहित कुल 12 लोगों का स्टाफ होगा। पद स्वीकृत होने की अधिसूचना के बाद सीएचसी के लिए जल्दी डॉक्टरों व अन्य स्टाफ के ऑर्डर भी हो जाएंगे। इससे क्षेत्र व आसपास के लोगों को धनेटा में ही उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। गंभीर बीमारी की स्थिति में ही मरीज को बाहर जाना होगा, मौसमी व अन्य बीमारियों का इलाज धनेटा में ही संभव होगा।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में हुई थी घोषणा

**मुख्यमंत्री** कुछ माह पहले धनेटा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आए थे। जिसमें क्षेत्र के लोगों ने पीएचसी को अपग्रेड कर सीएचसी करने की मांग रखी थी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू जी ने कार्यक्रम से ही सीएचसी की घोषणा कर दी थी और एक दिन बाद उसकी अधिसूचना आ गई। अब मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्टाफ के पद भी मंजूर हो गए हैं।




### क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

**पूर्व** ब्लॉक अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी चंद, पूर्व कोषाध्यक्ष भारत भूषण कपिल, जगदीश चंद, रजनीश ठाकुर, कुलदीप कुमार (दीपू), संतोष, राजेंद्र ठाकुर, मीरा देवी, सुरेंद्र शर्मा, अमर लाल, बलबीर सिंह, सुनील शर्मा, बीना देवी, विशाल सिंह, मदनलाल, राजकुमार, विजय कुमार, सतीश शर्मा, तिलक राज, सरवन सिंह, मदन लाल, जोगिंद्र सिंह व सुनील दत्त ने इसके लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह जी का तहेदिल से आभार जताया है।

# हिम अकादमी स्कूल विकास नगर में मनाया ग्रीन कलर डे



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर में बाल वाटिका कक्षाओं के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि विद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर नैना लखनपाल रहीं तथा संयोजक के रूप में कंचन लखनपाल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत में ग्रीन कलर डे के आयोजन की शुरुआत नन्हे-मुन्नों के नृत्य और कविता पाठ से हुई।

प्राचार्य प्रो. नैना लखनपाल ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां न केवल सीखने को रोचक बनाती हैं, बल्कि सर्वांगीण विकास में भी सहायक सिद्ध होती हैं।

### आज होगा टेबल टेनिस टूर्नामेंट का शुभारंभ

**टेबल** टेनिस एसो. 31 अगस्त को ओपन टूर्नामेंट का आयोजन करने जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ सुबह 9 बजे हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकास नगर, हमीरपुर में किया जाएगा। टूर्नामेंट में अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15 और अंडर-17 वर्गों के खिलाड़ी भाग लेंगे। इवेंट की प्रविष्टि शुल्क 300 रुपए रखी गई है। समिति के अध्यक्ष इंजीनियर पंकज लखनपाल, सीनियर प्रेसीडेंट पूजा ढटवालिया, अरविंद ढटवालिया और भानु पराशर ने बताया कि इस टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य जिले में टेबल टेनिस खेल को नई दिशा देना है। संरक्षक डॉ. चंदन भारद्वाज, एग्जीक्यूटिव मेंबर पियूष शर्मा और कमल शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

### बैडमिंटन में 4 स्कूल के छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**हिम** अकादमी पब्लिक स्कूल, विकास नगर में शनिवार को हब्स ऑफ लर्निंग के अंतर्गत कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए इंटर-स्कूल साइंस क्विज एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। यह आयोजन विद्यार्थियों को बौद्धिक चुनौती एवं खेलकूद की उत्कृष्टता का मंच प्रदान करने वाला रहा। प्रतियोगिता में चार प्रतिष्ठित विद्यालयों, ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल जाहू, जवाहर नवोदय विद्यालय, डूंगरी, विनायक पब्लिक स्कूल लदरौर तथा हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकास नगर ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं 16 विद्यार्थियों ने साइंस क्विज में बुद्धिमत्ता का परिचय दिया। साइंस क्विज का संचालन कुशल मार्गदर्शन में हुआ जिसमें गरिमा शर्मा, शालिनी सहोत्रा एवं नेहा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य इंजीनियर नैना लखनपाल, प्राचार्य अकादमिक डॉ. हिमांशु तथा अकादमिक समन्वयक कंचन लखनपाल, विनीता गुप्ता और मनीषा मारवाह द्वारा पुष्पगुच्छ प्रदान कर आतिथ्य सत्कार से हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा का संगठन विराट और बलशाली : कटवाल

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल ने कहा कि भाजपा का संगठन विराट एवं बलशाली है, जबकि कांग्रेस पार्टी एक साल से बिना अध्यक्ष के चल रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी की कार्यकारिणी भी लंबे समय से भंग पड़ी है और आंतरिक कलह के कारण न तो नया अध्यक्ष चुना गया और न ही अन्य पदाधिकारी तय हो पाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में गुटबाजी चरम पर है। हाल ही में कांग्रेस कार्यालय में प्रभारी रजनी पाटिल की मौजूदगी में ही पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दो गुटों में बंटकर जमकर नारेबाजी की। मंच पर बैठे सह-प्रभारी चेतन चौहान सोनिया गांधी और राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे, जबकि पीछे से सीएम समर्थक सुक्खू के पक्ष में नारे लगाते रहे। विक्रमादित्य सिंह के समर्थकों ने भी शक्ति प्रदर्शन करते हुए अलग नारेबाजी की।

भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता भी पार्टी में घुटन महसूस कर रहे हैं। पूर्व वन एवं मत्स्य मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी ने हाल ही में कहा था कि पार्टी में अनदेखी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अपने हक की लड़ाई लड़ने के लिए वे किसी भी हद तक जाएंगे। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से दखल देने की मांग करते हुए आरोप लगाया था कि कुछ स्वयंभू नेता अधिकारियों पर दबाव बनाकर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर रहे हैं। इससे कार्यकर्ताओं का मनोबल टूट रहा है और पार्टी को नुकसान हो रहा है।

### कुल्लू में पेयजल परियोजनाओं की बहाली में तेजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शनिवार को जिला कुल्लू में जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ हाल ही में आई आपदा से प्रभावित पेयजल परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 708 जल योजनाओं में से 506 प्रभावित हुई थीं। विभाग के अधिकारी और कर्मचारी दिन-रात कार्यरत हैं, ताकि स्थानीय लोगों और पर्यटकों को जल्द राहत मिल सके। अब तक 432 योजनाएं आंशिक रूप से बहाल की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि शेष योजनाओं की बहाली का कार्य युद्धस्तर पर जारी है और सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक प्रभावित क्षेत्र में सामान्य जलापूर्ति जल्द से जल्द बहाल की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि आपदा की इस घड़ी में प्रदेश सरकार जनता के साथ खड़ी है और प्रभावित लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

### हिमाचल में एससी/एसटी विकास कानून की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक विकास को सुनिश्चित करने के लिए राज्य गठबंधन ने 28 अगस्त को शिमला में रैली और धरना आयोजित किया, जिसमें प्रदेश के 32 भागीदार संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। प्रतिनिधियों ने कहा कि वर्तमान में राज्य में इस समुदायों के लिए आवंटित बजट केवल 0.4 प्रतिशत रह गया है, जबकि 2018 में छात्रवृत्ति के घोटाले के बाद छात्रों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। राज्य गठबंधन ने मुख्यमंत्री और संबंधित मंत्रियों से मांग की कि 'पार्टी घोषणा पत्र' के वायदों के अनुसार हिमाचल प्रदेश में 'अनुसूचित जाति, जनजाति विकास निधि कानून' पारित किया जाए, ताकि कुल योजना बजट का अनुपातिक आवंटन सीधे इन समुदायों के विकास पर खर्च किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस कानून के लिए गठबंधन ने पिछले वर्षों में विधायकों और मुख्यमंत्री से कई दौर की बातचीत की और अधिनियम का प्रारूप तैयार कर सरकार को सौंपा, लेकिन अब तक कोई ठोस प्रगति नहीं हुई। रैली और धरने के माध्यम से प्रतिनिधियों ने राज्य सरकार पर दबाव डालते हुए प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में समान मांग के लिए कमेटियां बनाने और विधायकों के जरिए कानून पारित कराने की रणनीति की घोषणा की।

# स्कूलों-कॉलेजों में अगले सत्र से पढ़ाया जाएगा बागवानी विषय : शिक्षा मंत्री

## विद्यार्थियों को मिलेंगे वैज्ञानिक ज्ञान और स्वरोजगार के अवसर



वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय तथा हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता की।

इस बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रदेश के विद्यालयों और महाविद्यालयों में अगले शैक्षणिक सत्र से बागवानी को व्यावसायिक विषय के रूप में शामिल किया जाएगा।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि बागवानी क्षेत्र हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, जो फलोत्पादन के माध्यम से राज्य को मजबूत आधार प्रदान करता है। कक्षा 9वीं से 12वीं तक तथा उच्च शिक्षा स्तर पर बागवानी विषय को शामिल करने से विद्यार्थियों को वैज्ञानिक ज्ञान, व्यावहारिक कौशल और उद्यमशीलता की भावना विकसित करने का अवसर मिलेगा। इसके माध्यम से विद्यार्थी न केवल उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे, बल्कि फल उत्पादन, प्रसंस्करण, विपणन और संबद्ध उद्योगों में रोजगार और स्वरोजगार भी पा सकेंगे।

रोहित ठाकुर ने कहा कि विद्यालय स्तर पर ही बागवानी शिक्षा आरम्भ करने से बच्चों में खेती, पर्यावरण संरक्षण और राज्य की समृद्ध कृषि परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित होगी। हिमाचल की 90 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, ऐसे में यह विषय बच्चों को आधुनिक, लाभकारी और सम्मानजनक व्यवसाय अपनाने की दिशा में प्रेरित करेगा।

### कौशल आधारित शिक्षा से मजबूत होगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था

**शिक्षा** मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी रहा है और अब कौशल आधारित शिक्षा की दिशा में भी समान प्रतिबद्धता आवश्यक है। बागवानी विषय का समावेश कक्षा की पढ़ाई और व्यवहारिक अनुभव के बीच की दूरी कम करेगा तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देकर अन्य राज्यों के लिए उदाहरण बनेगा।

### भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार होगा पाठ्यक्रम

**शिक्षा** मंत्री ने मंत्रालय से आग्रह किया कि बागवानी का पाठ्यक्रम हिमाचल की विशिष्ट भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार तैयार किया जाए। उन्होंने शिक्षकों को कृत्रिम मेधा का प्रशिक्षण देने पर भी बल दिया, ताकि शिक्षा में आधुनिक तकनीकों को शामिल किया जा सके। इस अवसर पर राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद एनसीवीईटी की कार्यकारी सदस्य नीना पाहुजा ने प्रदेश को मंत्रालय की ओर से हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया और कहा कि परिषद हिमाचल के लिए उपयुक्त मॉड्यूल तैयार करने में मदद करेगी।


# चंडीगढ़-शिमला हाईवे के रखरखाव पर हाईकोर्ट ने एनएचएआई को दी चेतावनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने चंडीगढ़-शिमला राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-5 की खराब स्थिति को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की कड़ी आलोचना की है। अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि सड़क की मरम्मत और रखरखाव में तत्काल सुधार नहीं किए गए तो सनवारा प्लाजा पर टोल वसूली निलंबित की जा सकती है।

**हाईवे में मरम्मत सुधार नहीं किए तो सनवारा प्लाजा पर टोल वसूली होगी निलंबित**

मुख्य न्यायाधीश जीएस संधावालिया और न्यायमूर्ति रंजन शर्मा की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि यह राजमार्ग राज्य का जीवनरेखा है, लेकिन एनएचएआई इसकी हालत पर आंख मूंदकर बैठा है। अदालत ने परियोजना निदेशक द्वारा पेश हलफनामे पर भी असंतोष व्यक्त किया, जिसमें सड़क पर अतिक्रमण के दावों को गलत और भ्रामक बताया गया। न्यायालय ने पाया कि अतिक्रमण लगभग 200 मीटर तक फैला हुआ है, जबकि एनएचएआई ने केवल 50 मीटर का दावा किया था।




**18 सितंबर को एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी को किया तलब**

सुनवाई में यह भी सामने आया कि हाल ही में चक्की मोड़ पर बार-बार लगने वाले जाम के कारण सेब सीजन में राज्य की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ा। पांच किलोमीटर तक लगने वाले जाम में किसानों की फसल फंस गई और सड़ने का खतरा बढ़ गया। अदालत ने सोलन और आसपास के पुलों और ढांचागत निर्माण की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए और स्पष्ट किया कि इसमें खर्च हुई राशि का हिसाब देना होगा।

न्यायालय ने हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय के उस फैसले का उल्लेख किया जिसमें खराब रखरखाव वाले राजमार्ग पर टोल वसूली रोकने के आदेश दिए गए थे। पीठ ने कहा कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो हिमाचल प्रदेश में भी इसी तरह का आदेश जारी किया जा सकता है। अदालत ने एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी को 18 सितंबर को व्यक्तिगत रूप से पेश होकर विस्तृत योजना देने और अब तक वसूले गए टोल राजस्व का ब्यौरा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

# एचआरटीसी ने 2,250 यात्रियों की सुरक्षित वापसी की सुनिश्चित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि हिमाचल पथ परिवहन निगम ने भारी बारिश और भूस्खलन के कारण चंबा जिले के कलसुंई क्षेत्र में फंसे श्रद्धालुओं की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की है।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निगम ने कलसुंई से पठानकोट तक निशुल्क बस सेवा शुरू की थी। अब तक 36 बसों के माध्यम से लगभग 2,250 यात्रियों को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाया जा चुका है। आवश्यकतानुसार और बस सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर श्रद्धालु की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यात्रा के दौरान सुगम परिवहन और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने निगम कर्मचारियों की लगन और तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि सेवा भाव के साथ समय पर फंसे यात्रियों को सहायता प्रदान करने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है।

# चंबा में फंसे हजारों यात्रियों को निकाला सुरक्षित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- **मुख्य सचिव की समीक्षा बैठक में यात्रियों की सुरक्षित निकासी पर हुई चर्चा**
- **लंगेरा और चंबा-भरमौर सड़कों की बहाली**
- **लाहौल-स्पीति और कुल्लू-मनाली मार्गों की स्थिति में चल रहा सुधार**

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने शनिवार को उच्च अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में जानकारी दी कि चंबा में फंसे लगभग 6,000 यात्रियों को निजी बसों, एचआरटीसी बसों और टैक्सियों के माध्यम से सुरक्षित निकालकर नूरपुर और पठानकोट भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को चंबा के कलसुंई क्षेत्र से यात्रियों को निगम की बसों द्वारा पठानकोट भेजा गया। शनिवार को 20 बसें चलाई गईं, जिनमें 17 बसें पठानकोट और शेष कांगड़ा व देहरा के लिए रवाना की गईं। चंबा में 60 अतिरिक्त बसें तैनात की गई हैं, जिन्हें आवश्यकतानुसार उपयोग किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि भरमौर में लगभग 5,000 और चंबा चौगान में 500 यात्री अभी भी फंसे हुए हैं। ये सभी यात्री जम्मू-कश्मीर और आसपास के क्षेत्रों के निवासी हैं। उन्होंने कहा कि लंगेरा सड़क को बहाल करने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है और सड़क पूरी तरह बहाल होते ही यात्रियों को उनके गंतव्यों के लिए रवाना किया जाएगा। इसके साथ ही चंबा-भरमौर सड़क को कलसुंई और राजेरा तक बहाल कर दिया गया है। जोत सड़क को भी गेट तक यातायात के लिए खोल दिया गया है।

### लाहौल-स्पीति में पागल नाला वाहनों के लिए खोला

**लाहौल**-स्पीति में पागल नाला वाहनों के लिए खोल दिया गया है। इसके बाद काजा की ओर भारी वाहन चलना शुरू हो गए हैं और अटल टनल से चार तेल टैंकर केलंग भेजे गए हैं। रोहतांग दर्रे से होकर अलेओ सड़क को छोटे वाहनों के लिए खोल दिया गया है। निदेशक एवं विशेष सचिव आपदा प्रबंधन डीसी राणा ने बताया कि कुल्लू-मनाली सड़क को यातायात के लिए बहाल करने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। मनाली के लिए बाएं किनारे से सड़क खोली गई है और बंजार क्षेत्र में संचार सेवाएं बहाल कर दी गई हैं। रविवार से लाहौल में ट्रकों की आवाजाही शुरू कर दी जाएगी।

# जयराम बोले-कैग रिपोर्ट ने बताया सीएम सुक्खू के बजट बनाने के दावों का सच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- **केंद्र से बजट नहीं, सीएम सुक्खू में विजन की कमी**
- **केंद्र द्वारा भेजे 1024 करोड़ लौटाना प्रदेश के साथ अन्याय**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सदन में रखी गई 2023-24 की कैग रिपोर्ट ने सुक्खू सरकार की कलई खोल दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि रिपोर्ट से यह साफ हो गया है कि हिमाचल में केंद्र से बजट की कमी नहीं, बल्कि सरकार के कर्ताधर्ताओं में विजन की कमी है। केंद्र से मिले 1024 करोड़ रुपए अलग-अलग खातों में पड़े रहे, लेकिन उपयोग न होने के कारण वापस चले गए। जयराम ने इसे प्रदेश की जनता के साथ अन्याय करार दिया और कहा कि यह सरकार जनता और उसके हितों से पूरी तरह बेपरवाह है।



उन्होंने शिमला से जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री दावा करते हैं कि वे सबसे ज्यादा पढ़-लिखकर बजट प्रस्तुत करते हैं, लेकिन कैग रिपोर्ट ने इस दावे की सच्चाई उजागर कर दी है। रिपोर्ट बताती है कि मुख्यमंत्री ने 14 मामलों के लिए 711 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट पेश किया, जबकि उन्हीं मदों के लिए पहले से जारी मूल बजट भी खर्च नहीं हुआ। इतना ही नहीं, 40 परियोजनाओं के लिए जारी राशि से एक पाई भी नहीं खर्च की गई। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर मुख्यमंत्री बजट कितना पढ़ते हैं, क्या पढ़ते हैं और किससे पढ़ते हैं?

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि 2023-24 तक सरकार ने 2990 परियोजनाओं के लिए स्वीकृत 2795 करोड़ रुपए का उपयोगिता प्रमाणपत्र जमा ही नहीं कराया। इसका मतलब यह हुआ कि सरकार यह तक नहीं बता सकी कि इतनी बड़ी धनराशि कहां खर्च हुई। उन्होंने कहा कि 'व्यवस्था परिवर्तन' का नारा देने वाली सरकार ने वास्तव में प्रदेश में विकास की गति पर ब्रेक लगा दी है। जनता त्रस्त है और सरकार तथा उसके करीबी लोग मस्त हैं।

### मणिमहेश आपदा पर सरकार से सवाल

**जयराम** ने मणिमहेश में आई आपदा को लेकर भी सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया और प्रत्यक्षदर्शियों के वीडियो में दिख रहा है कि वहां जान-माल का नुकसान सरकार के आधिकारिक आंकड़ों से कहीं ज्यादा है। श्रद्धालु खुद आरोप लगा रहे हैं कि क्लाउडबर्स्ट से भारी तबाही हुई, लेकिन सरकार अब तक चुप है। राहत व पुनर्वास के दावों को भी मौके पर मौजूद लोग झुठला रहे हैं। बिजली और संचार व्यवस्था ठप होने से सही तस्वीर सामने नहीं आ पा रही। जयराम ने मांग की कि मुख्यमंत्री स्वयं स्थिति स्पष्ट करें और श्रद्धालुओं के आरोपों का जवाब दें।

# गाली देने वाली पार्टी बनी कांग्रेस : राजीव बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर भारी कुंठा का शिकार हो चुकी है। जिस पार्टी ने 400 से अधिक सीटें लेकर लगातार 60 साल तक सत्ता चलाई, आज वही जनता के द्वारा बार-बार नकारी जा रही है। कई राज्यों में कांग्रेस दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पा रही है। इसी छटपटाहट के कारण कांग्रेस नेताओं का संविधानिक संस्थाओं को देश और विदेश में गाली देना आम हो गया है, जो राहुल गांधी की आदत बन चुकी है।



डॉ. बिंदल ने कहा कि चुनाव आयोग ने दशकों तक चुनाव संपन्न करवाए और कांग्रेस की ही सरकारें बनाईं, तब वह राहुल गांधी को निष्पक्ष दिखता था, लेकिन जब किसी अन्य पार्टी की सरकार बनती है तो वही आयोग उनके लिए निकम्मा हो जाता है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार बनी तो आयोग सही था, पर हरियाणा और महाराष्ट्र में जब कांग्रेस सत्ता से बाहर रही तो आयोग की कार्यप्रणाली पर प्रश्न उठाए गए। बिंदल ने इसे कांग्रेस का दोहरा मापदंड बताया।

डॉ. बिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रति लगातार अपशब्दों का प्रयोग करना, यहां तक कि उनकी माता पर भी आपत्तिजनक टिप्पणी करना अक्षम्य अपराध है। राहुल गांधी के मंचों से कांग्रेसी नेता जिस तरह शब्दों की मर्यादा तोड़ते हैं, वह देश की जनता कभी क्षमा नहीं करेगी।

उन्होंने कहा कि घुसपैठियों को वोटर सूची में शामिल कराना और उन्हें वोट का अधिकार देना राष्ट्रहित के खिलाफ है। देश की संपत्ति और संसाधनों का दुरुपयोग करने वाले घुसपैठियों का संरक्षण करना कांग्रेस की असली तस्वीर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बिहार में झूठा नैरेटिव गढ़कर अपनी खीज निकालने की कोशिश कर रही है।

# जोगिंद्रनगर में बस-ट्रक की टक्कर पांच लोग घायल, दो घंटे लगा जाम

**अभिषेक, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर के गुरुद्वारा चौक के पास शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा पेश आया, जब मंडी से आ रही बस और मंडी की ओर जा रहा ट्रक आमने-सामने से टकरा गए। इस भीषण टक्कर में बस में सवार 15 यात्रियों में से पांच लोग घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर पहुंचाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार चल रहा है।



जोगिंद्रनगर में बस और ट्रक के बीच भिड़ंत की तस्वीर।

घायलों की पहचान किरण (54) निवासी पालमपुर, सोनी ठाकुर (26) निवासी हराबाग, रेखा (42) निवासी कस, ललित (53) निवासी मंडी और शालूनी (36) निवासी जोगिंद्रनगर के रूप में हुई है। चिकित्सकों के अनुसार सभी की हालत स्थिर है और खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस की ब्रेक अचानक फेल हो गई थी, जिसके चलते चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और बस ट्रक से जा टकराई। वहीं, ट्रक चालक पवन कुमार की होशियारी से बड़ा हादसा टल गया। उन्होंने ट्रक को सड़क से हटाकर बस को जोरदार टक्कर से बचाने की कोशिश की, जिससे स्थिति और भयावह नहीं हुई। इस दुर्घटना के बाद जोगिंद्रनगर शहर में लगभग दो घंटे तक लंबा जाम लगा रहा। बाजार और मुख्य सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाने और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में सहयोग किया।

पुलिस ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में बस की ब्रेक फेल होना सामने आया है। वाहन चालकों और गवाहों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। इस घटना ने एक बार फिर से सड़कों की सुरक्षा व्यवस्था और वाहनों की तकनीकी जांच को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि परिवहन विभाग समय-समय पर सार्वजनिक वाहनों की सख्ती से जांच करे ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# राष्ट्रीय आपदा पर हिमाचल सरकार के घड़ियाली आंसू : अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान, शिमला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा राज्य की प्राकृतिक आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित किए जाने के प्रयास को दिखावा और घड़ियाली आंसू बहाने की संज्ञा दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी उन उपायों की अनदेखी कर रही है, जिन्हें उसने खुद 2013 में समाप्त कर दिया था।



उन्होंने बताया कि 2013 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए-2 सरकार ने प्राकृतिक आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का प्रावधान खत्म कर दिया था। उन्होंने संसद में तत्कालीन केंद्रीय गृह राज्य मंत्री मुल्लापल्ली रामचंद्रन के बयान का हवाला दिया, जिसमें यह स्पष्ट किया गया था कि कोई भी प्राकृतिक आपदा अब राष्ट्रीय आपदा घोषित नहीं की जा सकती। ठाकुर ने सवाल उठाया कि जब यह प्रावधान कांग्रेस ने ही खत्म किया था, तो आज वे हिमाचल की आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग क्यों कर रहे हैं। मोदी सरकार ने पिछले 11 वर्षों में एसडीआरएफ और एनडीआरएफ में कांग्रेस सरकार के मुकाबले 3 गुना और 5 गुना अधिक आर्थिक मदद दी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्य के प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लिया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के निर्देश पर एक केंद्रीय टीम हिमाचल प्रदेश में आपदाओं की बढ़ती तीव्रता का अध्ययन करेगी और दीर्घकालिक समाधान सुझाएगी। ठाकुर ने यह भी कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से पीड़ितों की मदद कर रहे हैं और आगे भी प्रयास जारी रखेंगे।

**सर्वे**

## सेब उत्पादक समिति ने किया दौरा, मंडियों की बदहाल स्थिति पर जताई चिंता

# कांग्रेस सरकार की नाकामी से बागवान बेहाल : बलवीर

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

- **सर्वेक्षण रिपोर्ट सौंपेगी भाजपा नेतृत्व को, बागवानों की समस्याओं को उठाने का किए संकल्प**

**शिमला।** हिमाचल की बागवानी अर्थव्यवस्था इस समय गहरे संकट से जूझ रही है। सेब सीजन के बीच बागवानों को अपनी उपज औने-पौने दाम पर बेचनी पड़ रही है और मंडियों में अव्यवस्था से उनका नुकसान लगातार बढ़ रहा है। इस हालात को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी की सेब उत्पादक समिति ने प्रदेश के विभिन्न मंडियों का दौरा किया और सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया।

समिति ने पराला मंडी, शिलारू फल मंडी और ओड्डी स्थित एचपीएमसी स्टोर का निरीक्षण किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं चौपाल विधायक बलवीर वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज, समिति सदस्य चेतन बरागटा, जिलाध्यक्ष अरुण फाल्टा, पूर्व चेयरमैन एपीएमसी शिमला नरेश शर्मा और अजय श्याम भी उपस्थित रहे।



भाजपा सेब उत्पादक समिति, प्रदेश की विभिन्न सेब मंडियों का दौरा करती हुई।

भाजपा सेब उत्पादक समिति ने पाया कि इस बार सेब के दामों में भारी गिरावट आई है और बागवानों को अपनी फसल औने-पौने दाम पर बेचने या नष्ट करने की नौबत आ रही है। समिति ने कहा कि कांग्रेस सरकार का चुनाव पूर्व वादा कि बागवान अपने सेब का दाम स्वयं तय करेंगे, केवल कागज़ी घोषणा साबित हुआ है। एचपीएमसी ने समय पर कलेक्शन सेंटर नहीं खोले और हिमफैड ने खरीद बंद कर दी, जिससे बागवानों को और गहरे संकट का सामना करना पड़ रहा है।

भाजपा उपाध्यक्ष बलवीर वर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार की प्राथमिकताओं में बागवान कहीं दिखाई नहीं देते। उन्होंने घोषणा की कि पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर की अध्यक्षता में समिति विस्तृत सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार कर भाजपा नेतृत्व को सौंपेगी। साथ ही मंडियों में हो रही धांधलियों की जानकारी भी पार्टी हाईकमान को दी जाएगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राष्ट्रीय उच्च मार्गों और ग्रामीण लिंक रोड़ों की स्थिति दयनीय है। केंद्र से धन मिलने के बावजूद सरकार धरातल पर काम नहीं कर पा रही है, जिससे बागवान अपनी उपज मंडियों तक समय पर नहीं पहुंचा पा रहे।

### मंडियों की दुर्दशा और कांग्रेस की बेरुखी : चेतन बरागटा

**भाजपा** नेता चेतन बरागटा ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने बागवानों की सुविधा के लिए प्रदेशभर में मंडियों का निर्माण करवाया था, लेकिन मौजूदा कांग्रेस सरकार के मंत्री और विधायक न तो इन मंडियों का दौरा कर रहे हैं और न ही बागवानों की समस्याओं पर ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर क्यों बागवानों को अव्यवस्था और असुविधा झेलनी पड़ रही है?

### भाजपा ने दोहराया संकल्प

**समिति** ने साफ किया कि भाजपा आने वाले समय में बागवानों की आवाज को और मजबूती से उठाएगी और किसानों के हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी।

# संस्कृत कॉलेज के कर्मियों को मिलेगा लाभ : हाईकोर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल हाईकोर्ट ने सरकारी आदेश को रद्द कर दिया है। इसके तहत, हिमाचल प्रदेश के एक संस्कृत महाविद्यालय के कर्मचारियों को 2021 से बकाया वेतन और अन्य लाभों के साथ स्थायी करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा, राज्य सरकार पर 25,000 का जुर्माना भी लगाया गया है।

उच्च न्यायालय ने सरस्वती संस्कृत महाविद्यालय, डांगर, बिलासपुर के कर्मचारियों के एकीकरण से इनकार करने वाले सरकारी आदेश को रद्द कर दिया है। न्यायालय ने आदेश दिया है कि इन कर्मचारियों को 17 जून, 2021 से पिछली तिथि के प्रभाव से सेवा में लिया जाए और उन्हें सभी बकाया लाभ प्रदान किए जाएं। न्यायमूर्ति संदीप शर्मा ने कर्मचारियों की याचिका को स्वीकार करते हुए पाया कि सरकार ने 1994 की एक अधिसूचना के खंड 7 की गलत व्याख्या की थी। इस खंड के अनुसार, कर्मचारियों को अधिग्रहण के लाभों का अधिकार था।

## न्यूज ब्रीफ

### लंज कॉलेज में करवाया योगाभ्यास

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय लंज में संकाय सदस्यों की ओर से योगाभ्यास का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना था, बल्कि मानसिक संतुलन, तनाव प्रबंधन और एकाग्रता को भी बढ़ावा देना था। योगाभ्यास में प्राणायाम, ध्यान, असनों और स्ट्रेचिंग तकनीकों को शामिल किया गया, जिससे शारीरिक लचीलापन, मांसपेशियों की मजबूती और सहनशक्ति में सुधार हुआ। प्रधानाचार्य डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि आधुनिक शैक्षिक जीवन में मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का सामंजस्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। नियमित योगाभ्यास से न केवल शारीरिक रोगों से बचाव होता है।

### विधायक से मिला बड़ा भंगाल का प्रतिनिधिमंडल



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बड़ा भंगाल पंचायत में आई रावी नदी में बाढ़ को लेकर बड़ा भंगाल का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधान मनसा राम भंगालिया के नेतृत्व में शनिवार को बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने सरकार द्वारा किए जा रहे राहत कार्य पर संतोष जताया तथा इन्हें और अधिक गति देने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल में मस्तानू राम, महाजन सिंह, नारायण सिंह, प्रकाश भंगालिया, हेमराज, सुभाष चंद, चमारु राम भंगालिया, संजय कुमार आदि भी मौजूद रहे।

### अभिभावक-अध्यापक संघ की बैठक अब 6 को

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पंडित संतराम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में अभिभावक-अध्यापक संघ (पीटीए) की आम सभा का आयोजन पूर्व निर्धारित तिथि 23 अगस्त को होना था, लेकिन निर्धारित संख्या पूरी न होने के कारण नई कार्यकारिणी का गठन स्थगित कर दिया गया था। अब यह बैठक 6 सितंबर (शनिवार) दोपहर 2 बजे महाविद्यालय के सभागार में आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नई पीटीए कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। यह जानकारी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कौंडल ने दी।

### जेबीटी शिक्षक अर्चना सिपेहिया हुई सेवानिवृत्त



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** शिक्षा खंड रैत के तहत कार्यरत जेबीटी अर्चना सिपेहिया 39 साल सेवाएं देकर राजकीय प्राथमिक पाठशाला बंडी से सेवानिवृत्त हुई। रैत शिक्षा खंड के शिक्षकों द्वारा आयोजित विदाई समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी मिंटो देवी और प्राथमिक शिक्षक संघ के खंड प्रधान दलजीत पठानिया महासचिव तिलक ठाकुर और रिटारमेंट कमेटी के अध्यक्ष राकेश शर्मा ने जेबीटी अर्चना सपेहिया को बधाई दी। इस दौरान केंद्र मुख्य शिक्षक ममता देवी, सुशील धीमान, जगीर सिंह, सुरेश कुमार, हेमराम, रेखा देवी, सुमन देवी, निशा कुमारी आदि मौजूद रहे।

### आज होगा हृदय, शुगर मरीजों का चेकअप

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** ज्ञान मेडिकल सेंटर लोअर लंबागांव के डॉ. मिथुन शर्मा ने बताया कि रविवार को एपेक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल धर्मशाला के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित वर्मा मरीजों का चेकअप करेंगे। हृदय रोग, शुगर, ब्लड प्रेशर, दमा इत्यादि के रोगी परामर्श का लाभ ले सकते हैं।

# विषय और चैप्टर आधारित होगा कंपीटेंसी बेस्ड प्रश्न बैंक

## पाठ्यक्रम की पढ़ाई के साथ विद्यार्थियों का सामान्य ज्ञान भी बढ़ेगा

राजेश कुमार। अनंत ज्ञान

- 9वीं से 12वीं के स्कूलों के सभी शिक्षक होंगे प्रशिक्षित
- सितंबर के अंत तक वेबसाइट पर अपलोड होगा प्रश्न बैंक
- बच्चों का सामान्य ज्ञान विकसित करने पर फोकस

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड विषय और चैप्टर आधारित कंपीटेंसी बेस्ड प्रश्न बैंक तैयार करेगा। इससे बच्चे पाठयक्रम की पढ़ाई के साथ-साथ सामान्य ज्ञान भी बढ़ा पाएंगे, क्योंकि इसमें पाठयक्रम के साथ बच्चों का सामान्य ज्ञान विकसित करने पर भी फोकस किया जाएगा।

बोर्ड में कंपीटेंसी बेस्ड प्रश्न बैंक तैयार करने पर हुए मंथन में प्रदेशरभर के 180 शिक्षकों ने भाग लिया। प्रदेश के 9वीं से 12वीं तक के हर स्कूल के शिक्षकों को इस बारे प्रशिक्षित किया जाएगा। स्कूली बच्चे पढ़ाई के साथ सामान्य ज्ञान में वृद्धि करके प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए पारंगत हो सकेंगे। इसके लिए बोर्ड ने मास्टर 180 ट्रेनर तैयार कर दिए हैं, जो कि अब प्रदेश के हर सरकारी व निजी स्कूल में अन्य शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे। बोर्ड का कहना है कि प्रश्न बैंक में विषयों सहित चैप्टर आधारित प्रश्न होंगे।

बच्चे पाठ्यक्रम की पढ़ाई के साथ सामान्य ज्ञान से भी रू-ब-रू हों, उसके लिए इसमें जीके के प्रश्न भी शामिल किए जाएंगे। बोर्ड प्रशासन की मानें तो कंपीटेंसी बेस्ड प्रश्न बैंक के तहत तैयार किए जाने वाले प्रश्नों को सितंबर माह के अंत तक बोर्ड वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा।



**कंपीटेंसी** बेस्ड प्रश्न बैंक में विषय व चैप्टर आधारित प्रश्न शामिल होंगे, जिनमें पाठयक्रम सहित सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्नों को भी शामिल किया जाएगा। इससे बच्चे नियमित पढ़ाई के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी तैयार हो सकेंगे।
**-डॉ. राजेश शर्मा, चेयरमैन, स्कूल शिक्षा बोर्ड।**

## इंडोर स्टेडियम में नहीं होने देंगे वॉलीबाल गेम्स: वीरेंद्र

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

- बैडमिंटन क्लब धर्मशाला ने जताया विरोध

**स्पोर्ट्स** सिटी धर्मशाला के इंडोर स्टेडियम में वॉलीबाल खेल को शुरू करने की कवायद के बीच विरोध शुरू हो गया है। शनिवार को धर्मशाला बैडमिंटन क्लब के सदस्यों ने इंडोर स्टेडियम में एकत्रित होकर इसका विरोध किया, साथ ही जिला खेल अधिकारी से बैठक करके अपना पक्ष भी रखा।

बैडमिंटन क्लब धर्मशाला के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने कहा कि इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन, ताईक्वांडो, टेबल टेनिस सहित कबड्डी गेम्स चल रही हैं। उन्होंने कहा कि वॉलीबाल गेम्स का आयोजन इंडोर स्टेडियम में संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि साई हॉस्टल के प्रभारी ने कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसद के समक्ष इंडोर स्टेडियम में वॉलीबाल गेम को शामिल करने की प्रपोजल रखी है। जिला खेल अधिकारी के साथ भी बैडमिंटन क्लब के सदस्यों ने बैठक की है। हाल ही में बैडमिंटन हाल की रेनोवेशन की गई है। उन्होंने बताया कि सुबह भी कुछ बच्चे इंडोर में वॉलीबाल खेल रहे थे और ताजा किए गए पेंट के साथ वॉलीबाल चिपक गया था। इंडोर स्टेडियम में चल रही गेम्स के अलावा अन्य गेम को शामिल करने का प्रयास किया गया तो इसका विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कई बार धर्मशाला में बड़े आयोजनों के दौरान भी इंडोर स्टेडियम में ठहराव की व्यवस्था की जाती है, जबकि यह भवन खिलाड़ियों और खेलों के लिए बना है, जिसमें पहले से चार गेम्स चल रही हैं। वीरेंद्र ने कहा कि इंडोर स्टेडियम में वॉलीबाल को एंटर नहीं होने देंगे, इसके बावजूद इसे शुरू किया जाता है, तो पुरजोर विरोध किया जाएगा।

## केंद्र का हिमाचल से सौतेला व्यवहार: मल्ली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला।** प्रदेश सरकार में मनोनीत निदेशक पुनीत मल्ली ने भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा में केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। हिमाचल के सातों भाजपा सांसद व केंद्र अब तक पीड़ित परिवारों के जख्मों पर मरहम लगाने में नाकाम रहा है। प्रदेश की जनता भाजपा को कतई माफ नहीं करेगी। आपदा से अब तक प्रदेश में 15000 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हो चुका है, लेकिन विशेष राहत पैकेज के नाम पर केंद्र सरकार ने फूटी कौड़ी नहीं दी। 2023 का पीडीएनए यानी पोस्ट डिजास्टर नीड असेसमेंट के दस हजार करोड़ रुपए में से भी एक पैसा नहीं दिया। एनडीआरएफ व एसडीआरएफ का फंड तो हर वर्ष ही राज्य सरकारों को पूरे देश मे मिलता है, चाहे आपदा आए या नहीं। 2023 में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का आकलन केंद्र सरकार की टीमों ने ही किया था, बावजूद इसके कोई राहत पैकेज नहीं दिया गया।

## कुपोषण के खात्मे के लिए मिलकर करना होगा काम: एडीसी

### 12 सितंबर से 11 अक्तूबर तक मनाया जाएगा पोषण माह



एडीसी कांगड़ा विनय कुमार की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय बैठक।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**पोषण** माह के तहत कांगड़ा जिले में विविध गतिविधियों को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने के लिए शनिवार को एडीसी कांगड़ा विनय कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक हुई। बैठक में 12 सितंबर से 11 अक्तूबर तक चलने वाले पोषण माह को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

एडीसी ने कहा कि समाज और देश के बेहतर भविष्य के लिए हम सबको कुपोषण को जड़ से मिटाने के लिए काम करना होगा। कुपोषण मुक्त समाज के निर्माण के लिये आवश्यक है कि सभी विभाग अपने स्तर पर समन्वित प्रयास करें। उन्होंने सभी विभागों को इसके लिए साथ मिलकर काम करने के निर्देश दिए, और पोषण के बारे में आम समाज के बीच जागरूकता फैलाना पर भी जोर दिया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को इस दौरान छह वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं तथा किशोर लड़कियों में कुपोषण और एनीमिया से निपटने के लिए व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोषण माह के दौरान उच्च शिक्षा संस्थानों में वाद-विवाद एवं मैराथन जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनका मुख्य विषय पोषण रहेगा।

## युवाओं को सही समय पर नशे से रोकना आवश्यक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** युवाओं को सही समय पर नशे से रोकना अत्यंत आवश्यक है। समय रहते उन्हें जागरूक करने से, वे इस बुरी लत का शिकार होने से बच सकते हैं। यह बात एडीसी विनय कुमार शनिवार को एनआईसी सभागार धर्मशाला में आयोजित राष्ट्रीय नार्को समन्वय पोर्टल (एनकॉर्ड) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। एडीसी ने सभी विभागों को नशा मुक्ति अभियान को जन आंदोलन बनाने के लिए संयुक्त प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वीर बहादुर और एडीएम शिल्पी बेक्टा भी उपस्थित रहीं। नशामुक्त समाज ही स्वस्थ, सक्षम और समृद्ध समाज की नींव रख सकता है। नशे की रोकथाम के लिए एक पूरी तरह समर्पित जागरूकता अभियान जिले में चलाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग और गैर सरकारी संस्थाएं मिलकर जागरुकता सामग्री तैयार करें। उन्होंने इस क्षेत्र में काम कर रही गैर सरकारी संस्थाओं को इस बारे में विस्तृत परियोजना बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीएम शिल्पी बेक्टा ने संवाद (एसएएमवीएएडी -सिस्टेमैटिक अडोलसेंट मैनेजमेंट एंड वेल्यू एडीशन डायलॉग) कार्यक्रम के बेहतर कार्यान्वयन पर जोर दिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वीर बहादुर ने कहा कि जिले में नशे के कारोबार को नियंत्रित करने और युवा को इससे बाहर निकालने के लिए सबकी सहभागिता आवश्यक है। नशे की जाल में फंस चुके युवा तथा उनके परिवार इसकी जानकारी पुलिस प्रशासन को बिना किसी झिझक के दें। पुलिस उनको इससे बचाने और नशे के कारोबार को नियंत्रित करने में पूर्ण सहयोग करेगी।

## मूर्ति पर कालिख पोतने की शिकायत



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पंचरुखी के सलियाना में बने हनुमान मंदिर में बुधवार को किसी शरारती तत्व ने हनुमान की मूर्ति में कालिख पोत दी थी। इसको लेकर हिंदू संगठन के लोगों ने पंचरुखी थाना में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ शिकायत पत्र दिया। भाजपा संगठनात्मक जिला पालमपुर के महामंत्री राजेश राणु ने कहा कि जिस भी शख्स से हनुमान की मूर्ति में कालिख पोती है, हिंदू संगठन इसकी घोर निंदा करता है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि ऐसा घिनौना कृत्य करने वाले लोगों को शीघ्र पकड़ कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, ताकि हिंदू धर्म की आस्था के साथ कोई ऐसा कार्य न करे। इस दौरान पर पंचरुखी भाजपा मंडलाध्यक्षा ऊषा राणा, सुभाष त्यागी, स्वरूप डोगरा, शगुन धीमान व बहुत सारे लोग मौजूद रहे।

## पदोन्नति सूची जल्द जारी की जाए वरना होगा प्रदर्शन

राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान

- प्रदेश के 900 स्कूलों में मुखिया नहीं: सिकंदर

**डरोह।** प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला कांगड़ा के अध्यक्ष सिकंदर मिन्हास, महासचिव बलजीत सिंह अटवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार, वित्त सचिव तिलक राज राणा, समस्त उपमंडल अध्यक्ष एवं सचिवों ने संयुक्त बयान में कहा कि प्रदेशभर में लगभग 900 के करीब विद्यालय मुखिया विहीन हैं। पिछले दो साल से पदोन्नति सूची लंबित है। पदोन्नति फाइल लगातार लोक सेवा आयोग से सचिवालय एवं निदेशालय के चक्कर काट रही है और प्रवक्ता साथी इसी गणना में उलझे हैं कि दो चार दिन में पदोन्नति सूची सार्वजनिक होने वाली है।

इसी उधेड़बुन में उलझे प्रवक्ता साथी 25 अगस्त को फिर शून्य प्रक्रिया में आ गए, जब अतिरिक्त निदेशक द्वारा शिक्षा सचिव के आदेशानुसार प्रवक्ताओं से संशोधित पैनल के बहाने पुन: प्रारूप भरकर सूचना प्रदान करने का तुगलकी फरमान जारी किया। इन आदेशों की हास्यास्पद बात यह कि इसी प्रारूप को पहले तीन बार प्रवक्ताओं द्वारा भरकर भेजा जा चुका है, यह चौथी बार है। यदि विभाग ने संशोधित पैनल के अंतर्गत सूचना एकत्रित करनी ही है तो सिर्फ उन्हीं प्रवक्ताओं से सूचना प्राप्त करो, जो पदोन्नति सूची में नए जुड़ने हैं। क्यों बार-बार वरिष्ठ प्रवक्ताओं की भावनाओं से खिलवाड़ किया जा रहा है। कुछ प्रवक्ता पदोन्नति की राह ताकते सेवानिवृत्त हो गए हैं और कुछ सेवानिवृत्ति की दहलीज पर खड़े हैं। प्रवक्ता संघ सरकार, शिक्षा सचिव एवं शिक्षा निदेशक से अनुरोध करता है कि जो सूची वर्तमान में उपलब्ध है उसे अविलंब जारी किया जाए एवं संशोधित पैनल के तहत जो प्रवक्ता पात्र पाए जाते हैं उनकी बाद में अनुपूरक सूची जारी की जाए। पदोन्नति सूची को लंबित करने के लिए नित बहाने न तलाश कर, इसे अविलंब जारी करें। ऐसा नहीं हुआ तो उग्र प्रदर्शन को विवश हो जाएं।

## 'न्यूअस' धर्मशाला ने की पांचवीं उज्जवल भविष्य स्कॉलरशिप की घोषणा

- अलग-अलग कैटेगिरी के लिए राशि निर्धारित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** न्यूअस धर्मशाला ने पांचवीं उज्जवल भविष्य स्कॉलरशिप (यूबीएस) की घोषणा की है। इस स्कॉलरशिप का उद्देश्य योग्य एवं पात्र छात्रों को शिक्षा में आर्थिक सहयोग प्रदान करना है, ताकि वे आधुनिक आईटी करियर कार्यक्रमों से लाभ उठाकर उद्योग में अपनी मजबूत पहचान बना सकें। न्यूअस के एमडी दिनेश शर्मा व एचओसी नवनीत चंदेल ने प्रेसवार्ता में कहा कि पिछले 27 साल में 10,000 से अधिक छात्रों ने इस स्कॉलरशिप का लाभ उठाया है और आज विभिन्न आईटी उद्योगों में सफलतापूर्वक कार्यरत हैं। इस वर्ष आयोजित 5वीं यूबीएस का लक्ष्य बढ़ती डिमांड और स्किल्ड प्रोफेशनल्स की सप्लाई के बीच संतुलन स्थापित करना है। यह स्कॉलरशिप 10वीं, जमा दो एवं एप्टीट्यूड टेस्ट (पहला राउंड-18 सितंबर) के आधार पर दी जाएगी। जैड कैटेगरी में ट्यूशन फीस पूर्णत:माफ, केवल 5,000 रुपए + जीएसटी एडमिशन फीस, ए कैटेगिरी में 1.5 वर्ष के कार्यक्रम के लिए 75,000 रुपए तक की स्कॉलरशिप, बी कैटेगिरी में 50,000 स्कॉलरशिप और सी कैटेगिरी में 35,000 रुपए की स्कॉलरशिप रहेगी। 1 वर्ष एवं 6 महीने के कार्यक्रमों के लिए भी ए, बी व सी कैटेगरी के अंतर्गत अलग-अलग स्कॉलरशिप राशि निर्धारित है।

## जनता का पैसा लुटाया जा रहा है, देना होगा पूरा हिसाब: कल्याण

अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला

**हिमाचल** प्रदेश आम आदमी पार्टी ने कैग की 2023-24 की राज्य वित्त ऑडिट रिपोर्ट के चौंकाने वाले खुलासों पर प्रतिक्रिया व्यक्ति की है। 'आप' की ओर से कल्याण भंडारी ने प्रेस ब्यान में कहा कि यह रिपोर्ट कांग्रेस सरकार की नाकामी, भ्रष्टाचार और गैर-जिम्मेदाराना नीतियों का नंगा प्रमाण है, जो राज्य को कर्ज के गहरे गड्ढे में धकेल रही है।

95,632.96 करोड़ रुपए की कुल देयताएं, जो जीएसडीपी का 43.98 फीसदी से अधिक है और 11,265.73 करोड़ रुपए का राजकोषीय घाटा साफ दर्शाता है कि सरकार ने हिमाचल को दिवालियापन की कगार पर ला खड़ा किया है।

ब्याज भुगतान में 16.98 फीसदी की भारी वृद्धि और राजस्व घाटा 5,558.59 करोड़ रुपए तक पहुंचना आम जनता पर बढ़ते करों, महंगाई और कटौतियों का सीधा बोझ है। यह सब कांग्रेस की लोकलुभावन योजनाओं और भ्रष्ट तंत्र की देन है। 94.35 करोड़ रुपयों का व्यय बिना किसी बजट प्रावधान के किया गया, जोकि संवैधानिक उल्लंघन ही नहीं, बल्कि जनता के पैसे की खुली लूट है। 2,990 उपयोगिता प्रमाणपत्र लंबित हैं, जिनमें 2,795.23 करोड़ रुपए की राशि फंसी है और 2023-24 के 1,342 प्रमाणपत्रों में 1,744.60 करोड़ रुपए शामिल - यह पैसा कहां गया, सरकार क्यों चुप है। क्या यह भ्रष्टाचार छिपाने की साजिश है? अनुपूरक अनुदान में 711 करोड़ रुपए अनावश्यक और 1,318 करोड़ रुपए अपर्याप्त होने से बजट प्रक्रिया को खिलौना बना दिया गया है। एसडीआरएफ बैलेंस का 55.55 करोड़ निवेश नहीं किया गया, जिससे आपदा प्रबंधन कमजोर हुआ और वनरोपण फंड में 6.51 करोड़ का डायवर्जन, यहां तक कि जंगलों में पहले से मौजूद घने वनों में पौधरोपण दिखाकर घोटाला किया गया। हिमाचल की जनता अब इस लुटेरे शासन का हिसाब मांगेगी, विकास के नाम पर कर्ज का बोझ थोपना बंद हो, वरना जनता सड़कों पर उतरेगी।

## टिपरी गांव में घर पर अकेली बहनों पर हमला, एक की हालत गंभीर

### पड़ोसी ने किया हमला, पुलिस ने करवाया पीड़ितों का मेडिकल

अमन राणा, अनंत ज्ञान

**भडवार।** पुलिस थाना डमटाल के तहत टिपरी (लोधवां) गांव से एक हैरान कर देने वाली वारदात सामने आई है। यहां घर पर अकेली दो बहनों पर पड़ोसियों ने हमला कर दिया। हमले में दोनों बहनों को गंभीर चोटें आई हैं, जिनमें छोटी बहन की हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, गांव टिपरी निवासी सुभाष सिंह पिछले लगभग दस साल से दोनों किडनियों के खराब होने के चलते गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं।

बीते कुछ दिनों से उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें सिविल अस्पताल नूरपुर में भर्ती किया गया था। इसी दौरान उनकी दो बेटियां खुशदीप (20 वर्ष) और काजल (17 वर्ष) घर पर अकेली थीं। इसी बीच पड़ोसी राज कुमार (50), पत्नी पिंकी (47) और बेटा साहिल (28) ने अचानक घर में घुसकर दोनों लड़कियों पर हमला बोल दिया। हमले में दोनों बहनों को गंभीर चोटें आईं। काजल की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। वह अभी भी सिविल अस्पताल नूरपुर में उपचाराधीन है और लगातार नाक से खून बह रहा है। डीएसपी इंदौरा कुलदीप यादव ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों युवतियों का मेडिकल करवा लिया है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि चूंकि पीड़ितों में से एक नाबालिग है, इसलिए पुलिस इस मामले में सख्त कार्रवाई करेगी।

## दियोग्रां में मकान क्षतिग्रस्त, प्रशासन ने दी फौरी राहत

**अजय पाल, अनंत ज्ञान,** पालमपुर। तहसील पंचरुखी की दियोग्रां पंचायत के होल्शु गांव की रहने वाली मंगला देवी पत्नी भागी राम का मकान भारी बरसात के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था। इस आपदा के बाद उन्हें तत्काल मदद पहुंचाने के लिए तहसील प्रशासन ने पहल की। तहसील पंचरुखी के फील्ड व ऑफिस कानूनगो अजय कुमार और पटवार वृत्त धाड़ के पटवारी कुलदीप राणा ने मंगला देवी को फौरी राहत के तौर पर 7,000 रुपए की नकद सहायता प्रदान की।

**सरोकार** बरसात से प्रभावित परिवारों के मकानों का लिया जायजा और दिया आर्थिक सहयोग

## विपदा में जसवां-परागपुर वासियों का सहारा बने संजय पराशर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला



पराशर और उनकी टीम ने कूहना, अलोह व दोदू राजपूतां गांवों में जाकर क्षेत्रवासियों से बरसात से हुए नुकसान की फीडबैक ली।

**बरसात** से जसवां-परागपुर क्षेत्र में कई मकान व गोशालाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं। विपदा की हर घड़ी में सामाजिक सरोकारों को निभाने वाले स्थानीय नेता कैप्टन संजय पराशर क्षेत्रवासियों के साथ एक बार फिर खड़े हो गए हैं। पराशर ने क्षेत्र के ऐसे प्रभावित परिवारों के मकानों का जायजा लेने के लिए तीन टीमें गठित कर दी हैं और स्वयं भी गांव-गांव जाकर संकट में आए परिवरों का दुख-दर्द जानने के लिए पहुंच रहे हैं।

शनिवार को अभियान की शुरुआत करते हुए पराशर व उनकी टीम ने कूहना, अलोह व दोदू राजपूतां गांवों में जाकर क्षेत्रवासियों से बरसात से हुए नुकसान की फीडबैक ली। कूहना पंचायत के वार्ड नंबर एक में जगदीश चंद, अशोक कुमार व तिलक राज के मकानों में दरारें आने के बाद संजय पराशर मौके पर पहुंचे और इन परिवारों को अपनी तरफ से आर्थिक सहयोग भी दिया और भरोसा दिलाया कि अपादा में इन परिवारों के साथ खड़े हैं। दो वर्ष पहले बरसात के कारण कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए थे। तब भी जसवां-परागपुर क्षेत्र में पराशर ने अपने संसाधनों से ऐसे परिवारों की मदद की थी। अब ठीक इसी तरह का अभियान पराशर ने क्षेत्र में शुरू कर दिया है। शनिवार को संजय ने कूहना गांव पंचायत का दौरा किया। इसके अलावा परागपुर क्षेत्र के बरसात से प्रभावित परिवारों की सूची तैयार करने के लिए उन्होंने अपनी टीम के सदस्यों को कहा है। आगामी दिनों में भी पराशर व उनकी टीम का अभियान जारी रहेगा। वहीं, संजय पराशर का कहना था कि प्रशासन व सरकार ने प्रभावित परिवारों की प्रारंभिक चरण में सहायता की है।

उन्होंने कहा कि संकट के समय में गरीब परिवारों को हिम्मत व हौसला देने के लिए उनके घरों तक पहुंचना भी बेहद जरूरी है। वह इस विपदा काल में ऐसे हर परिवार के साथ हैं, जिनका नुकसान हुआ है। बताया कि अगले दिनों तक यह अभियान चलाया जाएगा और उनसे जो यथासंभव होगा, ऐसे परिवारों की सहायता भी की जाएगी।

## ढांगू पीर में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

### स्कूल में कई दिनों से बिजली नहीं, शौचालय भी चक्की खड्ड में बहा, परेशानी बढ़ी



ढांगू पीर गांव में स्थानीय लोगों और स्कूल स्टाफ ने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान

**इंदौरा।** ढांगू पीर गांव में पिछले कई दिनों से बिजली गुल होने से लोगों को भारी मुश्किलों का करना पड़ रहा है। वहीं, राजकीय माध्यमिक स्कूल ढांगू पीर का शौचालय चक्की खड्ड में आई बाढ़ से बह गया था। इससे स्कूली बच्चों और अध्यापकों को परेशान होना पड़ रहा है। स्कूल में कुल 8 महिलाएं कार्यरत हैं। अब काफी दिनों से न तो बिजली है और न ही पानी है। न शौचालय जाने की कोई सुविधा है।

मुख्य अध्यापिका सूक्ष्म कुमारी ने बताया कि काफी दिनों से बिजली न होने के चलते स्कूल में न तो पानी की सुविधा है, न ही शौचालय की सुविधा है। बच्च्चों व उन्हें शौचालय जाने के लिए सड़क पार करके दूसरे स्कूल में जाना पड़ा है, जो किसी खतरे से खाली नहीं है। वहीं, स्थानीय लोगों व स्कूल स्टाफ ने प्रदेश सरकार के प्रति रोष प्रकट करते हुए कहा कि काफी दिनों से इस इलाके में बिजली पानी की सुविधा उन्हें नहीं मिल रही है। बार-बार प्रशासन को सूचित किए जाने पर भी कोई भी अधिकारी यहां पर नहीं पहुंचा है। उन्होंने प्रदेश सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया।

## न्यायालय परिसर पालमपुर में किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार को न्यायालय परिसर पालमपुर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश पालमपुर धीरू ठाकुर, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गौरव कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी अशोक कुमार, बार प्रेसिडेंट कपिल सिंह मंडियाल, अधिवक्ता कुश पटियाल राजन शर्मा ने पौधे रोपित किए। कार्यक्रम में वन मंडल अधिकारी पालमपुर डॉ. संजीव शर्मा, वन परिक्षेत्र अधिकारी आदित्य सिंह, डिप्टी रेंज ऑफिसर करण सिंह, वन रक्षक अशोक आदि ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

# मिनी मणिमहेश में आस्था का पवित्र स्नान आज

## हजारों श्रद्धालु नड्डी की डल झील में लगाएंगे श्रद्धा की डुबकी, सुबह 4 बजे से ब्रह्म स्नान के साथ होगी राधाष्टमी स्नान की शुरुआत

राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**धर्मशाला।** मिनी मणिमहेश के नाम से विख्यात नड्डी की डल झील में राधाष्टमी का पवित्र स्नान रविवार को होगा। हजारों की संख्या में श्रद्धालु पवित्र झील में श्रद्धा की डुबकी लगाएंगे। रविवार सुबह 4 बजे से ब्रह्म स्नान के साथ राधाष्टमी स्नान की शुरुआत होगी। बताया जा रहा है कि इससे पहले 30 अगस्त को रात 11 बजे से ही इसको लेकर तिथि शुरू हो जाएगी। मंदिर में पूरी रात भजन-कीर्तन के बाद सुबह 4 बजे पुजारी की ओर से कलश से डल के शुद्धिकरण के साथ डल तोड़ने की विधि की जाएगी।

इसके बाद पुजारी ब्रह्म स्नान के साथ यहां से कलश भर के मंदिर में रखेंगे। इसके बाद शिव पूजन व आरती के बाद श्रद्धालु मंदिर में पूजा-पाठ करने के बाद डल झील में स्नान कर पवित्र और शुभ फल प्राप्त करेंगे। सुरक्षा व ट्रैफिक व्यवस्था के लिए 50 से अधिक पुलिस जवानों समेत एसडीआरएफ जवान तैनात होंगे। सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी तथा ड्रोन से भी हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी।

▶ 50 से अधिक पुलिस जवानों समेत एसडीआरएफ जवान होंगे तैनात

▶ सुरक्षा चाक-चौबंद, ड्रोन से हर गतिविधि पर रहेगी नजर



राधाष्टमी स्नान के लिए सजाया गया मिनी मणिमहेश डल झील क्षेत्र।

### डल क्षेत्र में बड़े वाहन प्रतिबंधित

**पुलिस** की ओर से राधाष्टमी स्नार के लिए तैयार किए गए प्लान के तहत मैक्लोडगंज से डल की ओर किसी भी बड़ी गाड़ी को नहीं जाने दिया जाएगा। श्रद्धालुओं द्वारा लाई जाने वाली बड़ी गाड़ियों को पुलिस द्वारा मैक्लोडगंज में ही रोक दिया जाएगा।

### यहां रहेगी पार्किंग सुविधा उपलब्ध

पुलिस प्रशासन का कहना है कि राधाष्टमी के दिन मुख्य मंदिर व डल झील के किनारे कोई भी गाड़ी नहीं लगा पाएगा। टीसीवी स्कूल की पार्किंग, सतोवरी को जाने वाली सड़क किनारे, नड्डी को जाने वाली सड़क किनारे गाड़ियों को पार्क करने की व्यवस्था की गई है।

### श्रद्धालुओं को उतारने को 5 मिनट का समय

डल झील में पवित्र स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं को छोड़ने के लिए वाहन चालकों को केवल पांच मिनट का समय मिलेगा, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु रूप से चलती रहे। हालांकि, कुछ गाड़ियों के पार्क करने के लिए साथ लगती पार्किंग उपलब्ध रहेगी।

### आज रात 11 बजे तक चलेगा स्नान

**दुर्वेश्वर** महादेव मंदिर के पुजारी सुभाष शर्मा ने बताया कि राधाष्टमी स्नान के लिए सुबह चार बजे ब्रह्ममुहूर्त रहेगा। इसके बाद मंदिर में पूजा किए जाने के बाद स्नान शुरू होगा, जो देर सायं तक चलता रहेगा। इस बार राधाष्टमी स्नान 31 अगस्त की रात 11 बजे तक चलेगा।

### राधाष्टमी स्नान की तैयारियां पूरी: एसडीएम

**प्रशासन** की ओर से डल लेक में राधाष्टमी स्नान को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। श्रद्धालुओं को उतारने के पांच मिनट के बाद वाहन चालकों को वाहन लेकर जाना होगा। जिससे कि यातायात व्यवस्था सुचारु रूप से चलता रहे। इस बार अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।

### महिला व पुरुषों के स्नान के लिए अलग-अलग अस्थायी घाट बनाए



**राधाष्टमी** स्नान के लिए महिला व पुरुषों के स्नान के लिए अलग-अलग अस्थायी घाट बनाए गए हैं। इससे की उन्हें असुविधा का सामना न करना पड़े। गौरतलब है कि डल झील किनारे स्थित ऐतिहासिक दुर्वेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालु स्नान उपरांत पूजा-अर्चना कर मनोकामना पूर्ति की कामना करते हैं।

## पठानकोट में दुकान पर फायरिंग, जांच जारी

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट के ढांगू रोड स्थित इंटीरियल मैटीरियल की दुकान पर गत रात अज्ञात लोगों की ओर से फायरिंग की घटना सामने आई। दुकान के मालिक राहुल ने जब सुबह दुकान खोली, तो उन्होंने शीशे को टूटा हुआ और दुकान में छेद पाए, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचित किया। आसपास के दुकानदारों ने बताया कि यह घटना रात करीब 12 बजे के आसपास हुई, और उन्होंने शुरू में इसे पटाखों की आवाज समझा। पुलिस थाना डविजन नंबर-2 के प्रभारी मनदीप सल्गोत्रा ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। डीएसपी सुमीर सिंह मान ने कहा कि पुलिस घटना की गहनता से जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों का पता लगाया जाएगा।

उन्होंने लोगों से अफवाहें न फैलाने और घबराने की बजाय पुलिस पर विश्वास रखने की अपील की। यह घटना शहर में भय का माहौल पैदा कर रही है और लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

## डीएलएड पार्ट वन व टू का री-अपीयर परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जून, 2025 में संचालित की डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन यानी डीएलएड कोर्स पार्ट वन व टू की री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। शिक्षा बोर्ड सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा के मुताबिक, डीएलएड पार्ट वन सत्र 2023-25 के लिए 335 अभ्यर्थियों ने की परीक्षा दी थी। इनमें 173 पास, 107 री-अपीयर, जबकि 35 पीआरएस घोषित किए गए हैं। कुल परिणाम 51.64 प्रतिशत रहा है। वहीं, पार्ट टू सत्र 2022-24 के लिए 91 ने परीक्षा दी। इसमें 65 पास, 9 री-अपीयर, जबकि 17 पीआरएस घोषित किए गए हैं। कुल परिणाम 71.43 प्रतिशत रहा है। परीक्षार्थी अपना परिणाम किसी भी कार्य दिवस पर सुबह दस से सायं पांच बजे बजे तक दूरभाष नंबर पर प्राप्त कर सकते हैं, जबकि बोर्ड वेबसाइट पर भी परिणाम उपलब्ध है।

परीक्षार्थी पुनर्मूल्यांकन व पुनर्निरीक्षण के लिए चार से आठ सितंबर तक बिना विलंब शुल्क रुपए 800 और एक हजार के साथ संबंधित डाइट व संबद्धता प्राप्त संस्थानों के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए 20 प्रतिशत अंक होना संबंधित विषय में आवयक है। वहीं, अक्तूबर, 2025 में आयोजित किए जाने वाली डीएलएड की वार्षिक परीक्षा में भाग लेने के लिए री-अपीयर वाले छात्र संबंधित संस्थानों व निजी संस्थानों के माध्यम से चार से 18 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए 1350 रुपए शुल्क देना होगा। ऑफ लाइन कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## कबड्डी स्पर्धा में मटौर विद्यालय बना विजेता

आशीष, दमीर, अनंत ज्ञान

**कांगड़ा।** राजकीय महाविद्यालय मटौर में मेजर ध्यान चंद जयंती के अवसर पर मनाए जाने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय खेल समिति की ओर से विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें कैरम बोर्ड, चैस, कबड्डी आदि खेलें शामिल रहीं।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने सभी को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित करते हुए सभी प्रतियोगिताओं के शुभारंभ के लिए हरी झंडी दिखाई। कबड्डी प्रतियोगिता महाविद्यालय और स्थानीय विद्यालय के छात्रों के बीच करवाई गई, जिसमें स्थानीय विद्यालय विजेता और महाविद्यालय की टीम उपविजेता रही।

कैरम बोर्ड प्रतियोगिता में हुए विभिन्न मैचों में अनु-सिमरन, माही-अदिति, कशिश-शिवानी, अक्षय-प्रियांशु, राशि-साक्षी, अंशुल-आर्यन की टीम विजेता रही। चैस प्रतियोगिता में अनामिका-शालू, कार्तिक-अभिलाष विजेता रहे। ये समस्त आयोजन खेल समिति संयोजक प्रो. दिनेश जम्वाल, प्रो. अजय कुमार (समिति सदस्य) के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर समस्त शिक्षक वर्ग भी उपस्थित रहा।



चैस प्रतियोगिता में अनामिका-शालू, कार्तिक-अभिलाष की जोड़ी बनी विजेता।

## पंचरुखी में जीप यूनियन ने लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पंचरुखी के पहाड़ा रोड पर स्थित जीप स्टैंड में जीप यूनियन की ओर से चौथे वार्षिक शनिदेव भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। यूनियन के सदस्यों ने न केवल खाना पकाने में हाथ बंटाया, बल्कि दिनभर भक्तों को प्रसाद परोसा और व्यवस्था बनाए रखने में भी मदद की। पूर्व उपप्रधान सुशील नीटू ने कहा कि यह भंडारा सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामूहिक समाजसेवा का एक बेहतरीन उदाहरण है। इस कार्यक्रम की सफलता का श्रेय सभी कार्यकर्ताओं और जीप यूनियन के हर सदस्य को जाता है, जिन्होंने निस्वार्थ भाव से सेवा की।

## डाडासीबा में गणपति उत्सव की धूम पूर्व मंत्री बिक्रम ने लिया आशीर्वाद

अनंत ज्ञान, डाडासीबा

**डाडासीबा** तहसील के प्राचीन शिव मंदिर में गणपति वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से 11 दिवसीय गणपति महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

यह महोत्सव श्रद्धा और भक्ति का केंद्र बना हुआ है। शनिवार को महोत्सव के चौथे दिन मंदिर परिसर पूरी तरह से गणपति बप्पा की जय-जयकार से गूंज उठा। सुबह भक्तों ने गणपति को स्नान कराकर उनका मनमोहक श्रृंगार किया। इसके बाद बप्पा को मखाने की खीर और लड्डुओं का विशेष भोग लगाया गया। इस अवसर पर जसवां-परागपुर के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री बिक्रम ठाकुर ने भी विशेष रूप से गणपति दरबार में हाजिरी लगाई। उन्होंने गणपति बप्पा के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। कमेटी ने विधायक बिक्रम ठाकुर को माता की चुनरी भेंटकर सम्मानित किया, जिसके लिए विधायक ने आभार व्यक्त किया। एसोसिएशन के प्रधान सुमित मेहरा ने बताया कि यह महोत्सव 6 सितंबर तक चलेगा। इसी दिन पूर्ण विधि-विधान से गणपति बप्पा को विदाई दी जाएगी। पौंग झील में गणपति की मूर्ति का विसर्जन किया जाएगा।

## भाजपा थुरल मंडल लगाएगा रक्तदान शिविर

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** भाजपा थुरल मंडल के ग्राम केंद्र गढ़ बसदी में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक की अध्यक्षता अशोक धारिया ने की। मंडल अध्यक्ष विकास धीमान ने कहा कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर भाजपा थुरल मंडल द्वारा रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान, लोकल फार बोकल जैस कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक मनाए जाएंगे। इस बारे में चार बूथों की बैठक की गई।

### होलीस्टिक प्रोग्रेस कार्ड के ऐप में नजर आएगी हिमाचल की झलक

## नए सत्र से लागू होगा होलीस्टिक प्रोग्रेस कार्ड

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने प्रदेश के छात्रों के हर तरह के मूल्यांकन के लिए होलीस्टिक प्रोग्रेस कार्ड (एचपीसी) तैयार कर लिया है। जल्द ही एचपीसी का ऐप तैयार किया जाएगा। ऐप का नाम कुछ ऐसा रखा जाएगा, जिसमें हिमाचल की झलक नजर आए।

यह बात हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. राजेश शर्मा ने शनिवार को बोर्ड मुख्यालय में प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर बच्चे को स्कूल शिक्षा बोर्ड ऐप के माध्यम से मॉनिटर करेगा। बच्चों को उनकी योग्यता के अनुसार, उन्हें कोर्स और संबंधित क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित करेगा। इस अवसर पर बोर्ड सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा, डिप्टी सेक्रेटरी राजीव ठाकुर और बोर्ड कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष सुनील शर्मा भी मौजूद रहे। बोर्ड चेयरमैन ने कहा कि बोर्ड मुख्यालय में छह दिन तक होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड और कंपीटेंसी बेस्ड प्रश्नपत्रों को तैयार करने बारे एक कार्यशाला हुई है। इसमें प्रदेशभर से 180 के करीब निजी और सरकारी स्कूलों के अध्यापकों ने हिस्सा लिया है। कार्यशाला में शिक्षकों को बच्चों के होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड बनाने बारे बताया गया है। उन्होंने बताया कि इस प्रोग्रेस कार्ड में बच्चों की शैक्षणिक, मानसिक, सांस्कृतिक और फिजिकल आदि गतिविधियों को एक ऐप पर अपलोड किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश सरकार ने एक ऐप बनाई है, जिस पर बच्चे, शिक्षा और बच्चों के अध्यापक भी अपने-अपने बच्चे की गतिविधि को अपलोड कर सकेंगे। इसके अलावा कंपीटेंसी बेस्ड प्रश्नपत्र तैयार करने को लेकर भी कार्यशाला में शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने बताया कि सितंबर माह में प्रश्नपत्र बैंक को बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा। इस प्रश्नपत्र बैंक में कक्षा, विषय और अध्याय के आधार पर प्रश्नों को तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि पहले इसे पायलट आधार पर चलाया जाएगा तथा अगले शैक्षणिक सत्र से इसे पूर्ण रूप से शुरू कर दिया जाएगा।



हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. राजेश शर्मा, सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा और अन्य प्रेसवार्ता के दौरान।

### क्या है होलीस्टिक प्रोग्रेस कार्ड

**होलीस्टिक** प्रोग्रेस कार्ड (एचपीसी) एक समग्र विकास कार्ड है, जो छात्रों के शैक्षिक, शारीरिक, मानसिक और सामाजिक पहलुओं का मूल्यांकन करता है। यह कार्ड छात्रों के अकादमिक प्रदर्शन के अलावा उनके व्यक्तित्व, कला, खेल, भावनात्मक स्थिति और सामाजिक व्यवहार को भी दर्ज करता है। एचपीसी का उद्देश्य छात्रों के समग्र विकास को बढ़ावा देना है, ताकि वे सिर्फ अंक प्राप्त करने में ही नहीं, बल्कि जीवन के विभिन्न पहलुओं में भी उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें।

## अभिभाभिकों ने उपनिदेशकों के साथ साझा किए विचार

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मटौर में शिक्षा विभाग राज्य सरकार की ओर से समग्र शिक्षा के अंतर्गत जिला स्तरीय मेगा पेटीएम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता जिला के तीनों उपनिदेशकों जिला शिक्षा उपनिदेशक स्कूल (गुणवत्ता) कंचन ज्योति, जिला शिक्षा उपनिदेशक स्कूल (सेकेंडरी) विकास महाजन, शिक्षा उपनिदेशक (प्रारंभिक) अजय समयाल ने की। पीटीएम में विद्यालय के लगभग 120 अभिभाभिकों ने भाग लिया व अपने विचार उपनिदेशकों के साथ साझा किए व इस कार्यक्रम का प्रशिक्षण लिया। शिक्षा उपनिदेशक (सेकेंडरी) विकास महाजन, उप निदेशक (गुणवत्ता) कंचन ज्योति ने अभिभावकों को आईडी के बारे में उन्हें जानकारी दी। उपनिदेशक (प्रारंभिक) अजय समयाल ने सभी अभिभावकों को उपरोक्त कार्यक्रम के तहत अपनी जानकारी को बढ़ाने को कहा। इस मौके पर जिला शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय से नोडल अधिकारी सुधीर भाटिया, डाइट से समन्वयक चित्रकला व समन्वय अरविंद व स्विफ्ट ऐप प्रभारी अंकित शुक्ला उपस्थित रहे।

## इंदौरा में खैर के मोछों से भरा ट्रक पकड़ा

### चालक के खिलाफ मामला दर्ज, मोछों पर नहीं था हैमर नंबर



भदरोया वन रेंज के बाड़ी खड्ड में खैर के मोछों से भरा हुआ पकड़ा ट्रक।

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान

**इंदौरा।** विधानसभा क्षेत्र इंदौरा में खैर की लकड़ी की तस्करी का मामला सामने आया है। शुक्रवार रात भदरोया वन रेंज के बाड़ी खड्ड में एक ट्रक (नंबर एचपी 38 एच-7623) को खैर की लकड़ी के मोछों से भरा हुआ पकड़ा गया।

वन विभाग की टीम ने ट्रक को कब्जे में लेकर ट्रक चालक आकाश दीप इंडोरिया के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस लकड़ी की अनुमानित कीमत करीब दस लाख रुपए बताई जा रही है। यह सफलता वन परिक्षेत्र अधिकारी इंदौरा के नेतृत्व में गई टीम को मिली। वन परिक्षेत्र अधिकारी जगजीत चावला ने जानकारी दी कि नाके के दौरान पकड़े गए ट्रक की जांच में पाया गया कि ट्रक में कुल 180 मोछे भरे हुए हैं। इनमें हरे और सूखे दोनों तरह के मोछे शामिल हैं। ट्रक में रखे गए खैर हार्टवुड के किसी भी मोछे पर कोई हैमर मार्क या नंबर नहीं था। यह स्पष्ट संकेत है कि लकड़ी का स्रोत अवैध कटान से जुड़ा हुआ है।

### सूखे पेड़ों की आड़ में कटान पर शक

**लोगों** का कहना है कि इस समय कॉरपोरेशन विभाग की ओर से सूखे खैर के पेड़ों की कटाई का कार्य चल रहा है। ऐसे में संदेह जताया जा रहा है कि इन्हीं सूखे पेड़ों की आड़ लेकर हरे खैर के पेड़ों का अवैध कटान किया जा रहा है। गौरतलब है कि नूरपुर वन मंडल में पिछले कुछ वर्षों से खैर तस्करी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं।

## केवल पठानिया ने केटलू-खरीडी का दौरा कर लिया नुकसान का जायजा

### पूर्व सैनिक लीग ने आपदा राहत कोष में दिए 1.51 लाख रुपए

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**शाहपुर** के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र के बरसात से प्रभावित क्षेत्रों केटलू, कैंटनाला तथा धारकंडी के खरीडी का दौरा कर नुकसान का जायजा लिया।

इस दौरान उनके साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। केटलू में भारी बारिश से गज खड्ड का पानी सड़क पर आने से ग्रामीणों में भय का माहौल रहा। लोगों ने अवैध खनन को जिम्मेदार ठहराया। इस पर विधायक ने लोक निर्माण विभाग को एक माह के भीतर डंगा निर्माण का प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीणों से अवैध खनन पर नजर रखने और सूचना देने का आह्वान किया। धारकंडी के खरीडी में उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर हरसंभव सहायता देने के निर्देश दिए। यहां सड़क धंसने से जीवन कुमार के घर, दुकान और गोशाला को नुकसान हुआ है। विधायक ने खरीडी-छतरेल सड़क की मरम्मत के लिए निरीक्षण और आवश्यक कदम उठाने के आदेश दिए। इससे पूर्व रैत कांग्रेस कार्यालय में पूर्व सैनिक लीग शाहपुर ने मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष के लिए 1,51,000 रुपए का चेक विधायक को भेंट किया। केवल पठानिया ने पूर्व सैनिक लीग को कंप्यूटर खरीदने के लिए 51,000 रुपए का चेक प्रदान किया।



लोगों से बातचीत करते उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया।

## अनुसंधान क्षमता को मजबूत करने पर जोर

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर ने 28 से 30 अगस्त तक भौतिक विज्ञान एवं भाषा विभाग आधारभूत विज्ञान महाविद्यालय में एससीएसपी योजना के तहत कृषि अनुसंधान के लिए एसपीएसएस पर तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला का उद्देश्य शोधकर्ताओं, स्नातकोत्तर और पेशेवरों को उन्नत सांख्यिकीय कौशल और एसपीएसएस में व्यावहारिक प्रशिक्षण देना था। कुलपति डॉ. नवीन कुमार ने अनुसंधान क्षमता को मजबूत करने और आंकड़ा आधारित कृषि समाधानों की महत्ता पर जोर दिया। उद्घाटन समारोह में कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. राजन कटोच ने डेटा-संचालित दृष्टिकोण के महत्व पर बल दिया। इस अवसर पर 5 लाख की लागत से नवीनतम एसपीएसएस सॉफ्टवेयर की खरीद की घोषणा की गई। कार्यक्रम में डॉ. अजीत शर्मा, डॉ. मनीष कुमार शर्मा, और डॉ. मनीष गोयल ने संसाधन व्यक्ति के रूप में योगदान दिया। समन्वयकों ने प्रतिभागियों के शोध कौशल को समृद्ध करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों तरह से प्रतिभागियों के शोध कौशल को समृद्ध किया गया।

**समस्या** कई दिनों से पानी न आने पर सौंपा शिकायत पत्र, एसडीओ से मिला आश्वासन

## स्पेल पंचायत के ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान

**नगरोटा सूरियां।** नगरोटा सूरियां के साथ लगती पंचायत स्पेल के ग्रामीणों में जल शक्ति विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले काफी दिनों से पीने के पानी की समस्या उनके इलाके में बनी हुई है और कई बार विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को बताया गया, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।

पीने के पानी की समस्या इलाके में जस की तस बनी हुई है। वहीं, उपप्रधान विजय सिंह की अध्यक्षता में स्पेल गांव के काफी संख्या में बुजुर्ग व महिलाएं और नौजवान जल शक्ति विभाग के कार्यालय नगरोटा सूरियां में इकट्ठे होकर पहुंचे और अपना शिकायत पत्र विभाग को सौंपा। ग्रामीणों ने विभाग को दो टूक शब्दों मे कहा कि अगर उनकी समस्या का हल शीघ्र नहीं होता है, तो जल शक्ति विभाग के कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर उपप्रधान विजय सिंह, पूर्व प्रधान भुवनेश भारद्वाज, मेहर सिंह गुलेरिया, कुशल, बिंदु, कृष्ण, कुलदीप सिंह, तृप्ता देवी, पूजा, कुसुम, कमला देवी, सुलेखा देवी आदि मौजूद रहे। उधर, जल शक्ति विभाग के एसडीओ अमन सोनी ने कहा कि आज उनके कार्यालय में स्पेल गांव के लोग पानी की समस्या को लेकर उनके पास आए थे और उनकी समस्या का हल जल्द कर दिया जाएगा।



स्पेल पंचायत में कई दिनों से पानी न आने पर शिकायत पत्र सौंपते ग्रामीण।

▶ ग्रामीण ने दी चेतावनी, समस्या हल नहीं हुई तो होगा उग्र प्रदर्शन

### बोर्ड सचिव को भेंट की पुस्तक

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** हिमाचल प्रदेश के युवा कवि लेखक एवं हिंदी अध्यापक राजीव डोगरा ने धर्मशाला स्थित हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के शिक्षा सचिव डॉ. (मेजर) विशाल शर्मा को अपनी पहली प्रकाशित पुस्तक अनकहे जज्बात भेंट की। इस मौके के पर शैक्षणिक अधिकारी शालिनी सोएल, अशोक कुमार राणा (लेक्चर इकोनॉमिक्स) भी उपस्थित रहे। शिक्षा सचिव ने राजीव डोगरा को उनकी पहली पुस्तक प्रकाशित होने पर बधाई दी और ऐसे ही आगे बढ़ने के लिए उत्साहित किया। वर्तमान में राजीव हिंदी अध्यापक के रूप में राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गाहलियां में कार्यरत है। राजीव डोगरा को उनकी साहित्यिक उपलब्धियां के लिए देश-विदेश से सैकड़ों पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन में मनाया खेल दिवस




**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पॉवर स्टेशन में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम एक घंटा, खेल के मैदान में है, जिसका उद्देश्य कर्मचारियों व युवा वर्ग को खेलों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित करना और एक स्वस्थ, ऊर्जावान समाज का निर्माण करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ परियोजना प्रमुख राजीव कपूर व अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय खेल दिवस की शपथ दिलाकर की गई। शपथ के माध्यम से कर्मचारियों ने खेल भावना, फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का वचन लिया। इसके उपरांत परियोजना प्रमुख ने अंतर-विभागीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। रोमांचक व प्रतिस्पर्धात्मक मैचों के बाद टीम ओपीएच विजेता तथा टीम एडमिन बिल्डिंग उपविजेता घोषित हुईं। परियोजना प्रमुख राजीव कपूर ने विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया।

### कांग्रेस सरकार के इशारे पर हो रहे कार्य : दिलीप

**अनंत ज्ञान, जुब्बल।** नगर पंचायत जुब्बल के सचिव पर कांग्रेस सरकार के इशारे पर पक्षपाती कार्य करने के आरोपों को लेकर जुब्बल में राजनीतिक गर्माहट बढ़ गई है। नगर पंचायत के अध्यक्ष दिलीप चौहान, उपाध्यक्ष सुदर्शना सूद और अन्य निर्वाचित सदस्य देवेंद्र सिंह, राजपाल और दीपक ने इस मुद्दे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि नगर पंचायत के सचिव ने कांग्रेस समर्थित वार्ड (वार्ड नंबर 5) को प्राथमिकता देते हुए बाकी वार्डों के विकास कार्यों की अनदेखी की। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत के बैठकों में लिए गए प्रस्तावों का पालन नहीं किया जा रहा, जिससे उन्हें मासिक बैठक का बहिष्कार करना पड़ा। इस विवाद में खास बात यह है कि सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण के लिए सभी वार्डों में प्रस्ताव पारित किए गए थे, लेकिन सचिव ने उसे लागू करने से इनकार कर दिया, जबकि वार्ड नंबर 5 में शौचालयों का निर्माण करवा दिया गया। यह कथित पक्षपाती रवैया और कांग्रेस के पक्ष में फैसले लेने के आरोपों ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। दिलीप चौहान और उनके सहयोगियों ने राज्य सरकार और शहरी विकास निदेशक से बार-बार शिकायत की, लेकिन कोई समाधान नहीं मिला। अब, उन्होंने उच्च स्तरीय जांच की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें अनदेखी की जाती हैं, तो वे सामूहिक रूप से इस्तीफा देने का विकल्प भी उठा सकते हैं। यह स्थिति न केवल जुब्बल की स्थानीय राजनीति के लिए, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया और विकास कार्यों के लिए भी चुनौतीपूर्ण साबित हो सकती है।

### पोर्टमोर स्कूल में हुआ मेगा अभिभावक-शिक्षक मिलन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सरकारी स्कूल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या विद्यालय पोर्टमोर में एक बड़े स्तर का अभिभावक-शिक्षक मिलन (पीटीएम) आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में करीब 600 अभिभावकों ने सीधे तौर पर भाग लिया, जबकि प्रदेश भर के 50,000 से अधिक शिक्षक और अभिभावक ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। इस समारोह में शिक्षा सचिव राकेश कंवर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की भी मौजूदगी रही, जिसमें हिमाचल प्रदेश में समग्र शिक्षा कार्यक्रम के राज्य परियोजना निदेशक राजेश शर्मा और निदेशक स्कूल शिक्षा आशीष कोहली शामिल थे। यह आयोजन विद्यार्थियों की शिक्षा में अभिभावकों और शिक्षकों के बीच मजबूत संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से किया गया था।

कृषि को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सुदृढ़ बनाने को सरकार उठा रही मजबूत कदम : चंद्र कुमार, कहा-

# मवेशियों की बदौलत बढ़ी प्राकृतिक खेती

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** भारतीय आलू अनुसंधान संस्थान शिमला में राज्य कृषि रोडमैप एवं रबी एक्शन प्लान विषय पर एक दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को लाभकारी खेती की नई दिशा देने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण और आधुनिक तकनीक को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने बताया कि कृषि का देश की जीडीपी में 14 प्रतिशत योगदान है और विश्वविद्यालयों व अनुसंधान संस्थानों के शोध से इस क्षेत्र को नई ऊंचाइयां मिली हैं।

- राज्य कृषि रोडमैप और रबी एक्शन प्लान पर कार्यशाला
- प्राकृतिक खेती व डेयरी विकास पर विशेष फोकस

मंत्री ने कहा कि आगामी पांच वर्षों 2025-30 के लिए कृषि रोडमैप तैयार किया जा रहा है, जो प्राकृतिक खेती, कृषि-जलवायु विविधता और राष्ट्रीय अभियानों के सामंजस्य पर केंद्रित होगा। इसका उद्देश्य विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 को प्रभावी बनाना और किसानों की आय बढ़ाना है।

कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश प्राकृतिक खेती की ओर तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन यह मवेशियों पर आधारित है। इसलिए पशुधन संरक्षण और संवर्धन को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि कृषि क्षेत्र को रिमोट सेंसिंग जैसी तकनीक से जोड़ने के प्रयास जारी हैं और अधिकारियों को इसके लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



शिमला में विशेष कार्यशाला में उपस्थित लोगों को संबोधित करते कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार।

### किसानों की आर्थिकी मजबूत करने के लिए डेयरी क्रांति

**मंत्री** ने कहा कि दूध की कीमतों में ऐतिहासिक बढ़ोतरी कर किसानों को राहत दी गई है। साथ ही, ढगवार में 250 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट तैयार किया जा रहा है, जिसे डेयरी डेवलपमेंट अथॉरिटी संचालित करेगी। इस प्लांट में तैयार उत्पादों पर ट्रेडमार्क हिमाचल होगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सिंचाई प्रबंधन, विपणन तंत्र और न्यूनतम कीटनाशक उपयोग को राज्य सरकार प्राथमिकता दे रही है।

### विशेषज्ञों ने रखे सुझाव

**कार्यशाला** में कृषि विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों व विभागीय अधिकारियों ने राज्य की कृषि चुनौतियों, अवसरों और रणनीतियों पर चर्चा की। तकनीकी सत्रों में विश्वविद्यालयों, आईसीएआर संस्थानों और राज्य विभागों ने रोडमैप के क्रियान्वयन पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर कृषि विश्वविद्यालयों, आईसीएआर संस्थानों और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# हर पंचायत में स्थापित होगी डेयरी को-ऑपरेटिव सोसायटी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने कहा कि जिला शिमला में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और पशुपालकों को संगठित सहायता देने के लिए पंचायत स्तर पर डेयरी को-ऑपरेटिव सोसायटी का गठन किया जाएगा। प्रथम चरण में 57 ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है, जिनमें से 08 पंचायतों में सोसाइटी का गठन पूरा हो चुका है।

उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक सोसायटी में 11 सदस्य होना आवश्यक है और पंजीकरण के लिए मिल्क फेडरेशन की ओर से निर्धारित नियम व फिज़िबिलिटी सर्टिफिकेट की शर्तें पूरी करनी होंगी। उपायुक्त ने 10 सितंबर तक पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए।

पशुपालन विभाग द्वारा जिले की 412 पंचायतों में किए गए सर्वेक्षण के आधार पर 57 पंचायतों का चयन किया गया है। इन पंचायतों में बम्टा, केदी, चंडलोग, पुजारली, लोअर कोटी, आंद्रा, ढाकगांव, मेहली, पुजारली-4, मल्याणा, कोटी, सतलाई, मझठाई और अन्य पंचायतें शामिल हैं।

### 8 पंचायतों में गठन की प्रक्रिया पूरी

**जिले** की 08 पंचायतों में सोसायटी का गठन किया जा चुका है। इनमें रोहड़ू विकास खंड की द अमृत पान मिल्क कोऑपरेटिव लिमिटेड कमोली, द जागा माता बाशला अढ़ाल, द गोकुल मिल्क समोली, द कृष्णा वूमेन कन्योरा, द जिया-पान लोअर कोटी, चिड़गांव की द आंध्रा अढ़ाल व द डाकगांव मिल्क कोऑपरेटिव लिमिटेड और रामपुर विकास खंड की द लहारू वीर गान्वी शामिल हैं।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में समिति का गठन

**इस** योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए जिला स्तरीय डेयरी विकास समिति का गठन किया गया है, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त करेंगे। यह समिति पंचायतों के चयन, विभागों की जिम्मेदारी तय करने, बजट का प्रावधान करने और मासिक प्रगति रिपोर्ट तैयार करने का कार्य करेगी। इसमें मिल्क फेड, डीआरडीए, पशुपालन विभाग, ग्राम पंचायतों और किसानों की भूमिकाएं भी निर्धारित की गई हैं।

# टीबी मरीजों की किट में शामिल होंगे स्थानीय उत्पाद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जिला में टीबी से ग्रसित मरीजों की न्यूट्रिशन किट में स्थानीय उत्पादों को शामिल करने की दिशा में पहल होगी। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि जिले में स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार पौष्टिक व औषधीय गुणों से भरपूर उत्पाद मरीजों के लिए उपयोगी साबित हो सकते हैं। ऐसे उत्पाद मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत कर उपचार प्रक्रिया में सहायक होंगे।

उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित जिला क्षय रोग उन्मूलन समिति की बैठक में टीबी मुक्त भारत अभियान, हैंड हेल्ड एक्स-रे और निक्षय मित्र सहयोग जैसे मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने बताया कि जिले की 313 ग्राम पंचायतों में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को क्षय रोग और उससे संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई।



क्षय रोग उन्मूलन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते डीसी शिमला।

### जिला को जल्द बनाया जाएगा टीबी मुक्त

**अनुपम** कश्यप ने कहा कि टीबी और नशे से ग्रसित व्यक्तियों को लेकर समाज में सहयोग की कमी रहती है, इसलिए सामुदायिक भूमिका को बढ़ाना प्राथमिकता है। जिला को टीबी मुक्त बनाने के लिए भविष्य में सभी हितधारकों की एक बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें व्यापक कार्ययोजना बनाई जाएगी। यह बैठक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. यशपाल रांटा, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनीत लखनपाल, वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक तेंजिन अस्पताल डॉ. रमेश चंद सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

# बहुतकनीकी कॉलेज किन्नौर में हुआ फ्रेशर वेल्कम समारोह

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान**

**रोहड़ू।** राजकीय बहुतकनीकी कॉलेज किन्नौर स्थित रोहड़ू में जनपद अभियांत्रिकी यांत्रिक अभियांत्रिकी के द्वितीय वर्ष के छात्रों ने प्रथम वर्ष के नव छात्र एवं छात्राओं का स्वागत किया।

इस कार्यक्रम में संस्थान के प्राचार्य पंकज पथिक व रोहड़ू के प्रधानाचार्य डॉ. धीरज कौशिक बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। सबसे पहले प्रथम वर्ष के छात्र एवं छात्राओं ने सभी को अपना परिचय दिया। उसके बाद सबको विभिन्न एक्ट करने को दिए गए जो सभी विद्यार्थियों ने बखूबी निभाए। इस कार्यक्रम में जनपद अभियांत्रिकी व यांत्रिक अभियांत्रिकी के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य पंकज किशोर पथिक ने छात्रों को संबोधित किया और संस्थान में आए हुए नए छात्रों का स्वागत किया। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभ कामनाएं भी दी। संस्थान के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष व शिक्षक मौजूद रहे। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन में भी भाग लिया। मिस्टर फ्रेशर वरुण और मिस फ्रेशर सानवी को चुना गया। कार्यक्रम में नए छात्र छात्राओं से विभिन्न गतिविधियां करवाई गई। संस्थान के मीडिया प्रभारी देविंद्र सिंह प्रेमी ने बताया कि नए सत्र के प्रारंभ में वरिष्ठ छात्र नए छात्रों के स्वागत में फ्रेशर पार्टी का आयोजन करते है ताकि विभिन्न परिवेश से आए हुए छात्र नए वातावरण में जल्दी ढल सकें।

# मैक्स अस्पताल की मल्टी-स्पेशियलिटी ओपीडी सेवाएं शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मैक्स अस्पताल, मोहाली ने देवभूमि अदवेता अस्पताल, ऊना के साथ मिलकर अपनी मल्टी स्पेशलिटी ओपीडी सेवाएं शुरू कर दी हैं। इन सेवाओं के तहत, अब ऊना के लोग मेडिकल ऑन्कोलॉजी (कैंसर), पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी (बच्चों के कैंसर), गैस्ट्रोएंटरोलॉजी (पेट संबंधी रोग) और न्यूरोलॉजी (तंत्रिका तंत्र के रोग) जैसे विषयों पर विशेषज्ञ डॉक्टरों से सलाह ले सकेंगे।

शिमला से जारी बयान में कहा है कि इस पहल का उद्देश्य बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं लोगों तक पहुंचाना है, जिससे उन्हें इलाज के लिए दूर न जाना पड़े। इस ओपीडी में मैक्स अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टर नियमित रूप से उपलब्ध रहेंगे।

### बिलासपुर के नितिन को पंजाब यूनिवर्सिटी चुनावों की जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) हिमाचल प्रदेश ने पंजाब यूनिवर्सिटी छात्र संघ चुनावों के लिए जिन प्रतिनिधियों को दायित्व सौंपा है, जिनमें बिलासपुर के युवा नेता व एनएसयूआई जिला अध्यक्ष नितिन चड्ढा का नाम भी शामिल है। एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष अभिनंदन ठाकुर (टोनी) द्वारा 28 अगस्त को जारी आदेश में नितिन चड्ढा को चुनाव संबंधी जिम्मेदारी प्रदान की गई है। नितिन चड्ढा पहले भी दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्र संघ चुनावों में अपनी सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। इसके अलावा वह उत्तराखंड और राजस्थान के छात्र संघ चुनावों में भी अनुभव अर्जित कर चुके हैं। छात्र राजनीति में लगातार सक्रियता और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है।

### भाखड़ा विस्थापित समिति की बैठक आज, मांगों पर होगी चर्चा

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** सर्वदलीय भाखड़ा विस्थापित समिति की बैठक 31 अगस्त को शाम 5 बजे स्थानीय परिधि गृह में सभा के महासचिव जयकुमार की अध्यक्षता में आयोजित होगी। जयकुमार ने बताया कि अप्रत्यासित कारणों से इस बैठक को शीघ्र आमंत्रित करना पड़ा है। बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिष्टमंडल के मिलने का कार्यक्रम निर्धारित किया जाएगा, ताकि विस्थापितों की मांगों व कठिनाइयों से उन्हें अवगत कराकर उनका समाधान संभव हो सके। उन्होंने कहा कि अन्य विषयों पर भी चर्चा होगी, ताकि मुख्यमंत्री को प्रेषित किए जाने वाले ज्ञापन को अंतिम रूप दिया जा सके।

# एडीसी ने स्वयं सहायता समूहों की उत्पादन इकाइयों का किया दौरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**जिला** बिलासपुर के अतिरिक्त उपायुक्त ओमकांत ठाकुर ने स्वयं सहायता समूहों की उत्पादन इकाइयों का दौरा किया और महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे विभिन्न उत्पादों की गुणवत्ता, पैकेजिंग और विपणन प्रक्रिया का निरीक्षण किया।

ओमकांत ठाकुर ने समूहों की मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बना रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन उत्पादों को बाजार से जोड़ने और उनकी ब्रांडिंग के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। गौरतलब है कि दिवाली से पूर्व 'व्यासपुर' ब्रांड के अंतर्गत विशेष दीपावली गिफ्ट हैंपर लांच किए जाएंगे। इस ब्रांड से बिलासपुर की महिलाओं को रोजगार और स्वावलंबन की नई राह खुलेगी। इसके साथ ही अतिरिक्त उपायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने मकानों का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत प्रधान तथा ग्राम सचिव उपस्थित रहे।



स्वयं सहायता समूहों की उत्पादन इकाइयों के दौरे के दौरान उत्पादों की गुणवत्ता पैकेजिंग और विपणन प्रक्रिया का निरीक्षण करते अतिरिक्त उपायुक्त ओमकांत।

### वृद्ध नागरिकों के लिए पांच से लगेंगे नेत्र जांच शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** डीसी राहुल कुमार ने जानकारी दी कि जिला रेडक्रास सोसायटी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहयोग से वृद्ध नागरिकों के लिए नेत्र जांच शिविर आयोजित कर रही है। ये शिविर 5 से 16 सितंबर तक विभिन्न स्थानों पर आयोजित होंगे, जिनका उद्देश्य मोतियाबिंद की पहचान करना और अंधता निवारण के लिए कदम उठाना है। उन्होंने वृद्ध नागरिकों और आमजन से शिविरों में अधिक से अधिक भागीदारी की अपील की है।

# राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्य में जिलावासी करें सहयोग : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** डीसी बिलासपुर राहुल कुमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार के आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, वित्त मंत्रालय के सहयोग से राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण का फील्ड कार्य शुरू किया जा रहा है। यह सर्वेक्षण भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय, नई दिल्ली के सहयोग से प्रदेश के विभिन्न सामाजिक-आर्थिक संकेतकों पर आधारित होगा। सर्वेक्षण में एकत्रित आंकड़े सरकार को नीतियां बनाने और उनके सफल क्रियान्वयन के लिए दिशा-निर्देश प्रदान करेंगे। जिला बिलासपुर में यह कार्य आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा संचालित किया जाएगा।

- आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के कर्मी घर-घर जाकर करेंगे जानकारी एकत्रित

विभाग के अधिकारी और कर्मचारी (एन्यूमरेटर) घर-घर जाकर ऑनलाइन टैब एप्लिकेशन के माध्यम से जानकारी एकत्र करेंगे। उपायुक्त ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे सर्वेक्षण कर्मचारियों को सही और वास्तविक जानकारी प्रदान करें, ताकि राज्य और जिला स्तर पर सामाजिक-आर्थिक स्थिति का सही आकलन किया जा सके। उन्होंने बताया कि यह जानकारी गोपनीय रखी जाएगी और इसका उपयोग सरकारी विकास योजनाओं के निर्माण में किया जाएगा। डीसी ने सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों से भी अपील की कि वे इस कार्य में पूर्ण सहयोग करें ताकि सर्वेक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

### घुमारवीं में कैंपस इंटरव्यू 10 सितंबर को

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** जिला रोजगार अधिकारी राजेश मेहता ने बताया कि एसबीआई. इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड घुमारवीं की ओर से डेवलपमेंट मैनेजर के 5 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू का आयोजन 10 सितंबर को उपरोजगार कार्यालय घुमारवीं में प्रातः 10:30 से किया जाएगा। सामान्य श्रेणी में न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता ग्रेजुएशन और भूतपूर्वक सैनिक बाहरवीं पास होना अनिवार्य है। सामान्य श्रेणी में 40 आयु वर्ग तक के पुरुष व महिला व भूतपूर्वक सैनिक 45 वर्ष तक आयु वर्ग के उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित 10 सितंबर को उप रोजगार कार्यालय घुमारवीं में पहुंचकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं।

### जिले में असंगठित श्रमिकों का पंजीकरण 5 तक

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिले में 5 सितंबर असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों सहित प्लेटफार्म व गिग वर्करों का पंजीकरण करवाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। यह जानकारी जिला श्रम अधिकारी अश्विनी कुमार ने दी। इस अभियान के तहत डिलीवरी बॉय, ऑनलाइन सर्विस, राइड शेयरिंग, लॉजिस्टिक, ई-मार्केट, प्रोफेशनल सर्विस, हेल्थकेयर, टेबल सर्विस, हॉस्पिटैलिटी, कंटेंट और मीडिया सर्विस से जुड़े श्रमिकों को ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत किया जा रहा है। उन्होंने सभी असंगठित व प्लेटफार्म श्रमिकों से अपील की कि वे इस विशेष अभियान के दौरान पंजीकरण कर सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ उठाएं।

### शिक्षा के साथ खेलों में भी दिखाएं उत्कृष्टता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में त्रिदिवसीय समारोह का आयोजन किया गया। इस उद्घाटन विवेकानंद सभागार में कुलपति की अध्यक्षता में हुआ। उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक दक्षता का प्रतीक नहीं, बल्कि अनुशासन, टीमवर्क और समर्पण का जीवन-पथ हैं। विद्यार्थियों से उन्होंने शिक्षा के साथ खेलों में भी उत्कृष्टता प्राप्त करने का आह्वान किया। कुलसचिव संतोष कुमार श्रीवास्तव ने शपथ दिलाई गई। ओलंपिक एवं पैरालंपिक मूल्यों पर व्याख्यान प्रो. मार्कंडेय नाथ तिवारी ने दिया, जबकि योग व प्राणायाम सत्र का मार्गदर्शन डॉ. नवदीप जोशी ने किया।

### बच्चों से मोबाइल व नशे से दूर रहने का आह्वान

**बलवंत कमल, अनंत ज्ञान, दधोल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। अभिभावकों व विद्यार्थियों को स्विफ्ट ऐप और विभागीय नवाचारों की जानकारी दी। छात्रवृत्ति इंचार्ज विकास शर्मा ने विभिन्न छात्रवृत्तियों पर प्रकाश डाला। बैठक में लगभग 157 अभिभावकों ने भाग लिया और अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति से जानकारी प्राप्त की। एसएमसी प्रधान दीपिका शर्मा ने विद्यालय व अभिभावकों के आपसी सहयोग को आवश्यक बताया, जबकि वरिष्ठ सलाहकार मेहर सिंह ने मोबाइल व नशे से बच्चों को दूर रखने पर बल दिया। प्रधानाचार्य डॉ. सुरेश कुमार ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को निखारकर ही उन्हें राष्ट्र की प्रगति में योगदानकर्ता बनाया जा सकता है।

### बिलासपुर छात्र स्कूल में दी नेत्रदान पंजीकरण की जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक (छात्र) पाठशाला बिलासपुर में राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के तहत जागरूकता गतिविधियों का आयोजन सीएमओ डॉ. शशि दत्त शर्मा के निर्देशन और प्रधानाचार्य श्याम लाल की अध्यक्षता में हुआ। स्वास्थ्य शिक्षक गोपाल कौशल ने कहा कि मरणोपरांत एक व्यक्ति दो दृष्टिहीनों को रोशनी दे सकता है। इस वर्ष की थीम 'नित्य हीरो' रखी गई है। कार्यक्रम में भाषण, नारा लेखन और चित्रांकन प्रतियोगिताएं भी हुईं, जिनमें अरमान, बंटी, समीर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंत में नेत्रदान पंजीकरण और शपथनामा की जानकारी दी गई।

### लेखक पंकज की साहित्य जगत में विशिष्ट पहचान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर के लेखक पंकज शर्मा ने साहित्य जगत में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। उनकी पहली प्रकाशित पुस्तक 'सिर्फ तुम' (लघुकथा-संग्रह) ने उन्हें साहित्यिक ख्याति दिलाई और इस पुस्तक को हरियाणा साहित्य अकादमी से 'श्रेष्ठ कृति पुरस्कार' भी प्राप्त हुआ। इसके बाद उनकी रचनात्मकता ने कई अन्य कृतियां, जैसे 'डोर', 'वह लड़की', 'मुफ्त बातों के मुफ्तलाल' और 'आखिरी दाना' को जन्म दिया। इनमें से 'मुफ्त बातों के मुफ्तलाल' को भी 'श्रेष्ठ कृति पुरस्कार' मिला। पारिवारिक और सामाजिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ पंकज शर्मा रेलवे में कार्यरत हैं और विकलांग कर्मचारियों की समस्याओं पर भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे अब नए साहित्यिक उपक्रमों पर काम कर रहे हैं और पाठकों के लिए कुछ नया प्रस्तुत करने की तैयारी में हैं। पाठकों के लिए वे अपनी तीन हार्डबाउंड पुस्तकें 500 रुपए में उपलब्ध करा रहे हैं। साथ ही उनकी बेटी अनुष्का शर्मा की किताब 'मां का जन्मदिन' भी शामिल है।

# लंबित पेंशन पुनर्निर्धारण मामलों का हो निपटारा

## डीए की किस्त और मेडिकल बिलों के भुगतान के लिए करवाया जाएगा बजट उपलब्ध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**कृषि** विभाग से उपनिदेशक पद से सेवानिवृत्त प्रकाश चंद ठाकुर की ओर से कसोल स्थित कोलडैम क्षेत्र में पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक आयोजित की। पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन इकाई पंजगाईं की यह बैठक इकाई प्रधान एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा की अध्यक्षता में हुई। प्रकाश चंद ने कहा कि ऐसे आयोजनों से मिलने-जुलने का अवसर मिलता है, जो सामाजिक और स्वास्थ्य दोनों ही दृष्टि से लाभदायक है।

- कसोल में पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में उठाई मांग

उन्होंने इस अनमोल जीवन को केवल बोनस न समझने की सलाह दी, बल्कि अपने अनुभवों के माध्यम से इसे समाज को देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमें समाज में अपनी विभागीय जानकारी और अनुभव साझा करके वरिष्ठ नागरिक के रूप में अपना योगदान देना चाहिए। इस बैठक में मुख्य रूप से सेवानिवृत्त पेंशनरों की जनवरी 2016 से जनवरी 2022 तक की लंबित देनदारियों पर चर्चा की गई। प्रधान अश्वनी शर्मा ने जनवरी 2016 से पहले सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन पुनर्निर्धारण की धीमी स्वीकृति प्रक्रिया पर चिंता व्यक्त की। महासचिव सुंदर शर्मा ने महालेखाकार कार्यालय में लंबे समय से लंबित अदालती मामलों पर अपने विचार व्यक्त किए, जिससे कुछ सेवानिवृत्त पेंशनर अपनी मृत्यु के बाद भी प्रभावित हुए। कुछ वरिष्ठ पेंशनरों की तो स्वीकृति के इंतजार में मृत्यु भी हो गई, जबकि कई मामले अभी तक स्वीकृति के लिए भेजे भी नहीं गए हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि लंबित पेंशन पुनर्निर्धारण मामलों का तुरंत निपटारा किया जाए। साथ ही डीए की किस्तों, बकाया और मेडिकल बिलों के भुगतान के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया जाए।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर की इकाइयों को संगठित होकर एकता का परिचय देना चाहिए और सरकार से समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने की अपील की। इस अवसर पर सचिव सुंदर शर्मा, कोषाध्यक्ष हुकम सिंह, सदस्य लक्ष्मण दास वर्मा, राजेश शर्मा, वीरबल राम वर्मा, शिव राम ठाकुर, बाजा राम, विजय राम आदि उपस्थित थे।



कसोल स्थित कोलडैम क्षेत्र में पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई।

मोदी की माता पर की टिप्पणी पर कटवाल ने साधा निशाना

# बोले- देश की जनता कांग्रेस आरजेडी को नहीं करेगी माफ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**झंडूता** के विधायक जीतराम कटवाल ने बिहार के दरभंगा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत माता के खिलाफ अभद्र टिप्पणी व अपशब्दों को लेकर कांग्रेस और आरजेडी नेताओं पर तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा कि न केवल भारतीय संस्कृति, बल्कि पूरे विश्व में जन्म देने वाली मां का स्थान सर्वोच्च माना गया है। मां चाहे किसी की भी हो, उसके लिए अपशब्दों और अभद्र भाषा का प्रयोग सहन नहीं किया जा सकता। कांग्रेस और आरजेडी नेताओं की टिप्पणी किसी व्यक्ति विशेष नहीं, बल्कि हर मां और बेटे का अपमान है। इससे 140 करोड़ देशवासियों की भावनाएं आहत हुई हैं। देश की जनता कांग्रेस और आरजेडी को इसके लिए कभी माफ नहीं करेगी।



कटवाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी पिछले 11 वर्षों से देश का नेतृत्व कर रहे हैं। वह देश को हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जाने का काम बखूबी कर रहे हैं। कांग्रेस और उसके नेतृत्व से यह सहन नहीं हो रहा है कि एक गरीब मां का बेटा देश का प्रधानमंत्री बनकर लगातार जनता का विश्वास जीत रहा है। इसी हताशा और कुंठा से ग्रसित कांग्रेस और आरजेडी के नेता मर्यादा की सारी सीमाएं लांघते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के खिलाफ भड़ास निकालने के लिए वे लोग उनकी दिवंगत मां के प्रति भी असहनीय टिप्पणी कर रहे हैं। इस तरह की भाषा शैली न केवल निंदनीय, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की गरिमा को ठेस पहुंचाने और समाज में गहरी निराशा फैलाने वाली भी है।

## न्यूज ब्रीफ

### कुगती परिक्रमा मार्ग से 8 श्रद्धालु किए रेस्क्यू

**अनंत ज्ञान, चंबा।** मणिमहेश यात्रा के दौरान अब तक 23 लोगों की मौत हो चुकी है। एसडीआरएफ को आज एक और व्यक्ति मृत मिला है। टीम ने वाया कुगती परिक्रमा मार्ग से आठ लोगों को रेस्क्यू किया है। इस दौरान एक व्यक्ति का शव भी मिला है। गत दिनों तीन हुई भारी बारिश के दौरान 12 श्रद्धालुओं की जान गई है। इसके अलावा 11 लोगों की मौत इससे पहले हुई है। मौत का कारण सांस लेने में दिक्कत सहित भूस्खलन है। आठ लोग लापता भी बताए जा रहे हैं, जिनका अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। एसडीआरएफ एसपी अर्जित सेन ने बताया कि एक अन्य टीम कुगती मार्ग से परिक्रमा वाले रास्ते पर भी पहुंची। इस टीम ने राहत अभियान के दौरान 8 लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू किया और एक शव बरामद किया। गौरीकुंड क्षेत्र में एसडीआरएफ की एक टीम तैनात की गई है।

### बट्ट कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने यात्रियों को दिया आश्रय

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** भूस्खलन के कारण रात को बनीखेत से लेकर केरु पहाड़ तक हाईवे अवरुद्ध हो गया, जिससे हजारों मणिमहेश यात्री रास्ते में फंसकर बड़ी परेशानी में आ गए। इन श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था प्रशासन ने बनीखेत के सामुदायिक भवन व सरकारी स्कूल में की गई थी। दोनों स्थानों पर 300 से 400 मणिमहेश यात्रियों से भवन भर गए। जब सरकारी भवन भर गए तो वहीं बोंखरी मोड़ स्थित बट्ट कॉलेज ऑफ नर्सिंग के संचालक परवेज अली बट्ट और दिलदार अली बट्ट ने भी इंसानियत का परिचय देते हुए मदद को हाथ बढ़ाए। परवेज अली बट्ट व दिलदार अली बट्ट ने भी रात 11 बजे अपने संस्थान के दरवाजे मणिमहेश श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए। उन्होंने लगभग 200 मणिमहेश यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था करवाई। इतना ही नहीं रात 11 बजे इन्होंने स्वयं संस्थान में पहुंचकर बच्चों के लिए दूध व अन्य लोगों के लिए चायपान की व्यवस्था भी करवाई। सुबह चाय व नाश्ते का प्रबंध भी किया। इससे रातभर फंसे श्रद्धालुओं को काफी राहत मिली। आशीर्वाद अस्पताल बनीखेत की संचालक डॉ. वंदना लखनपाल ने अपने अस्पताल व होटल में लगभग 100 मणिमहेश यात्रियों को रुकवाया। सुबह करीब साढ़े सात बजे मार्ग बहाल होने पर यात्री यहां से रवाना हो गए हैं। प्रशासन ने मौके पर मशीनरी लगाकर सड़क को बहाल करने के प्रयास तेज कर दिए हैं और श्रद्धालुओं को आश्वासन दिया कि सुबह 10 बजे के बाद मार्ग को सुचारू कर दिया। रास्ते में बार-बार फंसे श्रद्धालु इस कठिनाई के बावजूद प्रशासन और समाजसेवियों की मदद से सुरक्षित हैं।

### श्रद्धालुओं को पठानकोट तक पहुंचाने में करें मदद

**अनंत ज्ञान, चंबा।** मणिमहेश यात्रा के दौरान चंबा से भरमौर के बीच फंसे श्रद्धालुओं को सुरक्षित पठानकोट तक पहुंचाने के लिए सभी वाहन मालिक अपना सहयोग करें, ताकि इस आपदा की घड़ी में श्रद्धालु सुरक्षित अपने घर तक पहुंच सकें। यह अपील भाजपा मंडल चंबा जिला की ओर से तमाम बस, बोलेरो, ट्रैवलर और कार मालिकों से की गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष धीरज नरयाल ने कहा कि भारी वर्षा के कारण मणिमहेश यात्रा बुरी तरह प्रभावित हुई है। भरमौर का संपर्क चंबा-भरमौर एनएच पर जगह-जगह भूस्खलन होने के कारण क्षतिग्रस्त हो चुका है। ऐसे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु फंसे हुए हैं। फिलहाल बसें, बोलेरो और ट्रैवलर राहत कार्य में लगी हुई हैं, लेकिन इनकी संख्या अब पर्याप्त नहीं है। ऐसे में यदि अधिक से अधिक वाहन मालिक श्रद्धालुओं को आपदा की इस घड़ी में अपने गंतव्य स्थलों तक पहुंचाने का कार्य करने में सहयोग करते हैं तो अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को जल्द से जल्द पठानकोट तक पहुंचाया जा सकेगा।

### जुब्बल पुलिस चोरी के मामले में आरोपी किए काबू

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहडू।** जुब्बल पुलिस ने कुछ समय पूर्व शंभू ज्वेलर्स सरस्वती नगर में हुई चोरी के मामले में एक अंतर राज्य गिरोह को पकड़ने में सफलता पाई है। पुलिस प्रशासन द्वारा पकड़े गए गिरोह के सदस्यों से पुछताछ के दौरान पता चला है कि यह गिरोह पूरे प्रदेश में चोरी की वारदात को अंजाम देने में सक्रिय रहा है। पुलिस के अनुसार जुब्बल पुलिस प्रशासन ने इससे पूर्व भी कई गिरोह को पकड़ने में सफलता पाई है। जिसमें ट्रांसफार्मर चोरी, जल शक्ति विभाग के पंप हाऊस चोरी व बड़े-बड़े नशा तस्करों को सलाखों के पीछे धकेल चुकी है। थाना प्रभारी जुब्बल चेतन चौहान ने बताया कि जुब्बल पुलिस का अभियान जारी रहेगा। एसडीपीओ प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि की है।

# राधाष्टमी पर डल में डुबकी लगाने की परंपरा टूटी, चौगान में हुई पूजा-अर्चना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

राधाष्टमी पर इस बार चंबा का ऐतिहासिक चौगान आस्था का ऐसा केंद्र बना जिसने सदियों पुरानी परंपरा का नया अध्याय रच दिया। इतिहास में पहली बार डल तोड़ने की रस्म पवित्र मणिमहेश झील की बजाय चौगान में निभाई गई। प्राकृतिक आपदा और मार्ग अवरुद्ध होने के कारण छड़ी दल झील तक नहीं पहुंच सका। श्रद्धालुओं और साधुओं ने चौगान में रखी छड़ियों की परिक्रमा कर भगवान भोलेनाथ से आशीर्वाद मांगा।

> चंबा चौगान में छलका आस्था का सागर

> मणिमहेश डल की परंपरा पहली बार यहीं निभी


राधाष्टमी पर चंबा के ऐतिहासिक चौगान में पूजा-अर्चना कर डल तोड़ने की परंपरा निभाने के बाद श्रद्धालु व अन्य।

उस पवित्र क्षण में चौगान महादेव के जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालुओं की आंखें आंसुओं से छलक पड़ीं। दर्द था परंपरा के टूटने का, लेकिन गर्व था आस्था की अटूट शक्ति का जिसने चौगान को ही मणिमहेश डल बना दिया।

इतिहास के पन्नों में यह पहला अवसर दर्ज हुआ जब जम्मू और डोडा से आने वाली कोई भी छड़ी मणिमहेश डल नहीं पहुंच सकी। श्रद्धालु भावुक हो उठे, लेकिन उनके चेहरे पर विश्वास की चमक साफ झलक रही थी। चौगान में उमड़े हजारों श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव के उद्घोष के बीच परिक्रमा की। श्रद्धालु कहते नजर आए भले ही छड़ियां डल तक न पहुंची हों, परंतु भगवान शिव सर्वव्यापी हैं। आज चौगान ही मणिमहेश डल और कैलाश बन गया है। इस वर्ष की राधाष्टमी ने यह अनोखा संदेश दिया कि आस्था कभी किसी स्थान तक सीमित नहीं होती। श्रद्धा जहां होती है, वही तीर्थ, वही डल, वही कैलाश बन जाता है।

### चौगान में 1200 तक श्रद्धालु पिछले पांच से सात दिनों से छड़ियों के साथ ठहरे हुए

**श्रद्धालुओं** ने कहा कि अब वह इसे शिव की इच्छा मानकर ही घर लौट रहे हैं। मणिमहेश ट्रस्ट डोडा के अध्यक्ष जगदीश ठाकुर, ऑडिटर प्यार सिंह, महासचिव सतीश डोगरा और लंगर कमेटी के सदस्य विजय कुमार ने बताया कि परंपरा के अनुसार हर पड़ाव पर भोले बाबा की पूजा-अर्चना के बाद ही अगला कदम बढ़ाया जाता है। इसी आस्था और अनुशासन की वजह से आपदा के दौरान भी सभी श्रद्धालु सुरक्षित रहे। कहा कि चंबा चौगान में 600 से 1200 तक श्रद्धालु पिछले पांच से सात दिनों से छड़ियों के साथ ठहरे हुए हैं।

## तबाही के बावजूद मणिमहेश पहुंचे संचुई के शिव चेले, निभाई डल तोड़ने की परंपरा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा में लगातार हो रही भारी बारिश और भूस्खलन से चारों ओर तबाही का मंजर है, जगह-जगह सड़कें बंद हैं, श्रद्धालु फंसे हुए हैं और प्रशासन राहत व बचाव कार्यों में जुटा हुआ है। ऐसे विकट हालात के बीच भी मणिमहेश यात्रा की परंपरा थमी नहीं है। तबाही के बावजूद राधा अष्टमी पर परंपरा अनुसार संचुई गांव के शिव चेले मणिमहेश डल पर पहुंचे। शिव चेलों व कार्तिक स्वामी मंदिर कुगती के गूर ने डल तोड़ने की रस्म निभाई।

### ढाई बजे से शुभ मुहूर्त

**राधा** अष्टमी पर स्नान का शुभ मुहूर्त दोपहर ढाई बजे से कल रविवार को दोपहर 11 बजे तक है। शिव चेलों ने आज दोपहर ढाई बजे डल तोड़ने की परंपरा निभाई।

### छलके श्रद्धालुओं के आंसू

**चंबा** चौगान में पहुंची छड़ी यात्रा का वहीं पर पूजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालु बड़े स्नान राधा अष्टमी पर मणिमहेश न पहुंच पाने के कारण मायूस थे व कइयों की आंखों से आंसू छलक आए।

### सदियों से चली आ रही डल तोड़ने की परंपरा

**डल** तोड़ने की रस्म का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व बेहद गहरा है। मान्यता है कि राधा अष्टमी के दिन संचुई के शिव चेलों की ओर से झील में पूजा-अर्चना के साथ डल तोड़ने की रस्म पूरी किए जाने के बाद ही मणिमहेश यात्रा का औपचारिक समापन होता है। यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है और हर परिस्थिति में निभाई जाती रही है।

### कितनी भी विपदा आए नहीं टूटती परंपरा

**इस** बार भले ही आपदा के हालात बेहद कठिन रहे हों, लेकिन संचुई के चेलों ने आस्था और परंपरा को जीवित रखते हुए कठिन परिस्थितियों में भी यात्रा की। ग्रामीणों और श्रद्धालुओं का कहना है कि चाहे कितनी भी विपदा क्यों न आए, राधा अष्टमी पर यह रस्म निभाई ही जाती है। लोगों का विश्वास है कि इस परंपरा के निर्वहन से यात्रा का धार्मिक महत्व पूर्ण होता है और अगले वर्ष की यात्रा के लिए शुभ संकेत मिलता है।

## मेहुल कुमार ने जन्मदिवस पर रक्तदान कर बचाई जान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

अकसर लोग अपना जन्मदिन केक और दावत के साथ मनाते हैं, लेकिन मोहल्ला चमेशनी के युवा मेहुल कुमार पुत्र रंजेश कुमार ने अपने जन्मदिन को मानवता और सेवा के नाम कर दिया। मणिमहेश यात्रा के दौरान एक श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर खून की तुरंत आवश्यकता थी। इस बीच मेहुल कुमार ने बिना पल गंवाए आगे आकर रक्तदान किया और घायल यात्री की जान बचाकर एक मिसाल कायम कर दी।

मेहुल ने कहा जन्मदिन पर इससे बड़ा तोहफा और क्या हो सकता है कि किसी की जिंदगी बच सके। यह पल मेरे जीवन का सबसे यादगार पल रहेगा।



श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने मेहुल के इस साहस और मानवता से भरे कदम को सच्चा जन्मदिन का महादान बताया। हर तरफ़ उनकी सराहना हो रही है।

## आफत की बारिश से डलहौजी में भारी तबाही : विधायक डीएस

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

पिछले कुछ दिनों से जारी भारी बारिश ने पूरे जिला में कहर बरपाया है। डलहौजी विधानसभा क्षेत्र भी इस आपदा से गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है। विधायक डीएस ठाकुर ने कहा कि उनकी विधानसभा क्षेत्र में भारी नुकसान दर्ज किया गया है।

बरसात के चलते तेलका और सलूनी के भांदल व डियूर क्षेत्रों में सड़क मार्ग और मोबाइल नेटवर्क पूरी तरह बाधित हो गए हैं, जिससे लोगों तक पहुंचना बेहद कठिन हो गया है। वहीं, किहार के लांगोई और भड़ेला पंचायत के नाचनोटी गांव में जमीन धंसने की घटनाओं से दर्जनों परिवार विस्थापित हो गए हैं। ठाकुर ने प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं प्रकट कीं और कहा कि प्रशासन को अवरुद्ध सड़कों की बहाली के निर्देश दिए गए हैं।



उन्होंने कहा, 'बहुत जल्द मैं तेलका, सलूनी, भांदल, किहार और डियूर क्षेत्रों का दौरा कर प्रभावित परिवारों से मुलाकात करूंगा। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए क्षेत्रवासी मुझसे सीधे संपर्क कर सकते हैं।

### विधायक ने एनएचपीसी कार्यालय बनीखेत में की बैठक

**डलहौजी** विधायक डीएस ठाकुर ने एनएचपीसी कार्यालय (ईडी) बनीखेत में कार्यपालक निदेशक ओमप्रकाश के साथ बैठक कर क्षेत्र में हालिया भारी बारिश से हुए नुकसान पर विस्तृत चर्चा की। विधायक ठाकुर ने एनएचपीसी प्रबंधन से आग्रह किया कि बगढार-खैरी, गोली-चौहड़ा, चौहड़ा-शेरपुर और चौहड़ा-सुरंगानी जैसी एनएचपीसी के अंतर्गत आने वाली क्षतिग्रस्त सड़कों को शीघ्र बहाल किया जाए, ताकि लोगों को आवागमन में राहत मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने एनएचपीसी परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांवों ककीयन्ना, चौहड़ा, सुरंगानी, शेरपुर, सिमनी तथा



विभिन्न स्कूलों में हुए भारी नुकसान की ओर ध्यान आकर्षित किया। विधायक ठाकुर ने मांग की कि प्रभावित क्षेत्रों और संस्थानों को एनएचपीसी सीएसआर से शीघ्र सहायता प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में स्थानीय जनता कठिनाई झेल रही है। ऐसे समय में एनएचपीसी की ओर से त्वरित मदद मिलना बेहद जरूरी है।

## श्रद्धालुओं को मिलेगी निशुल्क बस सुविधा : नेगी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास, जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने श्री मणिमहेश यात्रा के श्रद्धालुओं को पठानकोट तक तत्काल प्रभाव से निशुल्क बस सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। साथ में उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर राष्ट्रीय उच्च मार्ग 154 ए के अंतर्गत भरमौर-चंबा के बीच हल्के वाहनों के परिचालन वाले हिस्सों में टैक्सियों इत्यादि के माध्यम से भी निशुल्क व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है।

जगत सिंह नेगी ने चंबा से भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग को युद्ध स्तर पर बहाल करने के लिए अधीक्षण अभियंता राष्ट्रीय उच्च मार्ग को विभिन्न स्थानों पर

> चंबा से भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग के हिस्से को युद्ध स्तर पर बहाल करने के दिए निर्देश

आवश्यक मशीनरी और सहायक उपकरण की अतिरिक्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है। विकास मंत्री ने राष्ट्रीय उच्च मार्ग 154 ए के अंतर्गत बकाणी पुल से उप मंडल भरमौर की ओर पैदल चलते हुए राख- बग्गा इत्यादि विभिन्न क्षेत्रों में भारी बारिश के चलते सड़क तथा लोगों की निजी संपत्तियों को हुए नुकसान का जायजा लिया।

उन्होंने इस दौरान वापस आने वाले श्रद्धालुओं तथा स्थानीय लोगों से संवाद करते हुए उनसे फीडबैक ली तथा प्रदेश सरकार द्वारा हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। राजस्व मंत्री ने मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए कहा कि घायल श्रद्धालुओं को हेलीकॉप्टर के माध्यम से चंबा पहुंचाया जा रहा है। जगत सिंह नेगी ने इससे पहले राष्ट्रीय उच्च मार्ग चक्की-चंबा- भरमौर 154 ए के अंतर्गत कटोरी बंगला से लेकर राख- बग्गा इत्यादि विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने ग्राम पंचायत उदयपुर के लोगों के निजी घरों तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक- प्राथमिक पाठशाला में अत्यधिक बारिश के चलते आए गाद-मलवे को हटाने के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के भी निर्देश दिए।

## चंबा और भरमौर क्षेत्र सबसे बड़ी त्रासदी से गुजर रहा : ललित

**अनंत ज्ञान, चंबा**

एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर ने कहा कि इस समय जिला चंबा और विशेषकर भरमौर विधानसभा क्षेत्र सदी की सबसे बड़ी त्रासदी से गुजर रहा है। इस भीषण आपदा में जान-माल का भारी नुकसान हुआ है।

उन्होंने कहा कि हालात बेहद कठिन हैं और प्रशासन हरसंभव प्रयास कर रहा है, लेकिन ऐसी परिस्थितियों में सबसे बड़ी ताकत आपसी सहयोग ही है। ठाकुर ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि इस विकट घड़ी में सभी लोग मिलकर एक-दूसरे की



मदद करें और इंसानियत का परिचय दें। उन्होंने भरोसा जताया कि सामूहिक प्रयासों और हिम्मत के बल पर इस त्रासदी से उबरना संभव होगा।

## हेलिकॉप्टर से पहुंचाई जाएगी राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान, चंबा**

मानसून की बेरहम बारिश के बरपे कहर के कारण देश-दुनिया से अलग-थलग भरमौर उपमंडल में राशन सहित आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति हेलिकाप्टर के जरिए की जाएगी। एडीएम चंबा अमित मैहरा की ओर से भरमौर उपमंडलीय प्रशासन के आग्रह पर इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।

पिछले दिनों मानसून की बेरहम बारिश के कारण भरमौर एनएच जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके अलावा बारिश के कारण उपमंडल के कई गांवों का संपर्क भी पूरी तरह से कट गया है। ऐसे में इन स्थानों पर राशन सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित करना बड़ी चुनौती बन गया है। ऐसे में एडीएम भरमौर की ओर से उपमंडल के शेष विश्व से कटे क्षेत्रों में राशन सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई हेलिकॉप्टर के माध्यम से सुनिश्चित बनाने को लेकर जिला प्रशासन को पत्र लिखा गया था।

एडीएम चंबा की ओर से जनहित के मद्देनजर डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट 2005 की धारा 31 व 34 के तहत भरमौर उपमंडल के देश-दुनिया से कटे क्षेत्रों में राशन सहित आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति हेलिकाप्टर के जरिए सुनिश्चित बनाने की अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह अधिसूचना आगामी आदेशों तक जारी रहेगी। उधर, एडीएम चंबा अमित मैहरा ने बताया कि भरमौर के शेष विश्व से कटे क्षेत्रों में तक राशन सहित आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति हेलिकॉप्टर के माध्यम से सुनिश्चित बनाई जाएगी।

अनंत Classifieds

**NAME CHANGE**

**I, Rajesh Kumar** S/o Sher Singh R/o Vill Mamnu P.o Namhol, Teh. Sadar, Distt Bilaspur (H.P) declare that my son name wrongly record Prathyush Maratha in aadhar card. Whereas correct name is Piyush Maratha . All concern note.

### सूडोकु नवताल- 7538

★ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7537 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

31 अगस्त, 2025, रविवार

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (क्रोधी), **मास** : भाद्रपद, **तिथि** अष्टमी (00.58): **नक्षत्र** अनुराधा (17.27), **पक्षः** शुक्ला, **योग** : वैधृति (15:59) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:59-12:53), **राहुकाल** (04:30-6:00)।

**विशेष दिन**

- 31 अगस्त श्री राधा अष्टमी आज।
- 31 अगस्त : श्री महालक्ष्मी व्रत आज से प्रारम्भ।

**मेषः** सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**वृषभः** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी।

**मिथुनः** चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।

**कर्कः** थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। मांगलिक कार्य संपन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**सिंह :** परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ रहेगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें।

**कन्या :** प्रतिष्ठ बढ़ने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी।

**तुलाः** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। काम सुबह-सवेरे निपटा लें।

**वृश्चिकः** व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

**धनुः** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रख।

**मकरः** पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा।

**कुंभ :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी।

**मीन :** कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**राहत** | सिविल अस्पतालों, सीएचसी और पीएचसी में सुविधा

## मुफ्त होंगे स्क्रब टायफस व टायफायड के टेस्ट




**अनंत ज्ञान, मंडी**

ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ बनाने के उद्देश्य से सरकार ने एक अहम निर्णय लिया है। इस निर्णय के अंतर्गत अब सिविल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) में भी स्क्रब टायफस और टायफायड के टेस्ट निःशुल्क होंगे। इससे पूर्व, यह टेस्ट केवल मेडिकल कॉलेज और जिला स्तरीय अस्पतालों में ही निःशुल्क होते थे।

इस संबंध में सभी अस्पतालों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सरकार की इस पहल से मरीजों को आर्थिक राहत के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त होगी और उन्हें जांच के लिए अब दूर नहीं जाना पड़ेगा।

बीएमओ करसोग डॉ. गोपाल चैहान ने बताया कि करसोग अस्पताल में भी अब स्क्रब टायफस

> मरीजों को उपचार करवाने में होने वाले खर्च से छुटकारा मिलेगा

और टायफायड के टेस्ट पूरी तरह निःशुल्क किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे मरीजों को राहत मिलेगी और उनके समय की भी बचत होगी। उन्होंने बताया कि करसोग अस्पताल में प्रतिदिन 700 से 800 मरीजों की ओपीडी होती है और अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रों के लोग उपचार के लिए आते हैं।

उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में स्क्रब टायफस और टायफायड जैसी बीमारियां अधिक सामने आती है। स्क्रब टायफस और टायफायड की जांच हेतू टेस्ट की निःशुल्क सुविधा मिलने से अब ऐसे मरीजों को उपचार करवाने में होने वाले खर्च से छुटकारा मिलेगा। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व, स्क्रब टायफस और टायफायड की जांच के लिए मरीजों को 196 रुपये तक प्रति टेस्ट देने पड़ते थे।

### टोकन व्यवस्था शुरू

बीएमओ ने बताया कि मरीजों की सुविधा के लिए अस्पताल प्रबंधन निरंतर नई सुधारात्मक पहल कर रहा है। उन्होंने बताया कि सिविल अस्पताल करसोग में ओपीडी में होने वाली भीड़ को नियन्त्रित करने और मरीजों को पारदर्शी एवं समयबद्ध उपचार सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए अस्पताल में एक सितंबर, 2025 से टोकन सिस्टम लागू किया जा रहा है। इस व्यवस्था से मरीजों की जांच क्रमबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित होगी तथा भीड़ में होने वाली अव्यवस्था से बचाव होगा।

### बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में कदम

डॉ. चौहान ने बताया कि अस्पताल में सुविधाओं का विस्तार लगातार किया जा रहा है ताकि मरीजों को बेहतर, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। उन्होंने बताया कि अस्पताल में खाली चल रहे विशेषज्ञ चिकित्सकों के पदों को भरने के प्रयास किए जा रहे है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत थाची विकास खंड बालीचौकी, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

आज की बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए निविदा आमन्त्रण बारे प्रस्ताव रखा गया । इस प्रस्ताव पर बैठक में विचार-विमर्श किया गया तथा विचार-विमर्श के बाद निर्णय लिया गया कि वर्ष 2025-26 के लिए निविदा आमंत्रित करनी उचित है। इसलिए सभी सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025-26 के लिए निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। सभी से निवेदन है कि दिनांक 15/09/2025 तक आवेदन ग्राम पंचायत थाची में पहुंचने अनिवार्य है । इस तिथि के बाद किसी का आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। सभी अपने आवेदन डाक माध्यम से भेजें। याद रहे हाथ दस्ती आवेदन प्राप्त नहीं होंगे। दिनांक 25/09/2025 को आवेदन पत्रों की समीक्षा की जाएगी । सामग्री का विवरण इस प्रकार 1.रेत (Water Borne)-फुट में 2. बजरी (Krusher)- फुट में 3. लोकल पत्थर- Cu. Mtr में 4. ईंटें (मिटटी के भठे की)-प्रति ईंट 5. JCB द्वारा cutting और Stone Breaking- Cu. Mtr में 6. सीमेंट ढुलान बालीचौकी से- प्रति बैग 7. खच्चर किराया- प्रति फुट व प्रति पेवर /ईंट 8. Dustvin- प्रति नग 9. GI Sheet छत बाली-प्रति शीट 10. ग्रिल लोहा-प्रति किलोग्राम 11. सूचना बोर्ड साइज़ वार- प्रति बोर्ड 12. सरिया-प्रति किलो

**शर्ते** - 1. अनुमोदित निविदादाता के पास अपनी गाड़ी होनी अनिवार्य है जिसकी RC आवेदन पत्र के साथ सलंग्न करनी आवश्यक है । 2 निविदादाता का अपना पंजीयन पैन संख्या GST नम्बर होना अनिवार्य है । 3 GST या CGST निविदा के साथ व समग्री के साथ मूल्य सहित स्पष्ट रूप से दर्शायें 4 खनिज पदार्थ बाली सामग्री में M फॉर्म प्रदान करना आवश्यक होगा । 5 अनुमोदित निविदादाता को धरोहर राशी के रूप में 5000 रूपये पंचायत के खाता में जमा करने होंगे । 6 सामग्री की गुणवता से कोई समझौता नहीं होगा । 7 आवेदन को रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास सुरक्षित है । 8 अगर सामग्री की आपूर्ति समय पर नहीं की जाती हैं तो विना पूर्व सूचना के अनुबंध रद्द किया जायेगा ।

**नोट** - सामग्री निम्न स्थानों में गाड़ी द्वारा पहुंचानी होगी । 1 थाची 2 ददवास 3 बुरना 4 चोडी 5 रोपा मूल्य सभी स्थानों के लिए बराबर रहेगा।

**प्रधान/सचिव**
**कार्यालय ग्राम पंचायत थाची**
**विकास खंड बालीचौकी, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत बसूट विकास खंड बालीचौकी, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

आज की बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए निविदा आमन्त्रण बारे प्रस्ताव रखा गया । इस प्रस्ताव पर बैठक में विचार-विमर्श किया गया तथा विचार-विमर्श के वाद निर्णय लिया गया कि वर्ष 2025-26 के लिए निविदा आमंत्रित करनी उचित है। इसलिए सभी सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025-25 के लिए निविदाएँ आमंत्रित की जाती है । सभी से निवेदन है कि दिनांक 15/09/2025 तक आवेदन ग्राम पंचायत बसूट में पहुंचने अनिवार्य है । इस तिथि के बाद किसी का आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। सभी अपने आवेदन डाक माध्यम से भेजें। याद रहे हाथ दस्ती आवेदन प्राप्त नहीं होंगे। दिनांक 24/09/2025 को आवेदन पत्रों की समीक्षा की जाएगी । सामग्री का विवरण इस प्रकार से है।

1. रेत (Water Borne )With M Form- प्रति फुट में 2. बजरी (Krusher) With M Form प्रति फुट में 3.लोकल पत्थर (With M Form) -Cu. Mtr में 4. ईंटें (मिट्टी के भठे की)- प्रति ईंट 5. JCB द्वारा cutting और Stone Breaking- Cu. Mtr में 6. सीमेंट ढुलान बालीचौकी से -प्रति बैग 7. सरिया-प्रति किलोग्राम 8. Dustvin-प्रति नग 9. GI Sheet छत बाली-प्रति शीट 10. ग्रिल लोहा- प्रति किलोग्राम 11. सूचना बोर्ड साइज़ वार-प्रति बोर्ड 12. खचर ढलवान रोड से गांव-प्रति फुट

**शर्ते** - 1 अनुमोदित निविदादाता के पास अपनी गाड़ी होनी अनिवार्य है जिसकी RC आवेदन पत्र के साथ सलंग्न करनी आवश्यक है। 2 निविदादाता का अपना पंजीयन पैन संख्य GST नम्बर होना अनिवार्य है । 3 GST या CGST निविदा के साथ व समग्री के साथ मूल्य सहित स्पष्ट रूप से दर्शायें । 4 खनिज पदार्थ बलि सामग्री में रूफॉर्म प्रदान करना आवश्यक होगा । 5 अनुमोदित निविदादाता को धरोहर राशी के रूप में 5000 रूपये पंचायत के खाता में जमा करने होंगे । 6 सामग्री की गुणवता से कोई समझौता नहीं होगा । 7 आवेदन को रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास सुरक्षित है । 8 अगर सामग्री की आपूर्ति समय पर नहीं की जाती है तो बिना पूर्व सूचना के अनुबंध रद्द किया जायेगा ।

**नोट** - सामग्री निम्न स्थानों में गाड़ी द्वारा पहुंचानी होगी । 1 बसूट 2 शाला गाड 3 बिझर । मूल्य सभी स्थानों के लिए बरावर रहेगा ।

**प्रधान/सचिव**
**कार्यालय ग्राम पंचायत बसूट**
**विकास खंड बालीचौकी, जिला मंडी (हि.प्र.)**

"**आप** केवल खड़े होकर पानी को घूरते रहने से समुद्र पार नहीं कर सकते, जिसके लिए आपको प्रयास करने ही होंगे। -**रवींद्रनाथ टैगोर**

## संपादकीय

# कैग की रिपोर्ट पर घमासान

**हि**माचल प्रदेश की आर्थिक सेहत को लेकर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग की ताजा रिपोर्ट ने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि राज्य की आय और व्यय का संतुलन लगातार बिगड़ रहा है और राजस्व घाटा पिछले कई वर्षों से लगातार बढ़ता जा रहा है। वर्ष 2023-24 में यह घाटा 5558.59 करोड़ रुपए दर्ज किया गया है, जो बताता है कि सरकार अपनी कमाई से कहीं ज्यादा खर्च कर रही है। यही नहीं, राजकोषीय घाटा 2019-20 में जहां 5597 करोड़ रुपए था, वहीं 2023-24 में दोगुना होकर 11266 करोड़ तक पहुंच गया। यह स्थिति अपने आप में खतरनाक संकेत है, क्योंकि यह दर्शाता है कि सरकार घाटे को पूरा करने के लिए लगातार कर्ज पर निर्भर होती जा रही है। कैग ने यह भी इंगित किया कि सरकार ने पूंजीगत निवेश को बढ़ावा देने की बजाए मौजूदा उधारी चुकाने पर ज्यादा खर्च किया है, जबकि पूंजीगत निवेश ही किसी राज्य के भविष्य की विकास दर तय करता है। यह भी तथ्य सामने आया कि 1 अप्रैल 2023 से बहाल की गई पुरानी पेंशन योजना यानी ओपीएस ने वित्तीय दबाव और बढ़ा दिया है। मौजूदा समय में राज्य की कुल राजस्व प्राप्ति का 72 प्रतिशत हिस्सा केवल वेतन, पेंशन और ब्याज भुगतान में खर्च हो रहा है, ऐसे में विकास योजनाओं और बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए बहुत कम संसाधन बच पाते हैं। सब्सिडी का बोझ भी लगातार बढ़ रहा है। वर्ष 2019-20 में जहां राज्य ने 1067 करोड़ रुपए सब्सिडी पर खर्च किए, वहीं 2023-24 में यह आंकड़ा 1768 करोड़ तक पहुंच गया। यह वृद्धि दर्शाती है कि राज्य की वित्तीय जिम्मेदारियां और अधिक बढ़ गई हैं। बजटीय प्रबंधन की खामियां भी रिपोर्ट में उजागर हुईं।

कई विभागों में बजट अनुमान और वास्तविक व्यय में भारी अंतर पाया गया। यह स्थिति राज्य की लेखा प्रणाली और व्यय की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े करती है। हालांकि इन चिंताजनक आंकड़ों के बीच एक सकारात्मक पहलू यह है कि हिमाचल का सकल घरेलू उत्पाद 2023-24 में 8.5 प्रतिशत की दर से बढ़कर 2,07,430 करोड़ रुपए हो गया है। यह संकेत देता है कि राज्य की अर्थव्यवस्था में क्षमता और संभावनाएं मौजूद हैं, बस उन्हें सही दिशा और बेहतर वित्तीय अनुशासन की आवश्यकता है। कैग की रिपोर्ट आते ही राजनीतिक घमासान तेज हो गया। विपक्षी भाजपा ने इसे हथियार बनाकर कांग्रेस सरकार को घेरना शुरू कर दिया। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार ने केवल कर्मचारियों को खुश करने के लिए ओपीएस लागू की है, लेकिन इस निर्णय का दीर्घकालिक असर बेहद खतरनाक होगा और राज्य को आने वाले वर्षों में केवल वेतन और पेंशन चुकाने के लिए ही उधारी लेनी पड़ेगी। भाजपा नेताओं ने यह भी कहा कि सरकार विकास के नाम पर खोखले दावे कर रही है, जबकि असलियत यह है कि उसकी वित्तीय स्थिति खस्ताहाल है। उधर, सत्ता पक्ष कांग्रेस का तर्क है कि राज्य की मौजूदा आर्थिक चुनौतियां पिछली भाजपा सरकार की ही देन हैं।

वित्त मंत्री का कहना है कि ओपीएस बहाल करना चुनावी प्रतिबद्धता थी और सरकार इससे पीछे नहीं हट सकती, साथ ही उनका यह भी दावा है कि जीडीपी में वृद्धि बताती है कि हिमाचल में विकास की क्षमता बनी हुई है और आने वाले वर्षों में राज्य की वित्तीय स्थिति को स्थिर करने के लिए कदम उठाए जाएंगे। राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से परे यदि आम जनता की भावनाओं को देखा जाए तो वहां भी चिंता स्पष्ट झलकती है। कर्मचारी वर्ग के लिए ओपीएस राहत जरूर है, लेकिन उन्हें भी यह आशंका सताती है कि राज्य पर वित्तीय बोझ बढ़ने से भविष्य में वेतन और पेंशन भुगतान समय पर हो पाएगा या नहीं। किसान और बागवान समुदाय का कहना है कि घाटे और कर्ज के चलते कृषि और बागवानी योजनाओं पर पर्याप्त धनराशि खर्च नहीं हो पा रही और प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान की भरपाई भी अधूरी रह जाती है। व्यापारी और उद्योगपति मानते हैं कि वित्तीय अस्थिरता निवेश के माहौल को कमजोर करती है और इसका सीधा असर छोटे व्यापारियों और नए उद्योग लगाने वालों पर पड़ता है। आम जनता के मन में सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब राज्य की आय का इतना बड़ा हिस्सा वेतन, पेंशन और ब्याज में ही खर्च हो रहा है तो सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए संसाधन कहां से आएंगे। ग्रामीण इलाकों में तो यह आशंका और गहरी है कि घाटे का बोझ अंततः जनता की जेब से ही वसूला जाएगा, कभी टैक्स बढ़ाकर तो कभी सेवाओं के दाम बढ़ाकर। इस स्थिति से निपटने के लिए हिमाचल सरकार को अब ठोस कदम उठाने होंगे। कुल मिलाकर, कैग की रिपोर्ट हिमाचल सरकार के लिए चेतावनी की घंटी है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### प्रसिद्ध कवयित्री, उपन्यासकार और निबंधकार

**अमृता** प्रीतम प्रसिद्ध कवयित्री, उपन्यासकार और निबंधकार थीं, जिन्हें 20वीं सदी की पंजाबी भाषा की सर्वश्रेष्ठ कवयित्री माना जाता है। इनकी लोकप्रियता सीमा पार पाकिस्तान में भी बराबर है। इन्होंने पंजाबी जगत में छह दशकों तक राज किया। अमृता प्रीतम ने लगभग 100 पुस्तकें लिखी हैं, जिनमें उनकी चर्चित आत्मकथा 'रसीदी टिकट' भी शामिल है। अमृता प्रीतम उन साहित्यकारों में थीं, जिनकी कृतियों का अनेक भाषाओं में अनुवाद हुआ। अपने अंतिम दिनों में अमृता प्रीतम को भारत का दूसरा सबसे बड़ा सम्मान 'पद्म विभूषण' भी प्राप्त हुआ। उन्हें 'साहित्य अकादमी पुरस्कार' से पहले ही अलंकृत किया जा चुका था। अमृता प्रीतम का जन्म गुजरांवाला (पंजाब- पाकिस्तान) में हुआ था। वह उन विरले साहित्यकारों में से हैं, जिनका पहला संकलन 16 साल की आयु में प्रकाशित हुआ। फिर आया 1947 का विभाजन का दौर, इन्होंने विभाजन का दर्द सहा था और इसे बहुत करीब से महसूस किया था, इनकी कई कहानियों में आप इस दर्द को स्वयं महसूस कर सकते हैं। ■



अमृता प्रीतम
**जन्म** : 31 अगस्त, 1919
**मृत्यु** : 31 अक्तूबर, 2005



कविता

### संकट हरो गणेश जी

शिव सान्याल मकड़ाहन, जवाली (कांगड़ा)

*मेघ धरा पर आज है, खेलें तांडव खेल।*
*संकट हरो गणेश जी, रहे सभी दुख झेल।*
*संकट हरो गणेश जी, दिखें प्रलय के सार।*
*जन जीवन बेहाल है, मेघ करें संसार।*
*बिछुड़ गए अपने सगे, रोते दुखिया नैन।*
*संकट हरो गणेश जी, जीव धरा बेचैन।*
*बहुत हुआ है जलजला, बड़ा चहुंओर क्लेश।*
*जमींदोज सब हो रहा, संकट हरो गणेश।*
*संकट हरो गणेश, घोर विपदा है छाई।*
*बड़ा मेघ का कोप, धरा पर आफत आई।*
*होते ध्वस्त मकान, मौत का तांडव देखा।*
*बहती जाती लाश, मिटी है जीवन रेखा।*
*संकट हरो गणेश, दीन के हो तुम दाता।*
*करते हो कल्याण, जोड़ कर जो है जाता।*
*सब कुछ जाननहार, दया तुम हम पर करना।*
*आए तेरे द्वार, झोलियां सुख की भरना, दुख सबके हरना।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# बच्चियों की सुरक्षा व लॉ : जरूरी है समान नागरिकता

**भा**रत के लोकतांत्रिक ढांचे के सामने इस समय सबसे गंभीर सवाल यह है कि क्या देश की बच्चियों और बच्चों की सुरक्षा उनकी धार्मिक पहचान और पर्सनल लॉ से तय होगी या फिर संविधान और संसद द्वारा बनाए गए कानून सभी पर समान रूप से लागू होंगे। यह सवाल केवल कानूनी तकनीक या न्यायिक व्याख्या तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के भविष्य और राष्ट्र की दिशा तय करने वाला है। हाल के वर्षों में विभिन्न उच्च न्यायालयों ने मुस्लिम पर्सनल लॉ का हवाला देते हुए यह कहा कि यदि कोई मुस्लिम लड़की यौवन प्राप्त कर चुकी है तो उसका विवाह, भले ही वह 18 वर्ष से कम उम्र की हो, वैध माना जाएगा। इन निर्णयों के पीछे तर्क दिया गया कि शरीयत के अनुसार यौवन विवाह की क्षमता प्रदान करता है, परंतु यह व्याख्या बच्चों के अधिकारों, संसद द्वारा बनाए गए पॉक्सो कानून और संविधान के मूलभूत सिद्धांतों को सीधी चुनौती देती है।



**डॉ. निवेदिता शर्मा**
वकील

संसद ने 2012 में बच्चों को यौन अपराधों से बचाने के लिए पॉक्सो अधिनियम पारित किया। इसमें साफ-साफ परिभाषा दी गई कि 18 वर्ष से कम उम्र का हर व्यक्ति बच्चा है और उसके साथ किसी भी प्रकार का यौन संबंध अपराध है, चाहे वह विवाह के नाम पर ही क्यों न हो। जब अदालतें पर्सनल लॉ के आधार पर इस प्रावधान को दरकिनार करती हैं, तो केवल कानून का उल्लंघन नहीं होता, बल्कि यह एक ऐसी दोहरी व्यवस्था पैदा करता है, जो संविधान की समानता की गारंटी को कमजोर करती है।

**संवैधानिक कसौटी और समानता का सवाल:** संविधान के अनुच्छेद 14 सभी को समानता का अधिकार देते हैं, अनुच्छेद 15(3) महिलाओं और बच्चों को विशेष संरक्षण प्रदान करता है और अनुच्छेद 21 हर नागरिक को गरिमा और जीवन का अधिकार सुनिश्चित करता है। ये अधिकार धर्म या परंपरा पर निर्भर नहीं हैं। जब हिंदू, सिख, ईसाई, बौद्ध या पारसी बच्चियों के लिए विवाह की न्यूनतम आयु 18 वर्ष है, लेकिन मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत इसे 15 या 16 वर्ष में वैध ठहराया जाता है, तो यह नागरिकता की समानता के सिद्धांत पर सीधा आघात है। राष्ट्र तभी 'एक कानून, एक सुरक्षा' की दिशा में आगे बढ़ सकता है, जब सभी बच्चियों को उनकी धार्मिक पहचान से परे समान सुरक्षा मिले] अन्यथा भारत दोहरी व्यवस्था वाला देश बन जाता है, जहां एक समुदाय की बेटी को राज्य का संरक्षण मिलता है और दूसरी बेटी उसी उम्र में 'वैवाहिक बंधन' के नाम पर असुरक्षित छोड़ दी जाती है।



**विधिक ढांचा और न्यायालयों की व्याख्या:** देश में बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 और पॉक्सो अधिनियम, 2012 दोनों स्पष्ट रूप से 18 वर्ष की आयु से पहले विवाह और यौन संबंधों को अपराध घोषित करते हैं। इतना ही नहीं, उच्चतम न्यायालय ने 2017 में इंडिपेंडेंट थॉट बनाम यूनियन ऑफ इंडिया के ऐतिहासिक फैसले में कहा कि यदि पत्नी की आयु 18 वर्ष से कम है तो उसके साथ यौन संबंध बलात्कार के समान अपराध होगा।

इस फैसले ने परंपरा को बच्चों की सुरक्षा से ऊपर रखने से इनकार किया और संविधान की सर्वोच्चता को स्थापित किया। बावजूद इसके, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय जैसे कुछ न्यायालयों ने मुस्लिम पर्सनल लॉ का हवाला देकर नाबालिग विवाह को मान्यता दी। वहीं, दिल्ली और केरल उच्च न्यायालय ने साफ कहा कि पॉक्सो सभी व्यक्तिगत कानूनों से ऊपर है। यह विरोधाभास अपने आप में इस आवश्यकता को रेखांकित करता है कि अब सर्वोच्च न्यायालय को संविधान पीठ गठित कर स्पष्ट और सर्वमान्य निर्णय देना चाहिए।

**एनसीपीसीआर और न्यायपालिका का रुख:** बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए संसद ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) बनाया। यही संस्था जब सुप्रीम कोर्ट में पहुंची तो उसकी याचिका को यह कहकर खारिज कर दिया गया कि वह 'अजनबी' है और मामले में उसकी लोकस स्टैंडी नहीं है। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। अगर बच्चों की वैधानिक संरक्षक संस्था को ही न्यायपालिका सुनने को तैयार न हो, तो फिर बच्चियों की आवाज कौन उठाएगा? संसद को चाहिए कि वह एनसीपीसीआर को यह अधिकार स्पष्ट रूप से प्रदान करे कि वह सीधे सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों में बच्चों के अधिकारों से जुड़े मामलों में हस्तक्षेप कर सके।

**बाल विवाह आज भी सामाजिक चुनौती:** यह प्रश्न अकसर मुस्लिम पर्सनल लॉ तक सीमित कर दिया जाता है, लेकिन सचाई यह है कि बाल विवाह पूरे देश में एक व्यापक सामाजिक समस्या है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के अनुसार भारत में 23 प्रतिशत लड़कियां 18 वर्ष से पहले विवाह कर लेती हैं। ग्रामीण इलाकों में यह दर और अधिक है। पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और असम जैसे राज्यों में बाल विवाह की दर 30 प्रतिशत से ऊपर है। इन आंकड़ों से साफ है कि समस्या किसी एक धर्म या समुदाय की नहीं, बल्कि सामाजिक संरचना और पिछड़ेपन से जुड़ी है, लेकिन जब न्यायालय पर्सनल लॉ के आधार पर बाल विवाह को वैध ठहराते हैं, तो यह सामाजिक समस्या और गहरी हो जाती है।

**मुस्लिम समाज के भीतर सुधार की आवाज:** मुस्लिम समाज के भीतर भी बड़ी संख्या में लोग बाल विवाह का विरोध कर रहे हैं। अनेक मुस्लिम महिला संगठन और सामाजिक कार्यकर्ता इस बात पर जोर देते हैं कि इस्लाम बाल विवाह को बढ़ावा नहीं देता। पैगंबर मोहम्मद की शिक्षाओं में विवाह परिपक्वता और सहमति पर आधारित बताया गया है, न कि केवल शारीरिक यौवन पर। इसलिए सुधार की मांग बाहर से थोपी हुई नहीं, बल्कि समुदाय के भीतर से भी आ रही है। कम उम्र में विवाह केवल कानूनी समस्या नहीं है, बल्कि इसके सामाजिक और स्वास्थ्य पर दूरगामी दुष्परिणाम होते हैं। किशोरावस्था में गर्भधारण से मातृ मृत्यु दर कई गुना बढ़ जाती है। जल्दी विवाह से बच्चियों की शिक्षा अधूरी रह जाती है और आत्मनिर्भर बनने का सपना टूट जाता है।


**उच्चतम न्यायालय का हस्तक्षेप आवश्यक:** पॉक्सो अधिनियम में 2019 के संशोधन द्वारा कठोर दंड प्रावधान किए गए, जिनमें नाबालिगों के साथ बलात्कार पर मृत्युदंड तक का प्रावधान है। यह संकेत है कि संसद और सरकार दोनों बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर हैं] लेकिन यदि अदालतें पर्सनल लॉ का हवाला देकर इन प्रावधानों को निष्प्रभावी बना दें, तो यह सख्ती केवल कागज पर रह जाएगी। अब समय आ गया है कि उच्चतम न्यायालय संविधान पीठ गठित कर यह स्पष्ट करे कि पॉक्सो और बाल विवाह निषेध अधिनियम सभी व्यक्तिगत कानूनों से ऊपर हैं। संसद को भी चाहिए कि पॉक्सो अधिनियम में एक स्पष्ट प्रावधान जोड़ा जाए, जो बच्चों की सुरक्षा को सभी पर्सनल लॉ से ऊपर रखे। साथ ही, एनसीपीसीआर जैसी संस्थाओं को न्यायपालिका में सीधे जाने का अधिकार दिया जाए। भारत को यह संदेश स्पष्ट रूप से देना होगा कि बच्चियों की सुरक्षा, शिक्षा और गरिमा ही असली राष्ट्र धर्म है। कोई भी परंपरा, पर्सनल लॉ या सामाजिक प्रथा बच्चियों के अधिकारों से ऊपर नहीं हो सकती।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

नजरिया

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का व्यवसायीकरण न हो


**सा**र्वजनिक जीवन में शिष्ट आचरण या भद्र व्यवहार की मर्यादाओं का ध्यान रखना जरूरी माना जाता है। संयत व्यवहार और संयम के साथ बर्ताव पर भारतीय समाज में बल दिया जाता रहा है। इससे संवाद और सकारात्मक विचार-विनिमय के लिए अवसर निर्मित होता है। आज परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं और आधुनिकता के नाम पर उच्छृंखलता की तरफ कदम बढ़ने में देर नहीं लगाती है।



**गिरीश्वर मिश्र**
हिंदी विवि वर्धा के पूर्व कुलपति

संसद तक में इस तरह के दृश्य आए दिन दिख रहे हैं। यह सब अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर होता है, जो संविधान द्वारा प्रदत्त एक महत्वपूर्ण अधिकार है। इसमें तनिक भी संदेह नहीं कि लोकतंत्र में नागरिकों की गरिमा की रक्षा के लिए इसका विशेष महत्व है और इसी हर कीमत पर रक्षा होनी ही चाहिए।

विगत वर्षों में आई डिजिटल क्रांति ने संचार और संवाद का एक नया और चुनौतीभरा वातावरण खड़ा कर दिया है। उसके बीच सोशल मीडिया की उभरती सर्वातिक्रामी भूमिका ने अभिव्यक्ति की शक्ति को अत्यंत प्रभावी बना दिया है। इसके साथ कई आर्थिक और नैतिक सवाल भी जुड़ गए हैं। अब तो मीडिया में प्रभावी लोगों (मीडिया इंफ्लुएंसर्स) की एक नई विशिष्ट श्रेणी ही बन गई है। इनमें से अधिकांश लोग अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अपने नफे के लिए विधिवत व्यवसायीकरण करने में जुट गए हैं। दूसरे शब्दों में वे कमाई करने के लिए अभिव्यक्ति की खूब छूट ले रहे हैं। अपने कार्यक्रमों के दौरान उनके द्वारा की गई टिप्पणियां कई बार भारत के विविधतापूर्ण समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाती भी दिखती हैं। वे लोगों को अखर जाती हैं। उनके शिकारों में अकसर विकलांग, महिलाएं, बच्चे, वरिष्ठ नागरिक और अल्पसंख्यक वर्ग के लोग शामिल रहते हैं। खास बात यह है कि प्रभावशाली लोग जो कहते हैं, वह आज के दौर में बड़ा मायने रखने लगा है। उनका दिया प्रत्यक्ष और परोक्ष संदेश एक पूरी पीढ़ी को प्रभावित करता दिख रहा है।



ताजे घटनाक्रम में इससे जुड़े एक मामले में उच्चतम न्यायालय में न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति बागची की पीठ ने केंद्र सरकार से कहा है कि वह पॉडकास्ट जैसे ऑनलाइन शो सहित सोशल मीडिया पर आचरण को विनियमित करने के लिए राष्ट्रीय प्रसारकों और डिजिटल एसोसिएशन के परामर्श से व्यापक दिशा-निर्देश तैयार कर ले आएं। यह सही है कि हास्य हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है, उसे होना भी चाहिए लेकिन उसकी भी हद होती है। हल्केपन से संवेदनशीलता का हनन कदापि नहीं होना चाहिए। इसलिए इस दिशा में जरूरी दिशा-निर्देश इस तरह बनाए जाने की जरूरत है कि उल्लंघन की अवस्था में प्रभावी कारवाई संभव हो सके। जब तक प्रभावी परिणाम नहीं सुनिश्चित किए जाते, लोग अपनी जिम्मेदारी से बच सकते हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश नहीं लगना चाहिए परंतु प्रस्तावित दिशा-निर्देश ऐसे जरूर हों जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और आहत करने वाले कथन या वक्तव्य के बीच एक स्पष्ट विभाजक रेखा खींच सकें। आवश्यकता है कि सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को संवेदनशील बनाया जाए। अगर कोई दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करता है तो उसे उसकी जिम्मेदारी भी लेनी होगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

**जब** आकाश में बादल टकराते हैं, तो बिजली (**lightning**) उत्पन्न होती है। यह बिजली बहुत अधिक ऊर्जा और गर्मी पैदा करती है, जिससे आसपास की हवा तेजी से फैलती है। इस तेजी से फैलती हुई हवा के कारण कंपन (**vibration**) होता है, जिसे हम 'गरज' या 'गर्जन' के रूप में सुनते हैं। यह ध्वनि ही बिजली की गड़गड़ाहट कहलाती है। कभी-कभी बिजली पहले दिखती है और गरज बाद में सुनाई देती है, क्योंकि प्रकाश की गति ध्वनि की तुलना में अधिक होती है। गरजती हुई बिजली यह संकेत भी देती है कि मौसम में अस्थिरता है और आसमान में भारी ऊर्जा का संचार हो रहा है। यह एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जो खासकर मानसून या आंधी-तूफान के समय ज्यादा देखने-सुनने को मिलती है।

**-अनन्या, गगल (कांगड़ा)**

# 'देश शोभला हिमाचल म्हारा' कहीं पहाड़ी गाना ही न रह जाए

**'दे**श शोभला हिमाचल म्हारा' पहाड़ी गीत की सुंदर पंक्तियां सदियों से हिमाचल की सुंदरता, संस्कृति, विरासत व हिमाचल बासियों की भावनाओं को व्यक्त करती हैं। वहीं, शोभला हिमाचल जिसे देव भूमि भी कहा जाता है, अपने प्राकृतिक सौंदर्य, शांत वातावरण, ऊंचे पहाड़ों, घने जंगलों, बल खाती सड़कें और कलकल बहती नदियों व शोर मचाते नालों के लिए जाना जाता है। इस पहाड़ी राज्य की सुंदरता को देखकर हर हिमाचली गर्व से इस गीत की इन पक्तियों के साथ झूम उठता है।



**कपिल चटर्जी**
भगवान मोहल्ला, मंडी

'देश शोभला हिमाचल हमारा' लेकिन आज न जाने इस पर किस की नजर लग गई है, जो आज प्रकृति की भीषण आपदा की मार से जूझ रहा है। भरभर गिरते पहाड़ का मलबा अपने साथ कई आशियानों को ही नहीं ला रहा है, बल्कि कई जिंदगियों को बहा कर ला रहा है। मानसून का भारी बारिश, भूस्खलन, बाढ़ और बुनियादी ढांचे को पहुंचे नुकसान ने देव भूमि को गहरे संकट में डाल दिया है। आपदा चाहे किसी भी रूप में आए, जो एक प्राकृतिक घटना है। आपदाएं बाढ़, सूखा, भूकंप, जंगलों में आग, सुनामी, बिजली, उष्णकटिबंधय चक्रवात जैसी प्राकृतिक आपदा केसी भी हो, के आने से जानमाल की भारी नुकसान होता है और इन आपदा की दुर्घटनाएं मानव गतिविधियों को प्रभावित तो करती ही हैं, साथ में मानवीय, जीव जंतु, आर्थिक व पर्यावरण को भारी क्षति होती है। चांद पर रहने के लिए आशियाना बनाने बाला मानव आज पृथ्वी पर इन आपदाओं के सामने बहुत ही दुर्बल और असहाय नजर आता है, जबकि प्राकृतिक आपदाएं जो चाहे किसी भी रूप में हों, मनुष्य के अस्तित्व के लिए हमेशा खतरा बनकर जो मानव को भविष्य के लिए सचेत कर रही हैं।

यह आपदा सिफ प्राकृतिक नहीं, बल्कि मानवीय लापरवाही का भी नतीजा हैं। लगातार जलवायु में हो रहे परिवर्तन और अनियमित मानसून के कारण बारिश असामान्य से अधिक हो रही है। बेतरतीब तरीकों से हो रहा निर्माण बिना योजना के सड़कें, होटल और भवन बन रहे हैं, जिससे भूमि की स्थिरता कमजोर हो रही है। वनों की अंधाधुंध कटाई, अनियंत्रित निर्माण और नदियों-नालों के प्राकृतिक मार्गों में हस्तक्षेप ने इस संकट को और भी गहरा बना दिया है। हाल ही में वर्तमान परिस्थितियों में हिमाचल जिस स्थिति से गुजरा है, वह भय है। प्राकृतिक विपदायों का जो भिन्न-भिन्न रूप में मानव को सचेत कर रही हैं, जो नदियो में बाढ़, बादलों का फटना, भूस्खलन का होना व पहाड़ों का दरकाना जैसी प्राकृतिक घटनाओं की संख्या का इजाफा हुआ।



मानव का जीवन बहुत बुरी तरह से प्रभावित हुआ। बारिश का पानी व बादल फटने जैसी प्राकृतिक आपदा के कारण आने वाला पानी अपने साथ मिट्टी, कीचड़, पत्थर, मलबा और पेड़ों को अपने साथ लेकर आ रहा है। कीचड़ के इस सैलाब के रास्ते मे जो भी आ रहा है, उसको अपने साथ बहा कर ले जा रहा है। वहीं, बारिश का पानी भी सड़कों पर जमा हो रहा है व सड़कों की जल निकासी व्यवस्था ठीक न होना व नदियों-नालों के मार्गों का संकीर्ण होने से सड़कें जगह-जगह से धंस रहीं हैं। करीब एक माह से हो रही मूसलाधार बारिश ने पूरे राज्य को अस्त-व्यस्त कर दिया है। अब तक दर्जनों सड़क मार्ग अवरुद्ध हो गए, जो आंशिक रूप से पगडंडियों में तबदील हो गए। कई पुल टूट गए और सैकड़ों परिवार बेघर हो चुके हैं। वर्तमान मानसून सीजन में हिमाचल प्रदेश में कुदरत का कहर बनकर बरस रहा है, जिसने हिमाचल को बुरी तरह से प्रभावित किया है। अत्यधिक वर्षा, बादल फटना, भूस्खलन, सड़कों का टूटना, नदियों में आई बाढ़ और गांवों को जोड़ते पुलों के बह जाने जैसी घटनाएं देखने को मिलती हैं, जिसने मानव का आम जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है।

कई गांवों का संपर्क टूट चुका है, यातायात बाधित है, कई लोग बेघर हो गए हैं। इन फोरलेन सड़कों पर दौड़ती पर्यटकों की गाड़ियों के पहिये ठहर से गए हैं। हर तरफ सन्नाटा ही सन्नाटा पसरा है और इस सन्नाटे के पीछे है हिमाचल पर पिछले कुछ दिनों से आया संकट इस सन्नाटे में सुनाई केवल शोर दे रहा है, जो पानी के साथ हर तरफ से बह रहा है। पर्यटन उद्योग को बढ़ाने व राजस्व की प्राप्ति के लिए पहाड़ों का सीना चीरा जा रहा है। जिन पहाड़ों से हिमाचल की सुंदरता थी, वे आज भर-भरकर गिर रहे हैं। जहां-जहां इस आपदा ने अपना कहर बरपाया है, वहां हालात चुनौतीपूर्ण थे, फिर भी इस संकट की घड़ी में मानव किसी न किसी रूप में एक दूसरे की मदद कर रहा है।

समय व्यतीत हो जाएगा व कुछ दिनों के पश्चात हम सब इस दौर से बाहर निकल जाएंगे। सड़कों के गड्ढों को भर दिया जाएगा, पुलों का निर्माण या कोई विकल्प मार्ग निकाल दिया जाएगा। वादियां फिर से हरी-भरी हो जाएंगी, नदियां फिर शांत रूप में बह रही होगी, नालों का पानी सूख जाएगा, परंतु जिन लोगों को इन त्रादसियों में अपनी जान से हाथ धोना पड़ा, कुछ को सपनों के आशियानों को खोना पड़ा, बिछड़ों को तो वापस नहीं ला पाएंगे, सपनों के महल कहीं और बन जाएंगे, पर हम इन त्रासदियों से कुछ सीखें व प्रकृति से दोस्ती का रिश्ता बनाएं व आने वाले समय में इन नदियों व नालों में पानी तो आए, पर किसी एक की भी जानमाल की हानि न हो ।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# देर आए दुरुस्त आए, डॉ. परमार को अविलंब मिले भारत रत्न

**हि**माचल निर्माता डॉ. यशवंत सिंह परमार ने जो किया, वह सब जानते हैं। उनकी पहचान लोइये से थी। उन्हें हिमाचल का लोइये वाला लाल कहा जाता है। भारत रत्न उन्हें पहले भी दिया जा सकता था, लेकिन जब जागो तभी सवेरा। कांग्रेस की सरकार सत्ता में आती रही, लेकिन कभी भी यह मुद्दा सुर्खियां नहीं पा सका।



**मुकेश विंग**
ठोडो ग्राउंड मोड़, सोलन

अब दोनों बड़ी पार्टियां इसका समर्थन कर रही हैं व केंद्र में भाजपा गठबंधन सरकार है तो यह काम मुश्किल नहीं। डॉ. परमार जमीन से जुड़े नेता थे। सरल स्वभाव व मददगार। अपने लिए नहीं जनता के लिए हर काम किया। इंदिरा गांधी को उन्होंने ही मना कर हिमाचल को राज्य बनाने का मार्ग प्रशस्त किया था। उन्हें किसी पुरस्कार की चाहत नहीं रही, लेकिन हमारा भी तो कुछ फर्ज बनता है कि हम उन्हें यह सम्मान दिलवाने के गंभीर प्रयास करें।

इसके लिए प्रदेश में जनता द्वारा हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जा सकता है। हर व्यक्ति डॉ. परमार से प्यार करता है तथा उन्हें हमेशा याद करता है। यदि उन्हें भारत-रत्न मिलता है तो यह बड़ी खुशी की बात होगी। उनका कुछ ऋण भी हम इस माध्यम से उतार सकते हैं क्योंकि यह पक्की बात है कि डॉ. परमार जैसा महान व्यक्ति हिमाचल में न तो हुआ व शायद न ही भविष्य में हो सकता है।



डॉ. परमार जैसे लोग सादगी से जीवन व्यतीत कर चले जाते हैं तो बहुत याद आते हैं। न कोई कुर्सी मोह, न ही अहंकार और न ही कोई अकड़। डॉ. परमार की तुलना अटल बिहारी वाजपेयी व लाल बहादुर शास्त्री से की जा सकती है। वाजपेयी को भी लंबे समय बाद भारत रत्न दिया गया क्योंकि संकीर्ण राजनीति रोड़े अटका रही थी। एक क्रिकेटर को यह पुरस्कार पहले दे दिया गया, ऐसे निर्णयों से ठेस लगती है। जो व्यक्ति हर प्रकार से इस पुरस्कार के लिए योग्य है, उसे हर हाल में अविलंब यह अवॉर्ड दिया जाना चाहिए।

इस हिसाब से हॉकी के जादूगर ध्यानचंद को भी यह पुरस्कार तो दिया ही जाना चाहिए था। इस महान खिलाड़ी ने हिटलर की बड़ी पदवी की पेशकश भी ठुकरा दी थी। देश को तीन स्वर्ण पदक देने वाले इस महान खिलाड़ी ने भी सादगी भरा जीवन ही व्यतीत किया। आज न तो मेजर ध्यानचंद व न ही डॉ. परमार यह पुरस्कार मांग रहे हैं, लेकिन हम पर उनका कर्ज तो है। यह खुशी की की बात है कि जैसे आतंकी वारदात के बाद पूरा देश एकजुट हो गया था, आज इस लोइये वाले लाल के लिए भारत रत्न की मांग मिलकर की जा रही है। डॉ. परमार जब मुख्यमंत्री कार्यकाल के बाद घर जा रहे थे तो बस में बैठकर चने खा रहे थे। उनके एक दोस्त ने पूछा कि यह क्या है? तो वे हंसकर बोले कि मैं सीएम नहीं तुम्हारी ही तरह साधारण व्यक्ति हूं। ऐसे थे अपने प्रिय परमार साहब।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### तेज रफ्तार कार से बाइक सवार घायल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हटली पुलिस थाना क्षेत्र के अधीन बलद्वाड़ा (फटोह) में स्थित कौहणी पुल के पास फटोह संपर्क मार्ग पर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार पिता-पुत्र को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए, जिन्हें नागरिक अस्पताल बलद्वाड़ा में इलाज के लिए भर्ती किया गया है। घायलों के मुताबिक, वे अपने दैनिक कार्य से बलद्वाड़ा की ओर जा रहे थे, तभी सामने से तेज रफ्तार से आ रही कार ने गलत दिशा में आकर उन्हें टक्कर मारी। कार चालक ने तीखे मोड़ पर वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। स्थानीय ग्रामीणों मनोज शर्मा संजय भारद्वाज हरपाल सिंह अशोक कौशल बंटी चौहान सुरेश बनयाल करमचंद सुभाष सिंह पप्पू चड्ढा खुशहाल चंद नेकराम आदि के अनुसार यह मोड़ दुर्घटनाओं का एक प्रमुख स्थान बन चुका है, जहां आए दिन वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा इस समस्या का समाधान नहीं किया गया है। साथ ही एसडीएम सरकाघाट को भी इस मामले की गंभीरता से अवगत करवा दिया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उधर, थाना प्रभारी हटली बृजलाल शर्मा के अनुसार, इस दुर्घटना में कार और बाइक चालक के बीच आपसी समझौता होने के कारण कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है।

### रिवालसर कॉलेज में अध्यापक-अभिभावक संघ गठित

**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** रिवालसर कॉलेज में अभिभावक- अध्यापक संघ की आम सभा आयोजित की गई। प्राचार्य डॉ. केसी कश्यप की अध्यक्षता में हुई इस आम सभा में पिछले सत्र की कार्यकारिणी को भंग करके शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से किशन चंद को पीटीए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष जगदीश चंद, सचिव प्रो. अंजलि परमार, संयुक्त- सचिव कांता देवी, कोषाध्यक्ष दीवान चंद, वरिष्ठ सलाहकार प्रो. मनोज कुमार व सलाहकार टशी नामगियाल को चुना गया।

### बासा महाविद्यालय में मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान, गोहर।** राजकीय महाविद्यालय बासा गोहर मंडी हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय खेल दिवस 30 अगस्त 2025 को बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. पूर्ण चंद चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जी को श्रद्धांजलि अर्पित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपप्राचार्य प्रोफेसर शकुंतला, लक्ष्मी देवी (सुपरिंटेंडेंट ग्रेड-1), वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. विजय ठाकुर, डॉ. विवेक कपूर, एसोसिएट प्रोफेसर धर्म सिंह, डॉ. शिव राम, प्रोफेसर मोहन ठाकुर, प्रोफेसर अर्चना शुक्ला, प्रोफेसर प्रियंका, डॉ. वेद प्रकाश, डॉ. भेद राम, प्रोफेसर संजीव कुमार, प्रोफेसर कृष्णा, प्रोफेसर ज्योति, प्रोफेसर रोहित ठाकुर और प्रोफेसर यशपाल उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षा और खेल विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. रवींद्र कुमार द्वारा किया।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रवींद्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में राजनीति विज्ञान विभाग एवं निर्वाचन साक्षरता क्लब ने चुनावी साक्षरता एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.आर. कौंडल के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को चुनावी प्रक्रिया तथा मतदान के अधिकार के महत्व की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश दिया। प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने बताया कि यह आयोजन स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया है। इस अवसर पर निर्वाचन साक्षरता क्लब के प्रभारी सहायक प्रवक्ता राकेश के अलावा सुनीता पठानिया तथा संजीव मौजूद रहे।

### नगर परिषद अध्यक्ष ने दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नगर परिषद सरकाघाट में एक माह तक नशा मुक्ति अभियान जागरूकता शिविर चलाकर हजारों लोगों को जागरूक किया गया। अभियान के समापन अवसर पर नगर परिषद कार्यालय में अध्यक्ष कश्मीर सिंह द्वारा नगर परिषद के समस्त पार्षदों कर्मचारियों और सफाई कर्मियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। नगर परिषद के ईओ एवं तहसीलदार सरकाघाट मनीष कुमार ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं तथा युवाओं की शक्ति का समाज एवं देश विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। इस अभियान में सर्वाधिक संख्या में सिर्फ युवा ही जोड़े जाएं इसके लिए विशेष प्रयास किए गए। अभियान के अंतर्गत एकजुट होकर प्रतिज्ञा ली गई कि केवल समुदाय परिवार ही नहीं खुद को भी नशा मुक्ति करवाया जाएगा, क्योंकि बदलाव की शुरुआत खुद से होनी चाहिए।

### आज सरकाघाट में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल सरकाघाट ई. राज सिंह पराशर ने जानकारी दी कि 11 केवी फीडर सरकाघाट के अधीन 630 केवीए ट्रांसफार्मर को एनएचएआई द्वारा स्थानांतरित किए जाने के कारण अप्पर व लोअर बाजार, कुणालग गली, पपलोग गली तथा रोपा कॉलोनी में रविवार 31 अगस्त को सुबह 10 बजे से कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की गई है।

### सीताराम वर्मा राजपूत कल्याण बोर्ड में शामिल

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा राजपूत कल्याण बोर्ड के गठन करते हुए 15 सरकारी और 125 गैर सरकारी सदस्य शामिल किए गए हैं। इसमें जिला मंडी से गैर सरकारी सदस्यों के रूप में विशेष प्रतिनिधि शामिल किए गए हैं। राजपूत सभा मंडी के महासचिव डॉक्टर सीताराम वर्मा, दिनेश कुमार, दिवेश कुमार, कुलवंत ठाकुर, तेज सिंह, उर्मिला, हुतेश्वर, जसवंत मेहता, मोहर सिंह, राजकुमार, गोपाल सिंह, रमेश कुमार, पवन कुमार, किशोरी लाल, देवेंद्र कुमार, कपिल वर्मा, संजय कुमार, प्रकाश चंद व रितेश ठाकुर शामिल हैं। इस मनोनयन पर राजपूत सभा मंडी के कर्नल एमके मंड्याल, कर्नल प्रताप चौहान, कर्नल टीपीएस शर्मा, गंगाराम ठाकुर व समस्त कार्यकारिणी ने मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री, बागवानी मंत्री, एपीएमसी के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया व पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी का आभार व्यक्त कर मनोनीत सदस्यों को बधाई दी है।

### नबाही स्कूल में शिक्षक व अभिवावकों की बैठक संपन्न

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नबाही में शिक्षक व अभिवावकों की बैठक प्रधानाचार्य सुरेश पठानिया व एसएमसी अध्यक्ष अनूप ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें पीटीएम में स्थानीय पाठशाला व केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला की मुख्य शिक्षका कुसुम लता, एसएमसी की अध्यक्षा डिंपल कुमारी व दोनों पाठशालाओं के अध्यापक और अभिभावक मौजूद रहे। राज्य सरकार द्वारा जारी बिंदुओं पर जानकारी साझा की गई। बैठक में 150 के लगभग सदस्यों ने हिस्सा लिया। विभिन्न बिंदुओं पर आईडी, अभ्यास हिमाचल के उद्देश्य बारे अभिभावकों को जागरूक करने के लिए सरकार द्वारा दिए गए लिंक पर जोड़ कर ऑनलाइन प्रेरक संदेश सुनने का अवसर प्रदान किया गया, ताकि प्रेरक हो कर अभिभावक अपने बच्चों को दक्ष बना सकें। इसके बाद शिक्षा संवाद हुआ, जिसमें बच्चों की शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा की गई तथा समाज में फैली कुरीतियों जैसे नशा, मोबाइल पर भी अधिक समय लगना बारे चर्चा हुई और जागरूक किया तथा विद्यालय को सुदृढ़ बनाने हेतु भी विचार विमर्श किया गया।

# बालीचौकी में 20 दिन से न बिजली न नेटवर्क, प्रशासन नहीं ले रहा सुध

- नौजवान सभा मंगलवार को करेगी एसडीएम कार्यालय का घेराव

**नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बालीचौकी।** क्षेत्र बिजली पानी और नेटवर्क न होने का दंश झेल रहा है। प्रशासन सुध लेने की बजाय बालीचौकी बाजार में खड़ी 8 जेसीबी से काम नहीं करवा पाया, जबकि दो दिन धूप खिली रही। भारत की जनवादी नौजवान सभा लोकल कमेटी बालीचौकी ने आपदा में प्रशासन की लचर कार्यप्रणाली की कड़े शब्दों में निंदा की है।

नौजवान सभा का कहना है कि भयंकर आपदा में क्षेत्र में सभी सड़कें, बिजली, पानी इत्यादि बंद है। नौजवान सभा के नेता महेंद्र राणा ने कहा कि पिछले 20 दिनों से कोई भी नेटवर्क बालीचौकी क्षेत्र में काम नहीं कर रहा है। नदियां नाले उफान पर हैं, लेकिन कहां क्या हो रहा है इसकी सूचना देने के लिए कोई साधन नहीं है। हालत इस कदर दयनीय है कि बच्चों के स्कूल पहुंचने पर छुट्टी डिक्लेयर की जाती है।

बच्चे अपनी जान को जोखिम में डालकर स्कूल पहुंचते हैं लेकिन देरी से छुट्टी की सूचना देने पर स्कूल पहुंचकर घर लौटने पर मजबूर होते हैं। महेंद्र राणा ने कहा कि पिछले दो दिनों से मौसम साफ था, परंतु लोगों को बिजली और नेटवर्क की सुविधा नहीं मिल पाई।



### बाजार में खड़ी रही 8 जेसीबी, नहीं किया काम

**गांव** तो दूर बालीचौकी मुख्य बाजार में बिजली और नेटवर्क की सुविधा नहीं मिल पा रही है। पिछली रात पूरे वालीचौकी क्षेत्र भयंकर बारिश के चलते लोगों ने पूरी रात घर से बाहर नदी नालों को निहारते हुए गुजारी। नेटवर्क न होने की वजह से एक दूसरों के साथ सूचना का आदान-प्रदान नहीं पा रहा था। नौजवान सभा के नेता ने कहा कि शनिवार को लगभग 8 जेसीबी बालीचौकी बाजार में खड़ी थी, लेकिन एक भी जेसीबी कहीं पर भी कोई काम नहीं कर रही थी। पूरी की पूरी कनेक्टिविटी टूट गई है, परंतु कोई ना सड़कों की सुध लेने वाला ना पानी की सुध लेने वाला न बिजली और नेटवर्क की सुध लेने वाला है। इस हालात में लोग हताश परेशान है।

### सड़क ठीक न होने से सेब की फसल तबाह

**गांव** में सेब की फसलें पूरी तरह से तबाह हो गई है। मंडियों तक फसल को पहुंचाने के लिए कोई सड़क दुरुस्त नहीं है। नौजवान सभा ने आरोप लगाया कि प्रशासन आपदा का बहाना लेकर मौज मस्ती कर रहा है, इसलिए नौजवान सभा ने प्रशासन से यह मांग की है कि शीघ्र बिजली और नेटवर्क को बहाल किया जाए। यदि 3 दिन के अंदर नेटवर्क और बिजली सुचारू रूप से बहाल नहीं होती है, तो नौजवान सभा मंगलवार को एसडीएम कार्यालय का घेराव करेगी, जिसकी पूरी की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और सरकार की होगी।

# 30 घंटे बाद खुला मंडी कलखर-जाहू सुपर हाईवे

- वैकल्पिक मार्ग पटड़ीघाट से आवाजाही से मिली राहत
- कहा-सड़क की स्थिति को जल्द दिया जाएगा ठीक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

कलखर-जाहू सुपर हाईवे को 30 घंटे बाद यातायात के लिए खोल दिया गया है। वीरवार रात हुई भारी बारिश के कारण तलमेड से आगे खड्डी मोड़ पर एक विशाल चट्टान सड़क पर गिर गई थी, जिसके बाद दोनों ओर का यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया था। हालांकि, स्थानीय प्रशासन की मेहनत के बाद अब यह मार्ग फिर से चालू हो गया है। इससे पहले, सड़क बंद होने के कारण यात्रियों को पटड़ीघाट से वैकल्पिक संपर्क मार्ग पर यात्रा करनी पड़ रही थी।

हालांकि, यह मार्ग संकरा होने के साथ-साथ गड्ढों और जलभराव से भी जूझ रहा था, जिससे लोगों को भारी परेशानी हो रही थी। स्थानीय निवासी इस मार्ग की हालत को लेकर प्रशासन से जल्द कार्रवाई की अपील कर रहे थे।

स्थानीय लोगों का कहना था कि पिछले कुछ महीनों से पटड़ीघाट रोड की मरम्मत और नालियों की सफाई की कोई विशेष कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे बारिश में सड़क पर जलभराव और गड्ढों का सामना करना पड़ता है। अब जबकि मार्ग खुल चुका है, लोगों ने प्रशासन से इस सड़क की मरम्मत और नालियों की सफाई की जल्दी मांग की है ताकि आने वाले समय में यात्रा सुगम हो सके। इस बारे कनिष्ठ अभियंता भांबला जितेंद्र कुमार ने बताया कि सुपर हाइवे को खोल दिया गया है व कलखर पटड़ीघाट ढलवान सड़क को ठीक करने के लिए ठेकेदार को आदेश दे दिए गए हैं इस सड़क की स्थिति को भी जल्द ठीक कर दिया जाएगा।



सड़क को बहाल करते हुए।

# जोगिंद्रनगर में मूसलाधार बारिश से जनजीवन प्रभावित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

हिमाचल प्रदेश में मानसून के अंतिम दौर में भी बारिश थमने का नाम नहीं ले रही है। जोगिंद्रनगर व आसपास के क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। नदियां और नाले उफान पर हैं, जिससे लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई जगहों पर जलभराव और भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं। सबसे गंभीर स्थिति कुराटी-ढ़गौण सड़क मार्ग पर उत्पन्न हुई है। भारी बारिश के कारण गांव कराटी के पास भूस्खलन हो गया। भूस्खलन इतना भीषण था कि सड़क का एक बड़ा हिस्सा नीचे से खिसक गया और आधी सड़क हवा में लटक गई। इससे यह मार्ग पूरी तरह से यातायात के लिए बंद हो गया है। सड़क के अचानक धंसने से निगम की एक बस व निजी बस ढगौण की तरफ बीच रास्ते में ही फंस गईं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है, जिससे पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन की आशंका बनी हुई थी, लेकिन शुक्रवार रात की बारिश ने हालात और बिगाड़ दिए। क्षेत्रवासियों ने लोक निर्माण विभाग से तत्काल कार्रवाई कर सड़क की मरम्मत और यातायात बहाल करने की मांग की है।

# बच्चों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के लगाए स्टॉल

**अभिषेक, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर होली चाइल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ढेलू में खेलों के महत्व को रेखांकित करने के लिए वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन ऐम इंस्टीट्यूट के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर उपस्थित रहे। जीवन ठाकुर ने मैदान में रिबन काटकर और पहली सर्विस लगाकर वॉलीबॉल मैच का शुभारंभ किया।

इस मौके पर स्कूल चेयरमैन राजकुमार, निदेशक कौशल्या ठाकुर, बीबीसी वाइस चेयरमैन ओम प्रकाश ओमी, प्रिंसिपल ललिता, शारीरिक शिक्षिका अंजना शर्मा, स्कूल कोच रीता ठाकुर और श्याम सिंह ठाकुर, ऐम इंस्टीट्यूट अध्यापक विनोद कुमार समेत स्कूल स्टाफ और अभिभावक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के स्टाल के साथ जीवन ठाकुर।

जीवन ठाकुर ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के स्टॉल भी लगाए।

जीवन ठाकुर ने बच्चों द्वारा तैयार व्यंजनों का स्वाद चखा और उनकी सराहना की। स्कूल निदेशक कौशल्या ठाकुर ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी नशे की ओर बढ़ रही है। ऐसे में खेलकूद जैसी गतिविधियां बच्चों को नशे से दूर रखने। वहीं ऐम इंस्टीट्यूट कार्यक्रम के संयोजक विनोद कुमार ने युवाओं को बुरी आदतों से दूर रहने को कहा।

# मनी राम को कर्मचारियों ने किया सम्मानित

**नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बालीचौकी।** तहसील कार्यालय बालीचौकी में कार्यरत कार्यालय कानूनगो मनी राम सकलानी आज सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर उनके सम्मान में तहसील कार्यालय बालीचौकी के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उन्हें भावपूर्ण विदाई दी। इस अवसर पर कार्यालय में आयोजित एक समारोह में तहसीलदार निधि सकलानी ने उन्हें एक कर्मठ एवं ईमानदार व्यक्तित्व की संज्ञा देते हुए उनके सुखद भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कार्यालय के समस्त कर्मचारियों ने उन्हें सम्मानित भी किया।

मनी राम सकलानी ने बताया कि वे वर्ष 2002 में राजस्व विभाग में पटवारी के रूप तहसील धर्मपूर में भर्ती हुए थे और 23 साल की सेवा के बाद शनिवार को कानूनगो के पद से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि बालीचौकी तहसील में उनका सफर काफी शानदार रहा और लोगों ने उनके कार्यों को काफी सराहा। मनी राम सकलानी मूल रूप से चौहार घाटी के रोपा गांव निवासी है। बालीचौकी में उन्हें एक ईमानदार एवं कर्मठ अधिकारी के रूप से जाना जाता है, उन्होंने कानूनगो के पद पर रहते हुए यहां साढ़े 5 साल तक अपनी सेवाएं दी।



राजस्व विभाग में 23 साल कार्य कर सेवानिवृत्त हुए मनी राम।

# सरौन में खेलकूद प्रतियोगिताओं का भव्य आगाज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

अजय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में स्कूल की 40 वीं वर्षगांठ के अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिताओं का भव्य आगाज हुआ। इस खेल महोत्सव में आसपास के विभिन्न क्लबों से आई सात टीमों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और राष्ट्रीय गीत के साथ हुआ, जिससे वातावरण देशभक्ति और उत्साह से सराबोर हो गया।कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बगवाड़ा के प्रधान देशराज मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने परेड की सलामी ली और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि का स्वागत स्कूल की प्रधानाचार्य लता पठानिया ने स्मृति चिन्ह भेंट कर किया द्य मुख्यतिथि देशराज ने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल जीत और हार का नाम नहीं, बल्कि भाईचारे और खेल भावना का प्रतीक हैं। खिलाड़ियों को सदैव खेलो और सीखो की भावना से आगे बढ़ना चाहिए।

उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें खेलों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित किया।प्रतियोगिताओं में चंभोह, बधानी, सधोट, चोलथरा, समीरपुर, कांगो का गहरा सहित कई स्थानों से आई टीमों ने दमखम दिखाया। खिलाड़ियों ने पूरे जोश और जज्बे के साथ भाग लिया।खेल मुकाबलों के साथ-साथ आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भी माहौल को खुशनुमा बना दिया। विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य और अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से सबका मन मोह लिया।

स्कूल के प्रबंधक हाकम चंद पठानिया ने सभी खिलाड़ियों, अभिभावकों, प्राध्यापकों एवं अंपायर वर्ग का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ अनुशासन और आत्मविश्वास भी विकसित होता है कार्यक्रम के समापन समारोह पर सेवा-निवृत्त कला अध्यापक एवं मंदिर कमेटी अवाहदेवी के प्रधान रमेश गुलेरिया ने बतौर विशेष अतिथि शिरकत की। उन्होंने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# वल्लभ कॉलेज ने जीती रस्साकशी प्रतियोगिता

- 100 मीटर दौड़ में रावमापा मंडी की स्नेहा प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी में महिला खिलाड़ियों के लिए रस्साकशी, 100 मीटर दौड़, पैदल चाल और म्यूजिकल चेयर जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें आईटीआई मंडी, बल्लभ कॉलेज, सरदार पटेल यूनिवर्सिटी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला और डाइट मंडी की करीब 100 छात्राओं ने दमखम दिखाया।

परशुराम अवार्डी डॉ. संजय यादव मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने खिलाड़ियों को खेलों से जुड़े रहने और फिटनेस के लिए नियमित रूप से मैदान में उतरने का संदेश दिया। रस्साकशी में वल्लभ कॉलेज ने बाजी मारी, जबकि डाइट मंडी दूसरे स्थान पर रही। पैदल चाल में एसपीयू की चंद्रा पहले, आईटीआई की वंदना दूसरे और रावमापा मंडी की कृति तीसरे स्थान पर रही। 100 मीटर दौड़ में रावमापा मंडी की स्नेहा ने पहला और कृति ने दूसरा तथा आईटीआई की वंदना तीसरा स्थान प्राप्त किया।

म्यूजिकल चेयर में डाइट की टविंकल अव्वल रहीं, आईटीआई मंडी की प्रीति जम्बाल ने दूसरा और डाइट की तमन्ना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में कोच सतिन्द्र शर्मा, लोकेश शर्मा, कमलेश ठाकुर, चिराग और नेक राम पूर्ण सहित खेल प्रेमी मौजूद रहे।



रस्साकशी प्रतियोगिता में विजेता टीम को सम्मानित करते हुए।

# नागरिक अस्पताल लडभड़ोल बना रेफरल सेंटर, मरीज परेशान

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

नागरिक अस्पताल लडभड़ोल की बदहाल स्थिति को लेकर शनिवार को जिला परिषद सदस्य ममता भाटिया, पूर्व जिला परिषद सदस्य संजीव शर्मा सहित पंचायत प्रतिनिधियों ने निरीक्षण किया।

उन्होंने मेडिकल ऑफिसर से अस्पताल में रिक्त पदों की जानकारी ली और तहसीलदार के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भी सौंपा। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अस्पताल में एक पद बीएमओ सहित कुल चार डॉक्टरों के पद स्वीकृत हैं, लेकिन उनमें से सिर्फ दो ही भरे हुए हैं। रेडियोलॉजिस्ट और चपरासी के दो पद भी लंबे समय से खाली पड़े हैं। ममता भाटिया और संजीव शर्मा ने कहा कि लडभड़ोल का नागरिक अस्पताल केवल रेफरल अस्पताल बनकर रह गया है। प्रतिनिधियों ने कहा कि अस्पताल कम्युनिटी हेल्थ सेंटर से भी बेहतर सुविधा वाला है, लेकिन डॉक्टरों के लिए आवासीय व्यवस्था नहीं है। चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 2 अक्तूबर तक मांगें पूरी नहीं हुईं तो पंचायत प्रतिनिधि और क्षेत्रवासी गांधी जयंती के दिन धरना-प्रदर्शन करेंगे।

**पहल**

## मंडी शैली के चित्र विदेशों में हैं मौजूद, मंडी शैली के संरक्षण के लिए उठाए कदम

# मंडी शैली के 300 वर्ष पुराने चित्र मंदिर कमेटी को सौंपे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी शैली की पहाड़ी चित्रकला के तीन महत्वपूर्ण चित्र सिद्ध गणपति मंदिर कमेटी को भेंट किए गए। इनमें पहला चित्र श्री गणपति तथा मां शारदा जी का है, विक्रम संवत 1827 में निर्मित, दूसरा चित्र मंडी के महाराजा सिद्ध सेन का है, विक्रम संवत 1782 में, जो शिव के परम भक्त थे और इस चित्र में उन्हें शिव के रूप में चित्रित किया गया है। तीसरा चित्र गंधर्व वन का है, विक्रम संवत 1875 में निर्मित, जो वर्तमान में पैलेस कॉलोनी वार्ड में स्थित है। इन तीनों चित्रों का ऐतिहासिक महत्व है और ये सभी चित्र 250 से 300 वर्ष पुराने हैं। यह चित्र वर्तमान में विदेशों में संग्रहित हैं और मंडी शैली के चित्र देश-विदेश के संग्रहालयों में भी देखे जा सकते हैं, साथ ही कई निजी संग्रहों में भी हैं। हालांकि, मंडी में राज्यकाल के चित्र लुप्त हो चुके हैं और अब ये लाखों-करोड़ों रुपए में निलाम होते हैं।



चित्र भेंट करते हुए पारुल अरोड़ा और उनके साथ हैं अन्य।

इस संबंध में पहाड़ी चित्रकला के संरक्षण और संवर्धन के लिए पिछले छह साल से निजी शोध कर रहे पारुल अरोड़ा ने कहा कि इन चित्रों से विद्यार्थियों, शोधार्थियों और कला प्रेमियों को मंडी शैली को समझने में मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि वे इन चित्रों को डिजिटल रूप में एकत्रित कर रहे हैं और मंडी शैली को भौगोलिक उपदर्शन रजिस्ट्री (जीआई टैग) दिलवाने के लिए भी कार्य कर रहे हैं।

### छोटाभंगाल और चौहार घाटी में विकास की कमी

**अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटाभंगाल और चौहार घाटी में रहने वाले लोग आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इन दुर्गम क्षेत्रों में सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बहुत ही खराब है।

जहां सड़क बनाई गई है, वह भी कच्ची और उबड़-खाबड़ पड़ी है। प्राथमिक से लेकर जमा दो तक की पाठशालाओं में अध्यापकों के पद वर्षों से खाली पड़े हैं, वहीं स्वास्थ्य केंद्रों में भी कर्मचारी न होने से लोगों को भारी कठिनाई हो रही है। धर्म चंद ठाकुर, जो छोटे बंगाल घाटी के एक समाजसेवी हैं, ने बताया कि घाटियों के केंद्र स्थान बरोट में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तो है, लेकिन वहां आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं।

# प्रदेश में संगठन सृजन अभियान हो लागू : चमन राही

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव चमन राही ने कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव मुकुल वासनिक से मुलाकात कर हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस संगठन और सरकार की स्थिति पर चर्चा की।

उन्होंने हिमाचल में राहुल गांधी द्वारा शुरू किए संगठन सृजन अभियान को लागू करने की मांग की। राही ने कहा कि प्रदेश में दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक और महिला वर्ग को उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल पा रहा है।



चमन राही कांग्रेस महासचिव मुकुल वासनिक को दुखड़ा सुनाते हुए।

### संगठन में मिलेगी युवाओं और महिलाओं को प्राथमिकता

**कांग्रेस** पार्टी के संगठन सृजन अभियान के तहत जिला अध्यक्षों के लिए आयु सीमा 35 से 55 वर्ष के बीच निर्धारित है। उम्मीदवारों को 5 वर्षों का अनुभव होना चाहिए । विशेष ध्यान महिलाओं और एससी/एसटी, ओबीसी वर्ग के उम्मीदवारों पर होगा।

### मंडी में उपेक्षित वर्गों को मिले स्थान

**चमन** राही ने बताया कि मंडी संसदीय क्षेत्र में इन वर्गों का सही प्रतिनिधित्व नहीं हो पा रहा है, जबकि इस क्षेत्र में इनकी संख्या अधिक है। जयराम सरकार में इन वर्गों को कोई ताजपोशी नहीं दी गई थी।

### पंचायत चुनावों से पहले मिले प्रतिनिधित्व

**चमन** राही ने कहा कि सेंट्रल जोन मंडी इन वर्गों को कोई प्रतिनिधित्व नहीं मिला। हिमाचल में पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव सिर पर हैं और इन वर्गों को संगठन और सरकार में ताजपोशियां नहीं मिली हैं, संसदीय क्षेत्र मंडी के 17 विधानसभा क्षेत्रों में इन वर्गों की जनसंख्या अधिक है। यहां से इन वर्गों को ताजपोशी मिलेगी तो संगठन के लिए मजबूती मिलेगी।

### संसद में नहीं उठा मामला

**चमन** राही ने मुकुल से कहा कि हिमाचल में आई आपदा में दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यकों के अधिकतर घर जमींदोज हो गए हैं, लेकिन सांसद संसद में इन वर्गों की पैरवी नहीं कर रहे हैं, इसलिए केंद्र से विशेष पैकेज की मांग करें।

## न्यूज ब्रीफ

### सन्हाल स्कूल की पीटीएम बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, जोल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सन्हाल में मेगा पेटीएम का आयोजन किया गया। इस पीटीएम की अध्यक्षता एसएमसी प्रधान राजेश कुमार ने की। इस मीटिंग में पाठशाला के सभी बच्चों के अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया । इसमें अभिभावकों को अभ्यास हिमाचल और पीटीएम के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई । पाठशाला के प्रधानाचार्य जागीर सिंह द्वारा मेगा पीटीएम के विभिन्न विषयों के बारे में अपने विचार साझा किए गए। इस मौके पर प्रवक्ता संदीप कुमार, सुरेंद्र कुमार, राकेश कुमार, निशा, सुनीता देवी, ज्योति देवी व स्नातक अध्यापक राजेश कुमार और पूजा देवी उपस्थित रहे।

### धलवाड़ी में पीटीएम में अभिभावकों का लगा जमावड़ा

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** राजकीय उच्च विद्यालय धलवाड़ी में आज मेगा अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लिया और विद्यालय गतिविधियों में अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज करवाई। बैठक के दौरान निर्धारित एजेंडा के अनुसार अभ्यास हिमाचल ऐप का परिचय दिया गया तथा इसकी उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर शिमला से ऐप की लाइव वीडियो प्रस्तुति दिखाई गई, वहीं विद्यालय स्तर पर भी ऑनलाइन वीडियो के माध्यम से अभिभावकों को ऐप की कार्यप्रणाली समझाई गई।साथ ही विद्यार्थियों और अभिभावकों को बताया गया कि अभ्यास हिमाचल ऐप पर प्रति सप्ताह हिंदी, इंग्लिश और गणित के अभ्यास प्रश्न हल करने का मौका मिलेगा जिससे विद्यार्थियों को विषय वस्तु को गहराई से समझने में सहायता मिलेगी। शिक्षा संवाद में विद्यार्थियों के प्रदर्शन और विद्यालय विकास पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही अपार आईडी पंजीकरण पर भी जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि मौके पर 52 में से लगभग 40 विद्यार्थियों का पंजीकरण अभिभावकों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक पूरा किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सहभागिता से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा।

### नशा निवारण पर बच्चों को दिया जागरूकता का संदेश

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां में नशा निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने प्रभारी प्रधानाचार्य संजीव पाराशर के नेतृत्व में रैली निकालकर समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों ने आकर्षक स्लोगनों और पोस्टरों के माध्यम से स्थानीय लोगों को यह संदेश दिया कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं बल्कि पूरे समाज को खोखला कर देता है। रैली में शामिल विद्यार्थियों ने नशा छोड़ो-जीवन संवारो और स्वस्थ समाज नशा मुक्त समाज जैसे नारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया। प्रधानाचार्य संजीव पाराशर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा वर्तमान समय की सबसे बड़ी सामाजिक बुराई है। यह युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह जिम्मेदारी है कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर एसएमसी सदस्यों, अध्यापकों तथा अभिभावकों ने भी रैली में भाग लिया और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। अभिभावकों ने कहा कि बच्चों द्वारा निकाली गई यह रैली समाज को एक महत्वपूर्ण संदेश देती है। बच्चों की छोटी-छोटी कोशिशें समाज में बड़े बदलाव का कारण बन सकती हैं। प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों को संकल्प दिलाया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य नशा मुक्त समाज का निर्माण करना था, ताकि आने वाली पीढ़ी स्वस्थ, शिक्षित और सशक्त बन सके।

### चौकीमन्यार में राष्ट्रीय खेल दिवस की रही धूम

**अनंत ज्ञान, बड़ूही, ऊना।** राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में राष्ट्रीय खेल दिवस-2025 बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत संयोजक सहायक प्राध्यापक प्रो. मनेन्द्र शर्मा ने की। उन्होंने मेजर ध्यानचंद के जीवन व खेल जगत में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को प्रेरणादायक जीवन से सीख लेने का आह्वान किया। प्रतियोगिता बी. ए. द्वितीय वर्ष के सूर्यवीर ने प्रथम स्थान, मुमताज ने द्वितीय और तानिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य डॉ. कविता कौशल ने विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए खेलों के शारीरिक, मानसिक व सामाजिक महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बौद्धिक और शारीरिक विकास में संतुलन बनाए रखना चाहिए ताकि जीवन में सफलता प्राप्त की जा सके। इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न क्लबों ईको क्लब, ऊर्जा क्लब, एनएसएस, एनसीसी, रेड रिबन क्लब, आपदा प्रबंधन व रेडक्रॉस क्लब के सदस्यों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में प्राध्यापक वर्ग से डॉ. रामकुमार नेगी, डॉ. राम कुमार, डॉ. सुमन डोगरा सहित कार्यालय स्टाफ भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### अभिभावकों को दी नई शिक्षा तकनीक की जानकारी

**अनंत ज्ञान, लठियाणी।** शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लठियाणी में मेगा अभिभावक-शिक्षक मिलन का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कु मार की देखरेख में हुआ। विद्यालय के लगभग एक सौ बीस अभिभावकों ने भाग लेकर नई शिक्षा तकनीकों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। विद्यालय में आधुनिक इंटरएक्टिव पैनल्स के माध्यम से अभिभावकों को लाइव प्रदर्शन और प्रशिक्षण दिया गया। विद्यालय के प्रवक्ता बलवंत सिंह ने अभ्यास, हिमाचल और अपार आई.डी. पोर्टल्स की विस्तृत जानकारी दी। विशेष रूप से अभ्यास हिमाचल पोर्टल पर लगभग एक सौ पांच अभिभावकों का पंजीकरण किया गया, जिससे बच्चों की शैक्षिक प्रगति में अधिक पारदर्शिता और सुविधा मिलेगी। प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने अभिभावकों से कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों का नियमित विद्यालय आकर बच्चों की प्रगति रिपोर्ट लेना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि विद्यालय के बाद भी अपने बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान दें और उन्हें मोबाइल फोन के अत्यधिक प्रयोग से दूर रखें। उन्होंने कहा कि मोबाइल की वजह से बच्चों के व्यक्तित्व, स्वास्थ्य और पढ़ाई पर नकारात्मक असर डालती है। आप बच्चों को खेलकूद, पुस्तक , रचनात्मक , और सामाजिक गतिविधियों में संलग्न करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक प्रवक्ता देवेंद्र सिंह बेली, शशि पाल, मनोज कुमार, नरेश कुमार, सरीना देवी, सविता देवी, चंदन बाला, राजीव जसवाल, रेवती रमन, संदीप कुमार, सपना देवी, सुमन कुमारी, सीताराम, करमचंद, सुषमा कुमारी, मंजूषा शर्मा, प्रदीप कुमार, शिखा शर्मा सहित अन्य सभी शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम बहुत ही उत्साह और नई ऊर्जा के साथ हुआ। अभिभावकों ने भी विद्यालय के इस प्रयास की सराहना की और आश्वासन दिया कि वे अपने बच्चों की शिक्षा और चरित्र निर्माण में विद्यालय का पूरा सहयोग करेंगे।

# गरीबों का भी बन रहा पक्का मकान

## जिले में दो वर्ष में पात्र लाभार्थियों के 190 पक्के मकान बनाने के लिए मिली 2.85 करोड़ की सरकारी मदद

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सपना पूरा करने के लिए प्रदेश सरकार बनी सहारा**

**ऊना।** किसी भी गरीब महिला के लिए खुद का पक्का अशियाना बनाना एक बड़े सपने से कम नहीं होता, खासकर तब जब पति का साया सिर से उठ चुका हो और परिवार का पालन-पोषण करने की जिम्मेदारी अकेले कंधों पर हो। मनरेगा के तहत दिहाड़ी मजदूरी करके परिवार चलाने वाली महिलाओं के लिए पक्के घर का सपना अकसर अधूरा ही रह जाता है, लेकिन ऐसे संघर्षमय हालात में यदि सरकार से सहायता मिल जाए तो यह किसी वरदान से कम नहीं होता।


योजना से लाभान्वित होने वाली रजनी देवी

**सरकार की मदद से सच हो पाया खुद के पक्के घर का सपना :** स्वर्ण जयंती आश्रय योजना से लाभान्वित हुई हरोली विधानसभा क्षेत्र के बाथड़ी गांव की 34 वर्षीय रजनी देवी कहती हैं कि बरसात के दिनों में कच्चे घर की छत से पानी टपकने से रहन-सहन में काफी दिक्कतें पेश आ रही थी, साथ ही मकान गिरने का भय बना रहता था, लेकिन प्रदेश सरकार से मिली मदद से अब उनकी चिंता दूर हो गई है। उनका परिवार बहुत खुश है कि सरकारी मदद से अब उनका पक्के मकान का सपना साकार हुआ है। रजनी देवी बताती हैं कि पति के गुजर जाने के बाद जिंदगी काफी चुनौतियों ने भर गई थी। मनरेगा में काम करके बच्चों के पालन-पोषण और घर चलाने में काफी दिक्कतों से जूझना पड़ रहा था, ऐसे में खुद का घर बनाना कोई बड़े सपने से कम नहीं था।

इसी बीच हिमाचल सरकार से पक्का मकान बनाने के लिए मिली आर्थिकी मदद ने उनकी जिंदगी ही बदल दी। उन्होंने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का आभार जताया है।

**ऊना जिले में अब तक 2.85 करोड़ रुपए की मदद :** जिला कल्याण अधिकारी ऊना आवास पंडित बताते हैं कि बीते दो वर्ष में जिले में इस योजना के तहत 190 मकान बनाने के लिए लगभग 2.85 करोड़ रुपए की आर्थिक मदद दी जा चुकी है।

इससे गरीब परिवारों को अपने पक्के मकान का सपना साकार करने में मदद मिली है।

### क्या है स्वर्ण जयंती आश्रय योजना

**इस** योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को 1.50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यह सहायता उन व्यक्तियों को दी जाती है, जिनके नाम पर भूमि पंजीकृत हो और वे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अथवा अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंध रखते हों। हिमाचल सरकार स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के माध्यम से ऐसे ही हजारों परिवारों के अपने पक्के मकान के सपने को साकार कर रही है। यह योजना अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के उन पात्र परिवारों को पक्के मकान के निर्माण के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करती है, जिनके पास खुद की जमीन है लेकिन संसाधनों की कमी उन्हें एक मजबूत छत से वंचित रखती है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने गरीबों, जरूरतमंदों और वंचित तबकों के जीवन में बड़ा सुधार लाने को लगातार सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उनका इस ओर विशेष जोर है कि गरीबों-वंचितों को समुचित सरकारी सहायता प्रदान की जाए। उनके दिशा निर्देशों के अनुरूप ऊना जिले में सभी पात्र लोगों को योजना में कवर करने के लिए काम किया जा रहा है।

> जिले के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकार की आवासीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के अंतर्गत विशेष प्रयास किए गए हैं ताकि कोई भी योग्य गरीब परिवार इस लाभ से वंचित न रह जाए।
>
> -जतिन लाल, डीसी ऊना जिला

# गोबिंदसागर झील में 66 लाख मछली बीज डालने का शुभारंभ


गोबिंदसागर झील में मछली का बीज डालते कर्मचारी।

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**

**लठियाणी।** ऊना जिले के लठियाणी की ऐतिहासिक गोबिंदसागर झील में मत्स्य विभाग की देखरेख में वेस्ट बंगाल से लाए गए सिल्वर और राहु प्रजाति के उच्च गुणवत्ता वाले मछली बीज झील में सावधानीपूर्वक डाला गया। ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से बीज अवनीश एंटरप्राइजेज बिलासपुर द्वारा लिया गया । सहायक निदेशक मत्स्य विभाग बिलासपुर पंकज कुमार ने बताया कि झील में कुल 66 लाख बीज डालने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भोपाल की कंपनी के द्वारा बीज का टेंडर लिया गया है, बहुत जल्द ही झील में डाला जाएगा, जिससे उत्पादन क्षमता और अधिक बढ़ेगी। पंकज कुमार ने बताया कि लठियाणी की गोबिंदसागर झील में राहु 98 हजार पांच सौ साठ , सिल्वर साढ़े छह लाख बीज डाला गया। मत्स्य अधिकारी सुरेंद्र पटियाल ने कहा कि यह बीज मछुआरों की आजीविका के लिए वरदान साबित होगा। लठियाणी मत्स्य सहकारी समिति के प्रधान सुशील कुमार ने भी इस पहल को सराहते हुए कहा कि यह कदम मछुआरों की उम्मीदों को पंख देगा।

सहायक निदेशक मत्स्य विभाग ऊना विवेक शर्मा ने कहा कि सिल्वर और राहु का यह बीज लंबाई, स्वास्थ्य और गुणवत्ता में बेहतरीन है। कुद ही समय बाद मछुआरे इसका वास्तविक लाभ उठाएंगे। इस अवसर पर मत्स्य अधिकारी संरक्षण बिलासपुर अजय कुमार, मत्स्य सहकारी सभा लठियाणी व कुटलैहड़ के प्रधान तथा काफी संख्या में मछुआरे मौजूद रहे।

# केवीके रामपुर में प्राकृतिक खेती की बताई तकनीकें


प्रशिक्षण शिविर में शामिल प्रतिभागी और आयोजक मुख्य अतिथि के साथ।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) में शनिवार को राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन की आत्मा परियोजना के तहत आयोजित 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का सफल समापन हुआ। इस अवसर पर अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य एवं अधिवक्ता विजय डोगरा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस प्रशिक्षण शिविर में अंब और गगरेट विकास खंडों के 46 सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों (सीआरपी) ने भाग लिया।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों को प्राकृतिक खेती की तकनीकों, लाभों और व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी देना था ताकि वे अपने क्षेत्रों में किसानों को रसायन मुक्त खेती के लिए प्रेरित कर सकें। विजय डोगरा ने प्रतिभागियों से आहवान किया कि वे अपने-अपने क्लस्टरों में जाकर किसानों के साथ इस ज्ञान को साझा करें और उन्हें प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करें। आतमा परियोजना के निदेशक डा. वीरेंद्र बग्गा ने जानकारी दी कि प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन कर रही है। इस मौके पर आतमा परियोजना निदेशक वीरेंद्र बग्गा, उपनिदेशक उद्यान विभाग केके भारद्वाज, डॉ. संजय कुमार, डॉ. मीनाक्षी सैनी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# इन्नरव्हील क्लब ने वृद्धाश्रम में मनाया गणशोत्सव

**अनंत ज्ञान, ऊना**


वृद्धाश्रम को भेंट की सामग्री के साथ इन्नर व्हील क्लब की सदस्य

इन्नरव्हील क्लब ऊना ने समाज सेवा और सामुदायिक उत्थान की अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नंगल स्थित जिंदा जीव वृद्ध आश्रम में विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया, जहां इस समय 100 से अधिक बुजुर्ग आश्रय ले रहे हैं। इनमें से अधिकांश ऐसे हैं जिन्हें उनके परिवार ने त्याग दिया है या घर से बेदखल कर दिया गया है।

क्लब के सदस्यों ने बुजुर्गों के साथ गणपति उत्सव मनाया और उनकी दिनचर्या, स्वास्थ्य एवं जीवन से जुड़े विषयों पर आत्मीय संवाद किया। कई बुजुर्गों ने अपने जीवन की पीड़ादायक कहानियां साझा कीं और बताया कि किन परिस्थितियों ने उन्हें इस आश्रम तक पहुंचने को मजबूर किया। क्लब द्वारा इस अवसर पर लगभग 20 हजार रुपए मूल्य का राशन, किराना, फल, मिठाई, सूखे मेवे, चादरें और कंबल वितरित किए गए।

**शादियों में ज्यादा खर्च करने की बजाए जरूरतमंदों की करें सहायता : शोभा**

क्लब अध्यक्ष शोभा सोनी ने कहा कि हमें अपने समाज में बदलाव लाना होगा। शादियों और दिखावे पर भारी भरकम खर्च करने के बजाए जरूरतमंदों व हाशिये पर खड़े लोगों का सहारा बनना ही सच्चा धर्म है।

जब हम समावेशिता को अपनाते हैं तो न केवल समाज को सहारा मिलता है, बल्कि हमें भी भीतर से सुकून और संतोष की अनुभूति होती है। क्लब ने यह भी घोषणा की कि निकट भविष्य में वृद्धाश्रम में एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें डॉक्टरों की टीम बुजुर्गों के स्वास्थ्य परीक्षण और परामर्श उपलब्ध कराएगी।

इस सेवा कार्यक्रम में अमरजीत बबली, सुमन पुरी, मीरा मेहता, रमा कंवर, अनुपा ठाकुर, सुनीता शर्मा, रंजना जसवाल, नीरुपमा महाजन, कमला कंवर और रेखा शर्मा सहित क्लब के कई सदस्य उपस्थित रहे।

# बच्चों व अभिभावकों को बांटे औषधीय पौधे

**अनंत ज्ञान, बड़ूही( ऊना )।** नैहरी नौरंगा पंचायत के तहत राजकीय प्राथमिक पाठशाला डुहकी में जिला परिषद वार्ड नंबर 2 कुठेड़ा खैरला की सदस्य रजनी मनकोटिया ने औषधीय पौधों का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों और उनके माता-पिता को पौधों की महत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रजनी मनकोटिया ने कहा कि इन औषधीय पौधों को बच्चों की तरह संभालना और नियमित देखभाल करना आवश्यक है, तभी यह उपयोगी बनते हैं।

उन्होंने पौधों के औषधीय गुणों व स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह न सिर्फ रोगों से बचाव करते हैं, बल्कि स्वच्छ पर्यावरण बनाए रखने में भी मददगार हैं। उन्होंने सभी को संदेश दिया कि पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ। पर्यावरण है तो जीवन है। इस अवसर पर बच्चों और अभिभावकों ने भी पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया।

# भरवाईं स्कूल में पीटीएम का सफल आयोजन

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरवाईं में शनिवार को प्रधानाचार्य निर्मल कुमार की अगुवाई एवम अभिभावकों एवं अध्यापक वर्ग की उपस्थिति में मेगा पीटीएम का सफल आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों के अभिभावकों ने नई शिक्षा नीति 2020 के ऊपर स्कूल स्टाफ के साथ चर्चा की। बैठक का मुख्य उद्देश्य छात्रों की शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा करना तथा स्विफ्ट चैट ऐप के उपयोग को बढ़ावा देना रहा।

प्रधानाचार्य ने अभिभावकों को स्विफ्ट चैट ऐप की विशेषताओं से अवगत कराया, जिसमें छात्रों की उपस्थिति, मूल्यांकन, गृहकार्य एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी डिजिटल रूप से उपलब्ध होती है। अभिभावकों को स्विफ्ट चैट ऐप पर अपने बच्चों का पंजीकरण करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रधानाचार्य ने बच्चों की आपार आईडी पर चर्चा की, साथ ही शिक्षा संवाद का भी आयोजन किया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# खेल दिवस के उपलक्ष्य में बंगाणा कॉलेज में खेल गतिविधियां आयोजित

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में खेल विभागद्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के द्वारा दूसरे दिन एसओपी के तहत वॉलीबाल, डिबेट और फिटनेस टॉक प्रतियोगिता करवाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्पोर्ट्स इनचार्ज प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने की।

इस अवसर नेगी ने बताया कि प्रतियोगिता में वॉलीबाल पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान विशाल और द्वितीय स्थान वंश की टीम ने प्राप्त किया। महिला वर्ग में प्रथम स्थान शिखा और द्वितीय स्थान सुहानी की टीम ने प्राप्त किया। फिटनेस टॉक में प्रथम स्थान निखिल और लक्ष्य की टीम ने प्राप्त किया। डिबेट में प्रथम स्थान अंकिता कुमारी की टीम ने प्राप्त, किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने विजेता रहे छात्रों को मेडल देकर सम्मानित किया और अपने संबोधन में बताया कि मेजर ध्यानचंद जी का जीवन हमें यह सिखाता है कि अनुशासन, कठिन परिश्रम, और जुनून के बल पर कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होंने न केवल हॉकी को नई ऊँचाइयाँ दीं, बल्कि भारत के युवाओं के लिए एक प्रेरणास्रोत भी बने। इस आयोजन ने छात्रों में खेलों के प्रति रुचि, अनुशासन और फिटनेस के प्रति जागरूकता को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम अत्यंत उत्साह, ऊर्जा और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।


प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने विजेता रहे छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया।

# टकारला स्कूल में प्राकृतिक आपदा पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, बड़ूही ( ऊना )**

उपमंडल अंब के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टकारला में शनिवार को मेघा छात्र-शिक्षक संवाद का आयोजन किया गया। इस संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की शिक्षा को डिजिटल माध्यम से जोड़ना, अभिभावकों की भागीदारी सुनिश्चित करना और शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाना रहा। कार्यक्रम के दौरान अभ्यास हिमाचल कार्यक्रम के बारे में अभिभावकों को जानकारी दी गई। शिक्षकों ने बताया कि किस प्रकार यह कार्यक्रम बच्चों की पढ़ाई को तकनीक से जोड़कर उन्हें और अधिक सुगम बनाएगा, साथ ही अपार पहचान पत्र के महत्व और इसके निर्माण में आ रही बाधाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। संवाद कार्यक्रम में बच्चों की शैक्षणिक प्रगति पर विशेष रूप से चर्चा की गई।



टकारला स्कूल में मेघा छात्र-शिक्षक संवाद का आयोजन किया गया।

शिक्षकों ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे घर पर बच्चों के पढ़ाई के वातावरण पर ध्यान दें और डिजिटल माध्यमों का अधिक से अधिक उपयोग करें। विद्यालय प्रबंधन समिति (SMC) ने हाल ही में हुई भारी बरसात के कारण स्कूल को हुए नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की।

समिति ने बताया कि कक्षाओं और विद्यालय परिसर में पानी भर जाने से आवश्यक शैक्षणिक रिकॉर्ड भी प्रभावित हुआ है। इस विषय पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस समस्या को शिक्षा विभाग और प्रशासन के समक्ष उठाया जाएगा, ताकि इसका स्थायी समाधान निकाला जा सके और हर साल बरसात में बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो। प्रधानाचार्य अनिल बख्शी ने कहा कि विद्यालय में पहले से ही कमरों की कमी है, और इस बार बरसात से स्थिति और भी गंभीर हो गई है। मजबूरीवश कक्षा 6वीं से 8वीं तक के छात्रों को प्राइमरी स्कूल के कमरों में बैठाना पड़ रहा है, जिसके लिए बच्चों को सड़क पार करनी पड़ती है और इससे उनके लिए खतरा बना रहता है। उन्होंने अभिभावकों को आश्वस्त किया कि बच्चों की पढ़ाई और सुरक्षा को लेकर स्कूल प्रशासन हर संभव प्रयास करता रहेगा। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अनिल मोदगिल ने अभिभावकों को भरोसा दिलाया कि बच्चों की पढ़ाई और सुरक्षा को प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा।

इस अवसर पर शिक्षकों, अभिभावकों और प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से शिक्षा को और अधिक बेहतर बनाने तथा बच्चों के लिए सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

# पंचायत सचिव ने सरकारी कार्यों में बाधा डालने पर सौंपा शिकायत पत्र

**अनंत ज्ञान, जोल**

**बोले-आरोपियों के खिलाफ हो कड़ी कार्रवाई**

उपतहसील जोल की पंचायत टकोली के पंचायत सचिव ने कार्यालय में घुसकर हंगामा करना एवं सरकारी कार्यों में बाधा डालना, गाली गलौज करना और जान से मार देने की धमकी देने के बारे में 7 लोगों के खिलाफ पुलिस चौकी जोल में शिकायत दर्ज करवाई है।

पंचायत सचिव राजकुमार का कहना है कि वह 28 अगस्त को पंचायत कार्यालय में पंचायत का कार्य कर रहा था, तो स्थानीय निवासी किशोरी लाल पुत्र सीताराम, श्रेष्ठा देवी पत्नी किशोरी लाल, कर्मी देवी पत्नी सीताराम, बीना देवी पत्नी राजीव कुमार, प्रवीण कुमारी पत्नी रणजीत सिंह, अभिषेक पुत्र रंजीत सिंह एवं अभिनव पुत्र रंजीत आदि अचानक पंचायत कार्यालय में आए और पंचायत कार्यालय में हंगामा करने लगे और जोर-जोर से उन्हें गालियां निकालने लगे और किशोरी लाल मुझे कार्यालय से बाहर निकालने को कहने लगा और मुझे जान से मार देने की धमकी देने लगे।

पंचायत सचिव राजकुमार ने इन लोगों से आराम से बात करने को कहा कि मुझे पता चल सके कि क्या बात है, लेकिन सभी लोग मुझे मारने की कोशिश करने लगे। मैंने सबसे पहले अपना पंचायत रिकॉर्ड इकट्ठा किया और अलमारी में रख दिया, क्योंकि यह लोग रिकॉर्ड को छीनने की कोशिश कर रहे थे।

उन्होंने इस संदर्भ में पुलिस चौकी जोल के प्रशासन से मांग की है कि इन सभी लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति सरकारी कार्यालय में इस तरह का हंगामा न कर सके। जोल पुलिस चौकी में मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

**जायजा** कुटलैहड़ विस क्षेत्र में भारी बारिश से हुए नुकसान का फील्ड में जाकर विधायक विवेक शर्मा ने किया आकलन

# बारिश से प्रभावित परिवारों की निजी आय से की आर्थिक मदद

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में हाल ही में हुई भारी बारिश ने भारी तबाही मचाई है। कई जगहों पर मकान जमींदोज हो गए, पशुशालाएं ढह गईं, सड़कें टूट गईं और पेयजल योजनाओं की पाइपें बह गईं। आम जनता के सामने जीवन-यापन का संकट खड़ा हो गया है। इसी आपदा की गंभीरता को देखते हुए कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर नुकसान का जायजा लिया।


बारिश प्रभावित क्षेत्र का दौरा करते विधायक विवेक शर्मा, साथ हैं अन्य।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिए कि नुकसान की विस्तृत रिपोर्ट जल्द से जल्द तैयार की जाए, ताकि प्रभावित परिवारों को समय पर राहत पहुंचाई जा सके। विधायक विवेक शर्मा ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से बातचीत करते हुए आश्वासन दिया कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में किसी भी परिवार को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से प्रभावित परिवारों को जल्द ही आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि प्रभावित मकानों, ढांचों और कृषि भूमि के नुकसान का आकलन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि बरसात ने कुटलैहड़ क्षेत्र के लोगों को गहरे संकट में डाल दिया है। कई परिवार बेघर हो गए हैं और कुछ परिवारों का रोजगार भी प्रभावित हुआ है। उन्होंने बताया कि वह स्वयं इस पूरी स्थिति की जानकारी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तक पहुंचा चुके हैं और उन्होंने आश्वासन दिया है कि कुटलैहड़ में बरसात से हुए नुकसान की भरपाई की जाएगी। विधायक विवेक शर्मा ने केवल सरकारी मदद का इंतजार नहीं किया, बल्कि अपनी निजी आय से भी कुछ जरूरतमंद परिवारों की आर्थिक मदद की। उन्होंने ऐसे परिवारों की पहचान की, जो तत्काल राहत के बिना कठिनाई से गुजर रहे थे। इनमें वे परिवार शामिल थे, जिनके घर पूरी तरह गिर गए थे या जिनका गुजर-बसर का साधन बारिश में नष्ट हो गया था। इन परिवारों को विधायक ने तुरंत आर्थिक सहयोग प्रदान किया, जिससे प्रभावितों को बड़ी राहत मिली।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि जनता का प्रतिनिधि होने के नाते उनका दायित्व है कि कठिन समय में अपने क्षेत्र की जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हों। उन्होंने कहा सरकारी मदद अपने समय पर आएगी, लेकिन जब तक वह राहत लोगों तक पहुंचेगी, तब तक मैं अपने स्तर पर प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहयोग करूंगा। निरीक्षण में विधायक विवेक शर्मा उन्होंने जल शक्ति, लोक निर्माण और कृषि विभाग के अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देश दिए कि जिन जगहों पर पेयजल सप्लाई बाधित हुई है या सड़कें टूट गई हैं, वहां तत्काल अस्थाई इंतजाम किए जाएं।

ग्रामीणों की शिकायत थी कि भारी बारिश के चलते पेयजल योजनाएं ठप हो गई हैं और आवागमन भी बाधित है। इस पर विधायक ने अधिकारियों को सख्त लहजे में कहा कि जनता को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### युवाओं और स्वयंसेवी संगठनों से की अपील

**विवेक** शर्मा ने क्षेत्र के युवाओं और स्वयंसेवी संगठनों से भी अपील की कि वे आगे आकर राहत कार्यों में प्रशासन का सहयोग करें। ग्रामीणों ने विधायक विवेक शर्मा के इस संवेदनशील कदम की सराहना की और कहा कि विवेक शर्मा वास्तव में जनता के सच्चे प्रतिनिधि हैं। जिन परिवारों को निजी स्तर पर आर्थिक मदद दी गई, उनकी आंखों में कृतज्ञता साफ झलक रही थी। उनका कहना था कि विपत्ति की इस घड़ी में विधायक का साथ उन्हें नई उम्मीद और हिम्मत दे रहा है। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा का यह दौरा न केवल निरीक्षण तक सीमित रहा, बल्कि उन्होंने ठोस कदम उठाकर यह साबित किया कि जनता के संकट की घड़ी में वे केवल वादों तक सीमित नहीं हैं। उनके द्वारा दी गई निजी आर्थिक सहायता प्रभावित परिवारों के लिए संजीवनी साबित हो रही है। अब क्षेत्र की जनता को उम्मीद है कि सरकार से मिलने वाली राहत भी जल्द पहुंचेगी और तबाही के इस दौर से वे जल्द उबर सकेंगे।

## जिले में 506 में से 432 पेयजल योजनाएं बहाल : उपमुख्यमंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शनिवार को कुल्लू जिले में जलशक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ आपदा प्रभावित पेयजल परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हाल में आई आपदा से कुल्लू जिला बुरी तरह प्रभावित हुआ है, जिसके चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

इस दौरान जल शक्ति विभाग की 708 योजनाओं में से 506 योजनाएं प्रभावित हुई हैं। उन्होंने कहा कि विभाग के अधिकारी और कर्मचारी दिन-रात इन योजनाओं की बहाली कार्यों में लगे हैं, ताकि स्थानीय लोगों एवं पर्यटकों को जल्द से जल्द राहत प्रदान की जा सके। विभाग द्वारा अब तक 432 योजनाएं आंशिक रूप से बहाल की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि शेष योजनाओं की बहाली का कार्य युद्धस्तर पर जारी है और सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक प्रभावित क्षेत्र को शीघ्र सामान्य जलापूर्ति की जाए। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में प्रदेश सरकार जनता के साथ खड़ी है। प्रभावितों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# शेष विश्व से जुड़ी पर्यटन नगरी मनाली

## वामतट मार्ग के माध्यम से मिली लोगों व पर्यटकों को राहत

**अनंत ज्ञान, मनाली**

चार दिन के बाद पर्यटन नगरी वामतट मार्ग के माध्यम से शेष विश्व से जुड़ गई है। अलेउ में हुए भारी भूस्खलन के बाद प्रशासन और लोक निर्माण विभाग ने अस्थायी तौर पर छोटे वाहनों की आवाजाही शुरू कर दी है। हालांकि, वाहन चलाते हुए यहां पर सावधानी बरतने की अति आवश्यकता है। पानी का रिसाव लगातार होने से इन की स्थान कच्ची है। वामतट मार्ग बहाल होने से जरूरी वस्तुएं मनाली पहुंच सकेंगी।

वहीं, मनाली में फंसा सेब भी एक दो दिन बाद निकलना शुरू हो सकेगा। सोमवार को ब्यास और इसकी सहायक नदी-नालों में आई बाढ़ से कुल्लू-मनाली नेशनल हाइवे कई जगह बह गया है। इस मार्ग पर जल्द यातायात शुरू होने की संभावना कम है, ऐसे में प्रशासन ने घाटी को यातायात से जोड़ने के लिए वामतट मार्ग पर युद्धस्तर पर काम शुरू किया। मंगलवार को मौसम खुलते ही अलेउ में धंसी सड़क को ठीक करने की कबायद शुरू की गई। रात दिन काम करने के बाद शनिवार दोपहर लगभग दो बजे इस मार्ग पर छोटे वाहनों की आवाजाही को शुरू किया गया।

फिलहाल हल्के वाहनों को ही इस मार्ग पर जाने की एंट्री दी जा रही है। सड़क की स्थान ठोस होने के बाद जरूरी वस्तुओं से लदी अन्य गाड़ियों को भी छोड़ा जाएगा। इस मार्ग के खुलने से लोग वामतट से अरछंडी से रायसन पुल होते हुए नेशनल हाइवे पहुंचेंगे। जहां से सीधा कुल्लू तक पहुंचा जा सकेगा।

एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने बताया कि यातायात बहाल करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। फिलहाल अलेउ में खुदाई कर अस्थायी तौर पर छोटे वाहनों कि आवाजाही शुरू हुई है। यहां फिलहाल एकतरफा ही वाहन चल सकेंगे।


विधायक अनुराधा राणा व एसडीएम मनाली हालातों का जायजा लेते हुए।

## सैंज के मातला में गांव को खतरा

**अनंत ज्ञान, सैंज।** भारी बारिश के चलते सैंज-न्यूली सड़क में मातला के पास भूस्खलन का खतरा बढ़ गया है। सड़क पर बड़ी-बड़ी दरारें आ गई हैं और साथ में इसके आगे लगते गांव में भी दरारें आनी आरंभ हो गई हैं। इससे लोग दहशत के माहौल में है। लोगों का कहना है कि हाल में हुई बारिश के चलते मातला गांव पर संकट बढ़ गया है। यदि एक-दो दिन और बारिश होती है तो गांव में नुकसान होना तय है। बहरहाल, गांव के मकानों में भी दरारें आनी आरंभ हो गई हैं, जबकि सड़क पर बड़ी-बड़ी दरारें आ चुकी हैं जिससे सड़क लगातार बैठ रही है। लोगों की मानें तो यहां का क्षेत्र पूरी तरह से नदी में जाएगा जिससे यहां आने जाने के लिए सड़क के साथ-साथ गांव का बजूद भी खतरे में पड़ गया है।

लोगों ने मांग की है जल्द से जल्द गांव में हो रहे नुकसान का जायजा लिया जाए और बढ़ते खतरे को रोकने के लिए उचित कदम उठाए जाएं।

## आनी क्षेत्र में भारी बारिश से जनजीवन हुआ प्रभावित

# एनएच-305 जगह-जगह अवरुद्ध

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** शुक्रवार देर रात से शुरू हुई मूसलाधार बारिश ने पूरे आनी क्षेत्र में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। जाबन, जलोड़ी, बुछैर, चवाई सहित ऊपरी इलाकों में तेज बारिश के चलते आनी कस्बे में नदी किनारे रहने वाले लोगों ने आधी रात को सुरक्षित स्थानों में जाकर शरण ली। जाबन क्षेत्र में भारी बारिश और देउरी खड्ड का जलस्तर बढ़ने से लोगों में चिंता का माहौल बना रहा। वहीं, जलोड़ी से गुगरा की ओर आने वाली खड्डों में भी पानी का स्तर बढ़ गया। स्थिति का जायजा लेने के लिए एसडीएम आनी लक्ष्मण सिंह कनेट ने स्वयं कस्बे का दौरा किया और लोगों से घबराहट न फैलाने व सतर्क रहने की अपील की।

इस बीच, रातभर हुई बारिश के चलते सैंज-आनी-ओट नेशनल हाइवे 305 आनी और खनाग के बीच कई जगहों पर डंगे गिरने, भूस्खलन और सड़क धंसने के कारण अवरुद्ध हो गया। एनएच विभाग रामपुर मंडल के अधिशाषी अभियंता इंजीनियर केएल सुमन ने बताया कि बानीगाड़ और फड़ेला नाला में भूस्खलन हुआ है, जबकि कमांद और माशनु नाला के पास सड़क धंस गई है। बानीगाड़ से मलबा हटाने के बाद अब फड़ेला नाला, कमांद और माशनु नाला में बहाली कार्य किया जाएगा।

उधर, आनी-कुल्लू के बीच कंडुगाड़ से कंडा वैकल्पिक मार्ग भी बंद हो गया है, जिससे आनी का जिला मुख्यालय कुल्लू से सड़क संपर्क पूरी तरह कट गया है। फिलहाल स्थानीय प्रशासन और विभागीय टीमें बहाली कार्य में जुटी हुई हैं।


एनएच पर पड़ा मलबा, जो राहगीरों के लिए मुसीबत का कारण बना हुआ है।

# बेसहारा पशुओं के उजड़े आशियाने के लिए शीघ्र करेंगे फंड जारी : भुवनेश्वर


विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने शनिवार को कटराई बिहाल स्थित बाढ़ से क्षतिग्रस्त गोशाला का जायजा लिया।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

कटराई बिहाल स्थित गोशाला हालिया बाढ़ से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। इस बजह से अपरवैली के सैकड़ों बेसहारा पशु क्षेत्र में इधर-उधर भटक रहे हैं। इसको लेकर मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कटराई बिहाल स्थित क्षतिग्रस्त गोशाला का दौरा किया।

स्थिति का आकलन करने के पश्चात उन्होंने गोशाला संचालक से गोशाला को पुन: शुरू करने में आ रही कठिनाई के बारे में चर्चा की। गोशाला संचालक विनय चौहान ने बताया कि बाढ़ के समय वे चंडीगढ़ में थे, अत: उन्होंने टेलीफोन के माध्यम से चौकीदार तथा स्थानीय लोगों से गोशाला में बंद पशुओं को छोड़ देने को कहा।

उन्होंने बताया कि यदि पशु अंदर बाड़े में ही बंद रह जाते तो बाढ़ की वजह से कई पशुओं की जान जा सकती थी। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने क्षतिग्रस्त शैड के पुन: निर्माण तथा मलबे की सफाई के लिए मौके पर ही विभिन्न विभागों के अधिकारियों से बात की तथा गोशाला के शीघ्र निर्माण हेतु उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इस दौरान ग्राम पंचायत कटराईं के उपप्रधान राजकृष्ण ठाकुर, वार्ड पंच विकास महंत, अनिल शर्मा, कर्म चंद, विनय चौहान ,मोहर सिंह के साथ-साथ बहुत से स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# काजा राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बहाल : किरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में लाहौल-स्पीति जिले में भारी बारिश और भूस्खलन के चलते पागल नाला क्षेत्र सड़क मार्ग अवरुद्ध हो गया था उसे बहाल कर दिया गया है तथा फिलहाल फंसे हुए सभी खाली ट्रकों (भारी वाहनों) को मनाली एवं काजा की तरफ़ रवाना कर दिया गया है ।

उन्होंने बताया कि भारी सामान से लदे हुए ट्रकों को फिलहाल रुकने के लिए कहा गया है क्योंकि फम्मन नाला के पास सड़क की स्थिति अभी भारी सामान से लगे हुए ट्रकों के लिए उपयुक्त नहीं है सीमा सड़क संगठन इस स्थान पर लगातार कार्य कर रहा है और कल तक सड़क को भारी सामान से लदे हुए ट्रकों के लिए भी खोल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन, सीमा सड़क संगठन के सहयोग से, निरंतर प्रयास करके मार्ग को खाली भारी वाहनों के लिए सुरक्षित किया है और यातायात सुचारु रूप से शुरू कर दिया गया है। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन ज़िला के किसानों के चिंता को समझता है तथा किसानों की नगदी फसलों को समय पर मंडियों में पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और ये सुनिश्चित करेगा कि सभी फसलें समय पर पहुंचाई जाए, इसके लिए भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

उपायुक्त किरण भड़ाना ने सीमा सड़क संगठन के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कठिन परिस्थितियों में की गई उत्कृष्ट मेहनत की सराहना की तथा कहा कि प्रशासन प्रत्येक आवश्यक सेवा और सुविधा की शीघ्र बहाली के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने 'युद्ध स्तर' पर राहत और पुनर्स्थापना कार्य संचालित करने पर बल दिया। उपायुक्त ने स्वयं प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर राहत एवं पुनर्निर्माण गतिविधियों की निगरानी की, जिससे तत्काल कार्यवाही और फील्ड टीमों का मनोबल बना रहा और कुछ ही दिनों में विद्युत, संचार सहित यातायात बहाल हो पाया है और परिस्थितियों सामान्य हो पाई हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि तेलिंग नाला और पागल नाला के बीच में फंसे हुए ईंधन के टैंकरों को गंतव्य स्थान की ओर रवाना कर दिया गया है अब जिला में ईंधन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि अटल टनल में पिछले कुछ दिनों से फंसी हुई पथ परिवहन निगम की बसों को भी निकाल कर केलांग की ओर रवाना कर दिया गया है। उपायुक्त ने आज सुबह स्टिंगरी में जाकर महिला मंडलों की महिलाओं के प्रयासों और ट्रक चालकों को आपदा के समय निरंतर भोजन उपलब्ध करवाने के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि महिला मंडलों ने आपदा की स्थिति में मानवता की सहायता के लिए सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने बताया कि जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र आम जनता की मदद के लिए दिन रात 24 घंटे लगातार सक्रिय है तथा किसी भी प्रकार की सहायता के लिए आमजन व पर्यटक इस केंद्र के 9459461355 या 1077 नंबरों पर संपर्क कर सकतें है।

इस अवसर पर डीएसपी केलांग रश्मि शर्मा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विवेक गुलरिया अस्सिटेंट रजिस्टार कोऑपरेटिव सोसायटी अखिल सिंह ठाकुर सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।


लाहौल-स्पीति जिले में भारी बारिश और भूस्खलन के चलते पागल नाला क्षेत्र सड़क मार्ग अवरुद्ध हो गया था , जो कि बहाल हो गया है।

# आनी स्कूल में विद्यार्थियों को दिलाई नशे के खिलाफ शपथ

**अनंत ज्ञान, आनी**

▶ **नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत हुआ कार्यक्रम का आयोजन**

नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत पीएम श्री वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और समाज को नशा मुक्त बनाने की दिशा में प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों को नशा न करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के समन्वयक प्रवीण मेहता ने उपस्थित सभी लोगों को शपथ ग्रहण करवाई। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के जीवन को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। इससे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है तथा जीवन की गुणवत्ता घटती है। बच्चों को बताया गया कि नशे की लत से कैसे बचा जा सकता है और इसके क्या-क्या नुकसान होते हैं। उन्हें जागरूक किया गया कि शुरुआत में नशा मामूली लग सकता है, परंतु धीरे-धीरे यह लत बनकर जीवन को अंधकार की ओर धकेल देता है।

कार्यक्रम में शिक्षकों ने भी अपने विचार साझा किए और बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, खेलों व रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की और बच्चों को नशा मुक्त रखने में हर संभव सहयोग का संकल्प लिया।

# आपदा प्रभावितों तक राहत पहुंचाना प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान,बंजार**

शुक्रवार देर रात बंजार उपमंडल के पटवार वृत्त जीभी के मरुतन हिडिब, शजवाड और घयागी में भारी वर्षा से प्रभावित क्षेत्र का एसडीएम ने दौरा किया और राहत तथा पुनर्वास सुनिश्चित करने के साथ नुकसान का जाएजा लिया। उपायुक्त कुल्लू, तोरुल एस. रवीश ने बताया कि देर रात बंजार उपमंडल में जीभी के मरुतन हिडिब, शजवाडऔर घयागी में बादल फटने और भारी वर्षा से जलस्तर बढ़ने की सूचना प्राप्त हुई थी। उन्होंने कहा कि घटना की सूचना प्राप्त होने बाद आपदा प्रभावित इन क्षेत्रों के लिये टीम रावाना कर दी गयी थी।

उन्होंने बताया कि इस घटना में लोगों की संम्पति को नुकसान पहुंचा है। इसमें हरि राम पुत्र थम्पा का मकान पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हुआ है। एक फिश फार्म दुकान, दो मकान आंशिक रूप में क्षतिग्रस्त हुए हैं। दो मंदिर और मंदिर का मैदान क्षतिग्रस्त छह घराट, एक वन विभाग की पुलिया, चार पशुशाला तथा एक कार के क्षतिग्रस्त होने की सूचना है।

उपायुक्त ने बताया कि घटना की सूचना के उपरांत एसडीएम बंजार को राहत सामग्री के साथ घटनास्थल पर भेजा गया। एसडीएम बंजार पंकज शर्मा, तहसीलदार नीराज शर्मा राहत दल के साथ करीब 12 किलोमीटर का पैदल सफर कर गांव मरुतन (हिडिब) में प्रभावित परिवारों तक राहत सामग्री पहुंचाई। मौके पर प्रभावित परिवार को फौरी राहत राशि भी प्रदान की गई। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन आपदा प्रभावित प्रत्येक व्यक्ति को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि फील्ड स्तर के अधिकारी-कर्मचारी रात-दिन प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक सेवाओं की बहाली में जुटे हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कुल्लू जिले में भी विभिन्न स्थानों पर इस आपदा का व्यापक असर हुआ है, ऐसे में जिला प्रशासन की संपूर्ण मशीनरी राहत एवं बचाव कार्यों तथा सड़क, बिजली और पेयजल आपूर्ति की बहाली के लिए निरंतर कार्यरत है।


बारिश से प्रभावितों को राहत राशि बांटी गई।

## पतलीकूहल शिव मंदिर में बाढ़ की मार

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** पतलीकूहल स्थित प्राचीन शिव मंदिर हाल ही में आई बाढ़ की मार से बुरी तरह प्रभावित हुआ था। मंदिर परिसर में चारों ओर कीचड़, मिट्टी और मलबा भर गया था। हालात यह थे कि नीलकंठ महादेव की विशालकाय प्रतिमा तक पहुंचना भी कठिन हो गया था। श्रद्धालुओं के लिए मंदिर परिसर में पांव रखने तक की जगह नहीं बची थी, लेकिन इस कठिन परिस्थिति में पतलीकूहल की महिलाओं ने कमान संभाली और सामूहिक प्रयासों से मंदिर की सफाई का बीड़ा उठाया।

उन्होंने घंटों मेहनत कर न केवल मंदिर में जमा कीचड़ और मिट्टी हटाई, बल्कि मूर्ति परिसर को भी साफ-सुथरा बनाया। महिलाओं की यह सेवा भावना और सामूहिक सहयोग स्थानीय लोगों के लिए प्रेरणा का विषय बन गया है। ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने उनके इस कार्य की दिल खोलकर सराहना की है।

# सिलेंडर चोर ने भुंतर कुल्लू में खूब मचाया आतंक

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

▶ **हत्थे नहीं चढ़ रहा चोर सीसीटीवी में कैद है शातिर**

**सिलेंडर** चोर ने भुंतर कु ल्लू में खूब आतंक मचाया है। कुछ दिन पहले इस चोर ने 24 अगस्त को भुंतर से गरेलु गैस सिलेंडर चुराया अब 26 अगस्त को सुल्तानपुर से यह दिन दहाड़े चोरी को अंजाम देता है, लेकिन यह सिलेंडर चोर पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ रहा हैं। बता दें पारला भुंतर के साथ लगती बड़ा भुईन पंचायत के बार्ड 5 में 24 अगस्त रविवार को लगभग साढ़े 11 बजे पत्रकार मनीष कौंडल के घर में एक चोर चोरी के इरादे से घुस गया।

घर की रसोई में कुछ तलाश करने लगा, जब रसोई से आवाज आने लगी तो पत्राकार की बेटी दूसरे कमरे से रसोई में आई तो देखा एक अनजान ब्यक्ति कुछ तलाश कर रहा है। लड़की को देख कर वह चोर तुरंत वहां से भाग निकला। पत्रकार मनीष को जैसे ही पता चला की घर में कोई चोर आया था उन्होंने आसपास के सीसीटीवी कैमरा को खंगाला जिसमें चोर कैद हो गया था। चोर के हौसले इतने बुलंद हैं कि उसने मनीष के घर से थोड़ी ही दूरी पर दूसरी गली में राजन नामक व्यक्ति के घर में किराए पर रह रहे जगदीश ठाकुर के रसोई का ताला तोड़ कर घरेलु गैस का सिलेंडर चोरी कर उड़ा लिया।

घटनाक्रम की सूचना मनीष कौंडल ने दूरभाष के माध्यम से पुलिस थाना को सूचना दी, जिनका सिलेंडर चोरी हुआ, वह भुंतर थाना पहुंचे और चोरी की शिकायत दर्ज करवाई। अभीतक पुलिस के तथा चोर तक नहीं पहुंच पाए हैं। भुंतर व कुल्लू में सिलेंडर चोरी की घटना को अंजाम देने वाला यह एक ही चोर है।

## खेम चंद बने पीएमश्री स्कूल आनी के एसएमसी अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, आनी।** पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी में शिक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश के निर्देशानुसार विद्यालय सभागार में मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कार्यकारी प्रधानाचार्य श्यामानंद ने की। इस अवसर पर 300 से अधिक अभिभावकों ने भाग लिया।

एसएमसी सचिव गोविंद ठाकुर ने सभी अभिभावकों का स्वागत करते हुए बैठक का प्रारूप प्रस्तुत किया। शिक्षक वेद ठाकुर ने अपार आईडी से संबंधित जानकारी दी और अभिभावकों से इसमें जुड़ने की स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। सत्र के अंत में विद्यालय प्रबंधन समिति के रिक्त पद के लिए चुनाव हुआ, जिसमें खेम चंद ठाकुर निर्वाचित घोषित हुए। उन्होंने दायित्व संभालने पर सभी अभिभावकों व शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

**आयोजन** कुल्लू जिले में विभिन्न स्कूलों में मेगा पीटीएम का किया आयोजन

# नेटवर्क और आपदा से अभिभावक परेशान

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

**हिमाचल** शिक्षा विभाग द्वारा शनिवार को प्रदेश के सरकारी स्कूलों में मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। इसमें एक नए चैटबॉट अभ्यास हिमाचल को भी लांच किया गया। हालांकि, कुल्लू जिले में इस आयोजन के दौरान कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिससे अभिभावकों और शिक्षकों को भारी परेशानी हुई।

आपदा के चलते स्कूलों मे केवल अभिभावक और शिक्षक ही मौजूद रहे। आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत कुल्लू जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में आज छात्रों की छुट्टी कर दी थी। इस कारण मेगा पीटीएम में केवल अभिभावक और शिक्षक ही उपस्थित हो पाए।

**लाइव संबोधन में तकनीकी खराबी बनी परेशानी का सबब :** मेगा पीटीएम का मुख्य आकर्षण हिमाचल प्रदेश के शिक्षा सचिव का लाइव संबोधन था। यह संबोधन शिमला से सभी स्कूलों में प्रसारित किया जा रहा था।

कुल्लू जिले में दुर्भाग्यवश, आयोजन के आरंभ होते ही जियो का नेटवर्क पूरी तरह से ठप हो गया, जिसके कारण कोई भी संबोधन को सुन नहीं सका। नेटवर्क की बहाली के बाद भी ऑडियो की गुणवत्ता इतनी खराब थी कि कुछ भी समझ नहीं आ रहा था। आवाज या तो बहुत धीमी थी या फिर पूरी तरह से गायब थी, जिससे अभिभावक और शिक्षक हताश हो गए।

**शिक्षा विभाग के निर्णय पर उठे सवाल:** मौसम विभाग द्वारा पहले से ही खराब मौसम का अनुमान लगाया गया था। इसके बावजूद, शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने पीटीएम की तारीख आगे नहीं बढ़ाई। उच्च अधिकारियों ने जल्दबाजी में कार्यक्रम को निपटाने का निर्णय लिया। अभिभावकों का मानना है कि अधिकारियों को मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम को स्थगित कर देना चाहिए था। इस तरह की तैयारियों की कमी ने न केवल शिक्षा विभाग के प्रयासों पर सवाल उठाया है, बल्कि अभिभावकों को भी निराश किया है। इस मेगा पीटीएम के दौरान हुई तकनीकी दिक्कतों ने शिक्षा विभाग के डिजिटल और तकनीकी बुनियादी ढांचे की कमजोरियों को उजागर किया है।


हिमाचल शिक्षा विभाग द्वारा आज पूरे प्रदेश के सरकारी स्कूलों में मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया।

# छात्राओं की प्रगति व शिक्षा की गुणवत्ता पर चर्चा

## कन्या विद्यालय आनी में मेगा अभिभावक-शिक्षक मिलन कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, आनी**

**उपमंडल** के तहत कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आनी में शनिवार को मेगा अभिभावक-शिक्षक मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के उप प्रधानाचार्य रणधीर सिंह ठाकुर ने की। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चमन शर्मा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, छात्राओं की उपलब्धियों तथा उनके समग्र विकास की जानकारी देना रहा। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य रणधीर सिंह ठाकुर ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी ही विद्यार्थियों की वास्तविक प्रगति का आधार है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें आत्मअनुशासन, संस्कार और सामाजिक मूल्यों से भी जोड़ें।

वहीं, स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चमन शर्मा ने कहा कि अभिभावक-शिक्षक संवाद से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना संभव है। उन्होंने बताया कि विद्यालय प्रबंधन निरंतर प्रयासरत है कि छात्राओं को आधुनिक संसाधनों और बेहतर शिक्षण वातावरण की सुविधा उपलब्ध हो। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे विद्यालय के साथ मिलकर शिक्षा के स्तर को ऊँचाई तक पहुंचाने में सहयोग करें। कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षकों ने भी अपने विचार रखे और अभिभावकों को छात्राओं की प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराया। अभिभावकों ने भी विद्यालय की गतिविधियों की सराहना की और कुछ सुझाव प्रस्तुत किए। अंत में विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया गया।


मेगा अभिभावक-शिक्षक मिलन समारोह में उपस्थित अभिभावक।

## न्यूज ब्रीफ

### हिमालयन इंस्टीट्यूट ने चलाया पौधरोपण अभियान

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट द्वारा संस्थान परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में पौधरोपण अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण तथा हरित परिसर का निर्माण करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक गुरविंदर सिंह द्वारा पौधरोपण कर किया गया। इस अवसर पर निदेशक ने कहा कि 'वृक्ष ही जीवन का आधार हैं। अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करना हम सबका कर्तव्य है।' कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने पौधों की देखभाल और उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प लिया।

### स्मार्टफोन के अधिक प्रयोग से बचाव पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, अर्की।** शिलरू में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. मुक्ता रस्तोगी के नेतृत्व में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिविल अस्पताल अर्की के एचआईवी काउंसलिंग एवं टेस्टिंग सेवाओं के काउंसलर डॉ. विजय कुमार शांडिल ने एचआईवी/एड्स, तपेदिक (टीबी), यौन संचारित रोग (एसटीआई), हेपेटाइटिस-बी, हेपेटाइटिस-सी, आंखों और कानों की देखभाल पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही उन्होंने लोगों को आंख और कान की देखभाल के महत्त्व से भी अवगत करवाया। मोबाइल फोन का अधिक प्रयोग, तेज़ आवाज़ों का प्रभाव, धूल और धूप से बचाव पर विशेष जोर दिया गया।

### बहरेपन पर सीएमओ डॉ. पाठक ने किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** विश्व बहरापन निवारण जागरूकता सप्ताह के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय सोलन के रेड रिबन क्लब द्वारा बधिरता जागरूकता पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सोलन के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. अजय पाठक उपस्थित थे, जिन्होंने श्रवण हानि के कारणों, रोकथाम और प्रारंभिक पहचान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. पाठक ने छात्रों को बताया कि जन्मजात कारणों के साथ-साथ शोर-शराबा, मोबाइल फोन का अत्याधिक इस्तेमाल, दवाओं का सेवन, और संक्रमण भी बधिरता का कारण बन सकते हैं। उन्होंनेनियमित जांच कराने की सलाह दी। इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्राध्यापक प्रेम प्रकाश नेगी और डॉ. मंजू ठाकुर सहित लगभग 150 छात्रों ने भाग लिया। छात्रों ने भी डॉ. पाठक से कई प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने संतोषजनक उत्तर दिया।

### ऑक्सीजन बूस्टर लगे तो लाखों की कमाई करेगा सोलन अस्पताल का पीएसए प्लांट

# मरीजों को 24 घंटे मिलेंगी सांसें

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में कोरोना काल में ऑक्सीजन की कमी को पूरा करने के लिए करीब 7 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित पीएसए प्लांट विभाग के लिए लाखों रुपए की आमदनी दे सकता है, बशर्ते सरकार इसमें पहल करे। अस्पताल की रोगी कल्याण समिति का सुझाव है कि पीएसए प्लांट में ऑक्सीजन बूस्टर लगाकर न केवल अस्पताल की जरूरत पूरी होगी बल्कि निजी अस्पतालों को भी सांसे बेची जा सकती है।

अस्पताल प्रशासन की मानें तो पीएसए प्लांट के साथ 25 लाख रुपए की लागत से एक ऑक्सीजन बूस्टर लगाया जाएगा। इससे अस्पताल में स्थापित प्लांट से ही ऑक्सीजन सिलेंडरों को भरा जा सकेगा। इससे निजी अस्पताल ही नहीं, बल्कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति ऑक्सीजन भरवा सकेंगे। इस संबंध में बीते महीने आरकेएस की बैठक में भी चर्चा हुई थी, जिसमें प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने इस तरह की व्यवस्था को जरूरी बताया था। अब इंतजार है तो सरकार की हरी झंडी का है।



सोलन अस्पताल में स्थापित पीएसए प्लांट, जो अब कमाऊ पूत बनने जा रहा है।

### सरकार से मांगे दो अतिरिक्त ऑपरेटर

**प्लांट** को 24 घंटे संचालित करने के लिए अस्पताल प्रशासन ने सरकार से 2 अतिरिक्त ऑपरेटरों की मांग की है। उम्मीद जताई जा रही है कि सरकार जल्द ही इस मांग को मंजूरी देगी। फिलहाल हॉस्पिटल में केवल दो टेक्नीशियन हैं, जो अलग-अलग शिफ्ट में काम करते हैं। एक टेक्नीशियन सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक प्लांट को संचालित करता है, जबकि दूसरा टेक्नीशियन दोपहर 3 से रात 9 बजे तक ड्यूटी पर रहता है। इसके बाद प्लांट में केवल दो घंटे का बैकअप रहता है और रात को पीएसए प्लांट पूरी तरह से बंद हो जाता है, जिससे मरीजों को ऑक्सीजन सिलेंडरों पर निर्भर रहना पड़ता है। इसी को देखते हुए ऑक्सीजन बूस्टर लगाने की योजना है। इस विषय में सरकार को लिख दिया गया है। जल्द ही दो टेक्नीशियन मिलने की उम्मीद है।

> प्रशासन की पूरी कोशिश है कि हॉस्पिटल में स्थापित पीएसए प्लांट 24 घंटे चले। इसके लिए दो अतिरिक्त टेक्नीशियन की आवश्यकता है। इसको लेकर सरकार को मांग भेजी गई है। ऐसे में फीलिंग बूस्टर लगाकर निजी अस्पतालों को भी ऑक्सीजन बेची जा सकेगी।
> - डॉ. राकेश पंवर, एमएस सोलन हॉस्पिटल।

### ऑक्सीजन सिलेंडर की भरपाई होगी

हॉस्पिटल में आने वाले दिनों के भीतर 24 घंटे पीएसए प्लांट चलेगा। इसके अलावा यहां एक ऑक्सीजन फीलिंग बूस्टर लगाने की योजना है। इससे ऑक्सीजन सिलेंडर की भरपाई भी होगी, साथ ही मरीजों को हर समय ऑक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित हो जा सकेगी। सोलन हॉस्पिटल जिला का बड़ा सरकारी अस्पताल है, जहां जिला ही नहीं बल्कि शिमला और सिरमौर की सीमावर्ती क्षेत्रों से रोजाना सैकड़ों की संख्या में मरीज आते हैं। इसी तरह आपात और दुर्घटना की स्थिति में रोगी एडमिट होते हैं जिन्हें ऑक्सीजन की जरूरत रहती है।

# पांवटा साहिब में कहर बनकर टूटी कुदरत, 100 बीघा भूमि तहस-नहस

**अनंत ज्ञान, पांवटा/ नाहन**

- प्रशासन ने नहीं दी कोई राहत और मुआवजा
- सरकार से की जल्द से जल्द मदद पहुंचाने की मांग

सिरमौर जिले में लगातार बारिश अब आफत बनकर टूट रही है। बीती रात से हो रही मूसलाधार बारिश ने कई गांवों में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। ताजा मामला सालवाला पंचायत के अबीवाला गांव का है, जहां कुदरत के कहर ने तबाही की ऐसी तस्वीर खड़ी कर दी कि लोग अब भी दहशत में हैं। गांव की करीब 100 बीघा भूमि पूरी तरह से तहस-नहस हो चुकी है। 20 से अधिक परिवारों के खेत-खलिहान तबाह हो गए हैं। कई गोशालाएं मिट्टी में दब गईं। बकरियां और मवेशी पानी के तेज बहाव में दब गए। ग्रामीण पिछले 12 घंटे से जान बचाने की जद्दोजहद में लगे हैं। जब हमारी टीम मौके पर पहुंची तो ग्रामीणों का दर्द सुनकर हर कोई भावुक हो गया। महिलाओं और बेटियों ने बताया कि वे घरों में कैद होकर रह गए हैं और गांव से बाहर निकलने के सारे रास्ते बंद हो चुके हैं। दोपहरिया खड्ड का पानी इतना रौद्र रूप ले चुका है कि पूरा गांव तबाही के मंजर में डूब गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इतनी बड़ी तबाही के बावजूद अब तक प्रशासन की ओर से कोई राहत या मुआवजा नहीं दिया गया।

किसान भूखे-प्यासे मजबूरी में जी रहे हैं। उनका साफ कहना है कि सरकार और प्रशासन को तुरंत राहत राशि उपलब्ध करानी चाहिए ताकि लोग कुछ राहत की सांस ले सकें। सालवाला पंचायत ही नहीं, बल्कि पुरुवाला का मुख्य बाजार भी पूरी तरह पानी में डूब गया है। दुकानदारों को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। ग्रामीणों ने साफ कहा कि हमारी मेहनत की कमाई, खेत-खलिहान, मवेशी सब पानी में समा गए हैं। अब हमें सरकार से ही उम्मीद है कि जल्द से जल्द मदद पहुंचाई जाए।

# बांध के क्षतिग्रस्त होने से लोगों को सुरक्षित जगह जाने के निर्देश



बांध क्षतिग्रस्त होने के बाद मौके पर तैनात पुलिस।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

- भारी बारिश के चलते बाता नदी के तटीय बांध ध्वस्त

भारी बारिश के दौरान बाता नदी के तटीय बांध ध्वस्त होने से लोगों को घर छोड़ कर सुरक्षित स्थान पर जाने के निर्देश दिए गए हैं। माजरा उप तहसील के नायब तहसीलदार ने मौके का जायजा लिया है।

गांव निकला सेन वाला में बता नदी के कटाव में नदी का तटीय कारण बंद पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। अगर ऊपरी इलाकों में तेज बारिश हुई तो कभी भी लगभग 22 घर 820 बीघा जमीन पशु और ग्रामीण को जलमग्न होने का खतरा बढ़ सकता हैं। ग्रामीण फिरोज, युसूफ, असलम, मीना ममता, काला रोशनी असगरी जीला बेगम आदि ने बताया कि रात्रि नदी में तेज पानी आने से तटीयकरण बांध टूटने से गांव को खतरा पैदा हो गया है। नुकसान को लेकर एसडीएम पांवटा को भी अवगत करवा चुके हैं। ग्रामीण नायब तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को भी ज्ञापन दे चुके हैं, इस लिए इस समस्या का जल्द समाधान किया जाए।

# पुनीत बने हिमाचल अमेच्योर किक बॉक्सिंग संघ के कार्यकारी अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन जिले के धर्मपुर निवासी पुनीत वर्मा को हिमाचल अमेच्योर किक बॉक्सिंग संघ के कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनकी नियुक्ति राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी, परशुराम अवार्डी संजय यादव ने की है। प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तिलक शर्मा ने जानकारी दी कि पुनीत वर्मा की लंबी मार्शल आर्ट यात्रा और उनकी शानदार उपलब्धियों को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनका मानना है कि पुनीत वर्मा के नेतृत्व में हिमाचल की किक बॉक्सिंग को निश्चित ही नई उड़ान मिलेगी।

47 वर्षीय पुनीत वर्मा मूल रूप से शिमला जिला की तहसील कुमारसैन के गांव नाहल से ताल्लुक रखते हैं, लेकिन उनकी पढ़ाई-लिखाई सोलन में हुई। वे करीब पैंतीस सालों से मार्शल आर्ट की दुनिया से जुड़े हुए हैं। अपने करियर में उन्होंने कई नेशनल और इंटरनेशनल टूर्नामेंट में भाग लिया। दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता और गोवा में चार नेशनल टूर्नामेंट खेले। मलेशिया और थाईलैंड में इंटरनेशनल मुकाबले के अलावा गोवा और मुंबई में भी दो इंटरनेशनल टूर्नामेंट खेले। इसके अलावा एक दर्जन के करीब नेशनल इनविटेशनल टूर्नामेंट में भी प्रदेश का परचम लहराया।



पुनीत को जिम्मेदारी सौंपते राष्ट्रीय उपाध्यक्ष।

दिल्ली में आयोजित नेशनल फुल कांटेक्ट कराटे में चौथे स्थान पर रहे और दो बार हिमाचल प्रदेश की टीम का बतौर कोच नेतृत्व किया। पुनीत वर्मा शितोरियु कराटे में थ्री डिग्री ब्लैक बेल्ट होल्डर हैं और ऑल इंडिया कराटे फेडरेशन से सेकंड डिग्री धारक हैं। इन्होंने हजारों खिलाड़ियों को तैयार किया है, जिनमें से कई खिलाड़ी आज पुलिस, आर्मी, शिक्षा और खेल विभाग में सेवाएं दे रहे हैं। वे कराटे फेडरेशन ऑफ हिमाचल से जुड़े रहे हैं और करीब डेढ़ दशक से सोलन जिला कराटे-डू एसोसिएशन के अध्यक्ष हैं। पुनीत वर्मा की महारत सिर्फ शितोरियु कराटे तक सीमित नहीं, बल्कि उन्होंने ओकिनावा गोजूरयू, गोजुकाई गोजूकान, सीदो कराटे, शोतोकान, क्यूकोशिन काई और जुडो की भी ट्रेनिंग की है। कई नेशनल और स्टेट प्रतियोगिताओं में वे बतौर रेफरी भी सेवाएं दे चुके हैं। पुनीत वर्मा पेशे से पत्रकार भी है।

खेलों की बात करें तो वे शतरंज और बिलियर्ड-स्नूकर के भी अच्छे खिलाड़ी हैं और इन खेलों में भी कई प्रतियोगिताएं जीत चुके हैं। उनके पिता एसएसबी से सेवानिवृत्त हुए हैं और उनका बेटा, जो खुद नेशनल किक बॉक्सिंग ब्रॉन्ज मेडलिस्ट है और इन दिनों कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहा है। मार्शल आर्ट्स, पत्रकारिता और खेलों में बेहतरीन योगदान के बाद अब पुनीत वर्मा की जिम्मेदारी हिमाचल अमेच्योर किक बॉक्सिंग संघ को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाने की रहेगी।

# सोलन कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस का शानदार समापन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजकीय महाविद्यालय सोलन में दो दिवसीय राष्ट्रीय खेल दिवस धूमधाम से समापन हो गया। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। समापन दिवस पर विभिन्न खेलों के रोमांचक फाइनल मैच खेले गए। वॉलीबाल पुरुष वर्ग के फाइनल में अजय ठाकुर हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महेंद्र सिंह धोनी हाउस को हराकर विजेता का खिताब जीता।

वहीं, महिला वॉलीबॉल फाइनल में पीटी उषा हाउस की टीम विजयी रही, जबकि पीवी सिंधु हाउस उपविजेता रही। बास्केटबाल के फाइनल मुकाबले भी बेहद रोमांचक रहे। पुरुष वर्ग में अभिनव बिंद्रा हाउस ने मिल्खा सिंह हाउस को हराकर जीत हासिल की। महिला बास्केटबाल का खिताब मैरी कॉम हाउस के नाम रहा, जिन्होंने मीराबाई चानू हाउस को उपविजेता बनाया। फाइनल मैचों के साथ-साथ, विभिन्न इंडोर गेम्स जैसे टेबल टेनिस, शतरंज और बैडमिंटन (पुरुष और महिला दोनों) का भी सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंत में कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने सभी विजेता और उपविजेता टीमों को बधाई दी और छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए खेल को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्रों से शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक फिटनेस बनाए रखने के लिए अपने-अपने खेलों में अभ्यास जारी रखने का आग्रह किया।

कार्यक्रम के आयोजक एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रवि राम ने सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों का विशेष रूप से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ियों के उत्साह और खेल भावना के बिना यह आयोजन सफल नहीं हो सकता था। यह आयोजन छात्रों के बीच खेल भावना और टीम वर्क को बढ़ावा देने में सफल रहा।

# मणिमहेश यात्रा में श्रद्धालु बने लापरवाही का शिकार : अभिषेक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला सोलन भाजपा प्रवक्ता अभिषेक ठाकुर ने चंबा में आई आपदा को लेकर स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। ठाकुर ने कहा कि चंबा जिला इस समय आपदा जैसी विकट स्थिति से जूझ रहा है। पवित्र मणिमहेश यात्रा में आए हजारों श्रद्धालु और स्थानीय लोग बेसहारा और संकटग्रस्त स्थिति में फंसे हुए हैं। मोबाइल नेटवर्क पूरी तरह ठप है, पीने के पानी की भारी किल्लत है और बिजली आपूर्ति लंबे समय से बाधित है। श्रद्धालु, महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे बुनियादी सुविधाओं से वंचित होकर दयनीय हालत में जीवन बिता रहे हैं। यह स्थिति केवल प्राकृतिक कठिनाई नहीं, बल्कि प्रशासन की घोर लापरवाही और असंवेदनशीलता का परिणाम है। यह प्रदेश सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ने का जीता-जागता उदाहरण है। भाजपा इस गैर-जिम्मेदाराना रवैये की कड़ी निंदा करती है और मांग करती है कि जिला प्रशासन तत्काल श्रद्धालुओं को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाए।

# प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दो लाख रुपए की बीमा राशि का भुगतान

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा दाड़लाघाट ने पंचायत पारनू के तहत आने वाले एक पीड़ित परिवार को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 2 लाख रुपए की बीमा राशि का भुगतान किया है। जानकारी के अनुसार जयपाल पंचायत पारनु के निवासी थे, उनका निधन ट्रक दुर्घटना में हो गया था। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत मात्र 20 रुपए का बीमा करवाया था,जिसका लाभ अब उनके परिवार को 2 लाख रुपए की बीमा राशि का भुगतान कर मिला है।

इस योजना के तहत यह राशि जयपाल सिंह की माता सुनीता देवी को 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। शाखा प्रबंधक अमित वर्मा ने कहा कि यह बीमा योजना उन लोगों के लिए एक वरदान है, जो असमय ही इस दुनिया को छोड़कर चले जाते हैं। इस योजना के माध्यम से उनके परिवार को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जाती है। उन्होंने सभी खाताधारकों से अनुरोध किया है कि वे बैंक में आकर सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक विभिन्न प्रकार की बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर रही हैं और लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए काम कर रही हैं। इस मौके पर शाखा प्रबंधक अमित वर्मा,सहायक प्रबंधक ललित कुमार,सहायक प्रबंधक नयन राठौर, अंकुर तायल, पूर्व प्रबंधक सेवानिवृत्त कृष्ण लाल भट्टी आदि मौजूद रहे।



बैंक अधिकारी परिजनों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की राशि का भुगतान करते हुए।

- लोगों से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील

# धुंदन में मैगा अभिभावक शिक्षक मिलन का आयोजन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में मैगा अभिभावक शिक्षक मिलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार ठाकुर ने की। सर्वप्रथम कार्यवाहक प्रधानाचार्य अमर सिंह वर्मा ने उपस्थित सभी अभिभावकों का स्वागत व अभिनंदन किया।

इस मिलन में मुख्य रूप से अभ्यास हिमाचल, अपार आईडी व शिक्षा संवाद आदि विषयों पर जानकारी दी गई। प्रवक्ता जीव विज्ञान नीलम शर्मा, स्नातक विज्ञान डॉक्टर अनीता, स्नातक विज्ञान रुचि गुप्ता और कला स्नातक सुदेश ने उपस्थित सभी अभिभावकों को स्विफ्ट चेट पंजीकरण बारे और अभ्यास हिमाचल और अपार आईडी के बारे में जानकारी प्रदान की।

स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार ने अभिभावकों से घर पर बच्चों से अपनी कक्षा के सभी विषयों का समय पर अभ्यास करवाने का निवेदन किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य सुनील कुमार ठाकुर, प्रेम भगत, कृष्ण लाल, मेहर सिंह, लता देवी, विमला देवी, सरिता, मंजू, दीपिका सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### हनुमान बड़ोग स्कूल पहुंची ऑस्ट्रेलियन रिसर्च टीम

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। राजकीय उच्च विद्यालय हनुमान बड़ोग में ऑस्ट्रेलियन काउंसिल फॉर एजुकेशनल रिसर्च की तीन सदस्यीय टीम ने निरीक्षण किया। इस टीम ने समग्र शिक्षा कार्यक्रम के विद्यार्थी,अभिभावक,शिक्षक पर प्रभाव व मूल्यांकन के लिए शोध कार्य हेतु आवश्यक प्राथमिक आंकड़े एकत्रित किए। यह काउंसिल अलग अलग शिक्षा खंडों में विद्यालय में जा कर वास्तविक आंकड़े एकत्रित करने के लिए स्कूल मुखिया,शिक्षकों और छात्रों से बातचीत कर उनका साक्षात्कार करती है ताकि शिक्षा व शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए अनुसंधान किया जा सके। इस अवसर पर सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

# जामन दा डोरा गांव में बारिश से भारी नुकसान

**ओम शर्मा, अनंत ज्ञान**

**बद्दी।** दून हलके के पहाड़ी गांव जामन दा डोरा में बारिश के चलते जमीन दरकने से भारी नुकसान हुआ है और बारिश ने 7 परिवारों से उनकी जमीन और छत छीन ली है। भूमि दरकने से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने को मजबूर होना पड़ा। पहाड़ी क्षेत्र में हुई भारी बारिश से शुक्रवार शाम करीबन 4 बजे जामन का डोरा गांव में जमीन व मकानों में दरारें आ गईं। इसके चलते प्रभावित परिवारों को अपने मकान छोड़ने पर ओर घरों का कीमती सामान, बिस्तर, राशन, सामान व पशुधन लेकर सुरक्षित स्थानों पर शरण लेनी पड़ी।

जामन का डोरा गांव में लगभग 7 मकान, 6 पशुशाला व लगभग 65 बीघा भूमि क्षतिग्रस्त हुई है। पंचायत बुआसनी की प्रधान मनविंदर कौर व उपप्रधान राम किशन ने बताया कि अभी तक आपसी सहयोग से प्रभावित परिवारों को शरण दी गई है। बारिश से भगवान दास, राम किशन, राम लोक, गोपाला, गीता राम, सर्वजीत व लाल चंद का मकान क्षतिग्रस्त हुआ है। वहीं शनिवार को दून विधायक राम कुमार चौधरी, एसडीएम नालागढ़ राज कुमार ने प्रशासनिक टीम के साथ स्थिति का जायजा लिया और 7 परिवारों को 10-10 हजार रुपये की फौरी राहत, राशन किटें, क्षतिग्रस्त हुई पशुशालाओं के लिए 5-5 हजार राहत राशि प्रदान की गई।



बारिश के चलते 7 मकान, 6 पशुशालाएं व 65 बीघा भूमि क्षतिग्रस्त हुई है।

दून विधायक राम कुमार चौधरी ने बताया के अधिकारियों को नुकसान की रिपोर्ट बनाने के निर्देश जारी किए गए हैं ओर प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ठहराया गया है। राम कुमार चौधरी ने सम्बन्धित विभागों को प्रभावित क्षेत्र में लोगों के लिए खाद्य सामग्री, पेयजल, विद्युत इत्यादि की सुचारू व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी बद्दी राजकुमार, तहसीलदार बद्दी सतिन्द्र जीत समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

वहीं, शनिवार को दून के पूर्व विधायक परमजीत सिंह पम्मी ने गांव का दौरा कर प्रभावित परिवारों को ढांढस बंधाया। पूर्व विधायक ने कहा के बेघर हुए लोगों को सरकार 3-3 विसवा भूमि मकान बनाने और मकान के लिए सहायता प्रदान करें। उन्होंने कहा के आपसी सहयोग से जल्द ही इन्हें आर्थिक मदद मुहैया करवाई जाएगी।

# निधि ने 8 मिनट में गणित के 200 सवाल हल करके बनाया रिकॉर्ड

**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान**

- जीता गोल्ड, अपनी प्रतिभा से किया सबको अचंभित
- परिवार सहित राजगढ़ क्षेत्र में खुशी का माहौल

**राजगढ़।** होनहार बिरवान के होत चिकने पात, अर्थात जिस बच्चे ने जीवन में कुछ बनना होता है उसके लक्षण बचपन से दिखाई देने लगते है। ऐसी ही अद्भुत मिसाल नन्ही निधि ने कायम की है। बता दें कि राजगढ़ के नेरी गांव की नन्हीं निधि ने मात्र पांच वर्ष की उम्र में गणित की दुनिया में इतिहास रच दिया है।

हाल ही में सोलन में आयोजित 9वीं राज्य स्तरीय यूसीमैस प्रतियोगिता में उसने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। आयोजकों ने इस प्रतियोगिता में 200 गणितीय सवाल रखे गए थे, जो कि आठ मिनट में हल करने होते है । इस चुनौतीपूर्ण परीक्षा में निधि ने शानदार प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल जीता और अपनी क्षमता से सबको अचंभित कर दिया। निधि अनमोल यूसीमास सेंटर की छात्रा हैंऔर इस प्रतियोगिता में उनके सेंटर से 47 बच्चों ने भाग लिया था। निधि ने लिसनिंग कैटेगरी में गोल्ड मेडल, विजुअल सीट में थर्ड रनर-अप और फ्लैश राउंड में चैंपियन का खिताब जीता।

उनकी इस उपलब्धि से परिवार और पूरे राजगढ़ क्षेत्र में उत्सव का माहौल है। निधि के पिता अशोक ठाकुर ने बताया कि उनकी बेटी को बचपन से ही पढ़ाई का शौक है, विशेषकर गणित में। विधायक रीना कश्यप ने भी निधि की सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी।

**प्रतिस्पर्धा** मोहिंदर मेमोरियल द्विभाषीय टर्नकोट वाद-विवाद प्रतियोगिता में पाइनग्रोव बना विजेता

# आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर हुआ तीव्र वाद-विवाद

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में आयोजित 8वीं मोहिंदर मैमोरियल द्विभाषीय टर्नकोट वाद-विवाद प्रतियोगिता का भव्य समापन फाइनल राउंड के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में देशभर के 13 प्रतिष्ठित स्कूलों के कुशल और प्रभावशाली द्विभाषी वक्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर भारत सरकार के आईएसटीएम के पूर्व उपनिदेशक इंदर जीत मित्तल मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

बीएसएआई के अध्यक्ष एवं पाइन ग्रोव स्कूल के कार्यकारी निदेशक कैप्टन एजे. सिंह, निदेशक प्रशासन समीक्षा सिंह और सभी स्कूल प्रमुखों भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कुल 26 प्रतिभागियों में से 17 को एक प्रतिष्ठित निर्णायक मंडल द्वारा अंतिम चरण के लिए चयनित किया गया। निर्णायक मंडल में ग्रुप कैप्टन सुधीर दिवान, प्रमोद शर्मा, डॉ. मुकेश शर्मा और हेमांक कपिल शामिल थे। प्रतिभागियों ने दिए गए विषय 'यह सदन मानता है कि निगरानी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) का उपयोग मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है'- पर उत्साही और तीव्र वाद-विवाद प्रस्तुत किया।




वाद-विवाद प्रतियोगिता में विजयी रही पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू की टीम ट्रॉफी के साथ।

लॉटरी द्वारा चुने गए इस विषय ने विचारोत्तेजक तर्कों और तीखे खंडनों के साथ अपना पक्ष रखा जिसने प्रतिभागियों की द्विभाषीय दक्षता को उजागर किया। इस कार्यक्रम का समापन एक भव्य पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जहां विजेताओं को तालियों की गूंज के बीच सम्मानित किया गया। ग्रोवियन पर्कशनिस्ट्स द्वारा 'राग यमन' की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इसके पश्चात पाइनग्रोव स्कूल की फिल्म और प्रारंभिक चरण की झलकियों का वीडियो प्रदर्शित किया गया। इस प्रतियोगिता में पाइनग्रोव स्कूल, सुबाथू को विजेता होने का सम्मान प्राप्त हुआ। आर्मी पब्लिक स्कूल, डगशाई तथा पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर ने उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में वायनबर्ग-एलेन स्कूल, मसूरी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। व्यक्तिगत उपलब्धियों में पाइनग्रोव स्कूल, धर्मपुर की रिक्वेजा दिवानने पहला स्थान, पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू के आर्यन सिर्सवाल ने दूसरा स्थान तथा आर्मी पब्लिक स्कूल, डगशाईकी खुशमीत सैनीने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

पाइनग्रोव स्कूल, सुबाथू की सिमरत, राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, जोधपुर की कोशिका कुंभाट, सेंट सोल्जर डिवाइन पब्लिक स्कूल पंचकूला की जाह्नवी सिंह, वायनबर्ग एलेन स्कूल मसूरी के शौर्य बंसल तथा सौम्या गुप्ता, पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर की एकम कौर तथा विवेक हाई स्कूल चंडीगढ़ की हमरीत कौर को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए।

# बाल श्रम की शिकायत पर विभागीय टीम ने 12 वर्षीय बालक का किया रेस्क्यू

**अनंत ज्ञान, सोलन**

- युवक का मेडिकल करवाकर चाइल्ड हेल्प लाइन की टीम को सौंपा
- दुकानदार पर की जा रही कार्रवाई

जिला मुख्यालय सोलन के राम बाजार में दुकान पर बाल श्रम की शिकायत पर विभागीय टीम ने छापा कर 12 वर्ष के बालक का रेस्क्यू किया। टीम में शामिल लेबर इंस्पेक्टर, चाइल्ड वेलफेयर और मेडिकल डिपार्टमेंट की संयुक्त टीम की कार्रवाई से यह सफलता मिली है। टीम जब मौके पर पहुंची तो 12 वर्ष का बालक को काम करते पाया गया।

इस पर बालक का तुरंत मेडिकल करवाया गया। पूरी जांच के बाद चाइल्ड हेल्प लाइन की टीम इससे अपने साथ ले गई। बालक के माता-पिता को सूचित किया गया है, जबकि दुकानदार पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। लेबर इंस्पेक्टर अनिल चौहान ने कहा कि दुकान में बाल मजदूरी करवाए जाने की शिकायत विभाग को मिली थी, जिस पर यह कार्रवाई की गई है। ज्ञात रहे कि बाल श्रम 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों द्वारा किया जाने वाला खतरनाक, शारीरिक या मानसिक रूप से हानिकारक काम है जो उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास में बाधा डालता है।

भारत में, बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 और भारतीय संविधान के अनुच्छेद 24 के तहत बाल श्रम को प्रतिबंधित किया गया है, जिसमें 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कारखानों, खानों और अन्य खतरनाक कामों में लगाने पर रोक है। इसका उद्देश्य बच्चों को उनके जीवन और विकास के अधिकार सुनिश्चित करना है। इसको लेकर संबंधित विभाग समय-समय पर कार्रवाई करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### यूईआई ग्लोबल एजुकेशन का वार्षिक फूड फेस्टिवल आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** यूईआई ग्लोबल एजुकेशन, सेक्टर 34 के विद्यार्थियों ने अपने वार्षिक फूड फेस्टिवल 'जातार और जीरा-2025' का आयोजन किया, जिसका विषय था लेबनानी और पंजाबी व्यंजनों का संयोजन। इस जीवंत समारोह में अंतरराष्ट्रीय और भारतीय व्यंजनों का एक बेहतरीन मिश्रण प्रस्तुत किया गया। पुणे से शेफ रिजवान सेख और दिल्ली से शेफ नितिन खंडेलवाल के मार्गदर्शन में संस्थान के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने पारंपरिक और समकालीन पाक कला का आकर्षक सम्मिलन पेश किया। कार्यक्रम में परिसर को खूबसूरती से सजाया गया था, और मेहमानों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। विद्यार्थियों ने मेनू तैयार करने से लेकर व्यंजन बनाने और परोसने तक की पूरी जिम्मेदारी निभाई। इस आयोजन ने उन्हें आतिथ्य, होटल प्रबंधन, और प्रबंधकीय कौशल में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर दिया। यूईआई ग्लोबल एजुकेशन के एमडी, मनीष खन्ना ने कहा, 'यह फूड फेस्टिवल विद्यार्थियों को पारंपरिक और आधुनिक पाक तकनीकों का प्रदर्शन करने का एक अद्वितीय मंच प्रदान करता है।' अभिभावकों और रिश्तेदारों ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास, और पेशेवर कौशल की सराहना की।

### पानीपत में एक सितंबर से लागू होगा 'ऑड-ईवन फार्मूला'

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** पानीपत शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए एक सितंबर से 'ऑड-ईवन फार्मूला' लागू किया जाएगा। इसके तहत, शहर में चल रहे ई रिक्शा, ऑटो और अवैध वाहनों पर प्रशासन नियंत्रण लगाएगा। इस संबंध में प्रशासन ने ई रिक्शा और ऑटो चालकों के साथ एक बैठक आयोजित की, जिसमें उपायुक्त विरेंद्र कुमार दहिया और पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने इसे लागू करने की योजना पर चर्चा की। इस फार्मूले का पहले चरण में ट्रायल कुछ वाहनों पर किया जाएगा, जो सप्ताहभर चलेगा। परिणामों का आकलन करने के बाद इसे पूरे जिले में लागू करने का निर्णय लिया जाएगा। जिला सचिवालय में हुई बैठक में निगम के अतिरिक्त आयुक्त विवेक चौधरी और ट्रैफिक पुलिस उप अधीक्षक सुरेश सैनी ने वाहन चालकों को दिशा-निर्देश दिए और सुझाव भी मांगे। प्रशासन का कहना है कि इस फार्मूले का मुख्य उद्देश्य सड़क पर लगने वाले जाम को कम करना, ईंधन की बचत करना और सड़क हादसों को रोकना है। ट्रैफिक पुलिस उप अधीक्षक सुरेश सैनी के अनुसार, शहर में चल रहे 4032 ई रिक्शा और 3414 ऑटो रिक्शा के रजिस्ट्रेशन के अंतिम अंक के आधार पर यह फार्मूला लागू किया जाएगा।

### लिव-इन में रह रही मां ने बेटियों को घर से निकाला

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** पानीपत के रोशन महल क्षेत्र में लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही एक महिला ने अपनी दो बेटियों को शुक्रवार रात बुरी तरह मारपीट कर घर से निकाल दिया। बच्चियां रोते हुए बाजार में पहुंचीं, जिन्हें पड़ोसियों ने देखा और समाजसेवियों से संपर्क किया। इसके बाद बच्चियों को सिटी थाने लाया गया, जहां उनका इलाज सिविल अस्पताल में करवाया गया और पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। दुकानदार अमन उप्पल के मुताबिक, महिला जोगिंद्र नामक युवक के साथ लिव-इन में रह रही थी, जबकि उसके पति को छोड़कर उसने अपनी बेटियों को अपने पास रखा था। महिला अपनी बेटियों को घरों में बर्तन साफ करने का काम करवाती थी और नियमित रूप से उनकी पिटाई करती थी। शुक्रवार रात महिला और उसके साथी ने मिलकर बच्चियों की पिटाई की और घर से बाहर निकाल दिया।

### सिरसा: 11 किलोग्राम चूरापोस्त सहित तस्कर दबोचा

**अनंत ज्ञान, सिरसा।** स्थानीय पुलिस ने नशा तस्करों पर नकेल कसते हुए सिरसा जिले के डबवाली क्षेत्र से एक तस्कर को 11 किलोग्राम चूरापोस्त सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए डबवाली प्रभारी राजपाल ने शनिवार को बताया कि तस्कर की पहचान पंजाब के फाजिल्का जिला के शंकरदास के रूप में हुई। तस्कर डबवाली क्षेत्र में चूरापोस्त बेचने की फिराक में था और पुलिस ने उसे दबोच लिया। सीआईए प्रभारी राजपाल ने बताया कि पुलिस ने गस्त पड़ताल अपराध व नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए गांव सकताखेड़ा से होते हुए चौटाला रोड गांव शेरगढ़ की तरफ आ थी। गांव शेरगढ़ में चौटाला रोड पर बनी नहर पुलिया के पास पहुंचे तो उन्हें एक शख्स प्लास्टिक का थैला लिए खड़ा दिखाई दिया जो कि सामने से आ रही पुलिस टीम को देखकर नहर पुलिया के पास बने कच्चे रस्ते पर जाने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उसे काबू कर थैले की तलाशी ली तो 11 किलोग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ डबवाली थाना में मामला दर्ज किया गया है।

# प्रदेश में बनेंगी 'हरियाणा आपदा राहत बल' की दो बटालियन : सैनी

## जिला जींद में बनने वाले फायर एवं डिजास्टर ट्रेनिंग इंस्टीटयूट का जल्द होगा शिलान्यास

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**




**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में आपातकालीन सेवाओं को और सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में हरियाणा आपदा राहत बल (एचडीआरएफ) की दो बटालियन बनाई जाएंगी, जो किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तत्पर रहेंगी। इसके अलावा, जिला जींद में फायर और डिजास्टर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट का शिलान्यास जल्द ही किया जाएगा, जो आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों के लिए प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

सैनी शनिवार को यहां अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक में आपातकालीन सेवाओं को और प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। मुख्यमंत्री ने फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट के रिन्यूअल को लेकर नया दिशा-निर्देश जारी किया। अब एनओसी आवदेन करते ही फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट का रिन्यूअल ऑटोमैटिक होगा, और इसके बाद विभाग के अधिकारी 15 दिनों के भीतर रैंडम चेक करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि फायर एनओसी को मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के साथ जोड़ा जाए ताकि प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। इसके अलावा, पेंडिंग एनओसी रखने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने नई तकनीक से लैस 101 मीटर ऊंचाई वाली दो अग्निशमन गाड़ियों की खरीद की घोषणा की। इसके अलावा, हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म वाली 13 फायर गाड़ियाँ और 250 फायर गाड़ियाँ जो ब्लॉक स्तर तक कार्य करेंगी, खरीदी जाएंगी। इन गाड़ियों में पानी के पाइप की क्षमता एक हजार मीटर तक बढ़ाई जाएगी ताकि आपदा के समय भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में राहत कार्यों को तेजी से अंजाम दिया जा सके।

मुख्यमंत्री ने जींद जिले में फायर और डिजास्टर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट बनाने के निर्देश दिए, जो एनडीआरएफ के मानकों पर आधारित होगा। यहां भूकंप, आग, बाढ़ जैसे आपदाओं से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा, प्रदेश में तैराकों का डाटा तैयार कर एक पोर्टल बनाने के भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय की गाइडलाइन्स के अनुसार प्रदेश में 59 नए फायर स्टेशन खोले जाएंगे। इसके अलावा, 10 आधुनिक फायर फाइटिंग रोबोट भी खरीदे जाएंगे, जो पायलट प्रोजेक्ट के रूप में उपयोग किए जाएंगे।

# बेसहारा गोवंश के लिए प्रदेश सरकार ने दिया 413 करोड़ का अनुदान : विज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गऊशालाओं में रखे जाने वाले बेसहारा गोवंश के लिए वर्ष 2014 से लेकर अब तक प्रदेशभर में 413 करोड़ रुपए की राशि का अनुदान गोशालाओं को प्रदान किया गया है। इसी कड़ी में गोशाला एवं गोसदन विकास परियोजना के तहत शनिवार को विज ने रामबाग गऊशाला समिति, अम्बाला छावनी को 20 लाख 77 हजार रुपए व भगवान श्री परशुराम गोशाला खतौली को 3 लाख 11 हजार रुपए की राशि के चैक गऊशालाओं के प्रतिनिधियों को प्रदान किए।



मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार समाज के भिन्न-भिन्न वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि लोगों का गऊ माता के प्रति जो मन में सम्मान है, उसी सम्मान के तहत वे अपनी स्वेच्छा से आगे आकर गऊशालाओं की सहायता करें ताकि सड़क पर कोई भी आवारा पशु और गोवंश न हो। सरकार द्वारा समय-समय पर गऊशालाओं के संचालन के लिए सहयोग देने का काम किया जाता है, लेकिन इस कार्य में आमजन का सहयोग भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गऊशालाओं के संचालन के लिए बजट में भी बढोतरी की गई है तथा नई गऊशालाएं भी खोलने का काम भी किया है, जिसका उद्देश्य है कि कोई भी गोवंश आवारा सड़क पर न घूमे।

उन्होंने गऊशालाओं के प्रतिनिधियों द्वारा बेसहारा गोवंश के रख-रखाव के लिए किए जा रहे कार्यों की भी सराहना की और कहा कि प्रतिनिधि इस प्रकार के कार्य को इसी सेवाभाव के साथ करते रहें, जिसके लिए उनका सहयोग उन्हें हमेशा मिलेगा। उन्होंने कहा कि जब लोग आगे आकर गऊशालाओं का सहयोग करेंगे तो गऊशालाएं सक्षम बनेंगी और कोई भी बेसहारा गोवंश सड़क पर नहीं होगा।

इस दौरान गऊशालाओं के प्रतिनिधियों ने मंत्री अनिल विज व प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। इस मौके एसडीएम विनेश कुमार, रामबाग गोशाला समिति अम्बाला छावनी से जसवंत जैन व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# एमसी चंडीगढ़ ने नागरिकों एवं स्टाफ संग मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

नगर निगम चंडीगढ़ ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती को चिह्नित करने के लिए राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर नगर निगम के विभिन्न विभागों उद्यान, अग्निशमन, अभियंत्रण तथा स्वास्थ्य अधिकारी विभाग ने अलग-अलग स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए। इन आयोजनों में स्व-सहायता समूहों और स्थानीय नागरिकों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

फायर स्टेशन, सेक्टर-32 में अग्निशमन विभाग ने अपने कर्मचारियों के लिए खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया। वहीं, उद्यान उपमंडल नंबर 6 ने सेक्टर-10 स्थित लीजर वैली में खेल आयोजित किए। सेक्टर-30 की ग्रीन बेल्ट में 16 प्रतिभागियों के बीच रस्साकशी का जोशीला मुकाबला हुआ, जिसके बाद 50 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें 12 मालियों ने भाग लिया। नागरिकों एवं स्व-सहायता समूहों के सदस्यों ने भी मनोरंजक दौड़, खेलकूद और मैत्रीपूर्ण मुकाबलों में हिस्सा लिया, जिससे आयोजन जीवंत और सर्वसमावेशी बन गया।

नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने कहा कि यह उत्सव एक सामुदायिक पर्व में बदल गया, जहां निगम स्टाफ और स्थानीय निवासी मिलकर टीम भावना, स्वास्थ्य और एकता के मूल्यों को बढ़ावा दे रहे हैं। स्व-सहायता समूहों की भागीदारी ने कार्यक्रम में ऊर्जा और विविधता का संचार किया, साथ ही महिलाओं और स्थानीय समुदायों को खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया।

# रेडक्रॉस के वाइस चेयरमैन ने तपोभूमि जटेला धाम में किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** तपोभूमि जटेला धाम में स्वामी नित्यानंद जी महाराज के 225वें निर्वाण पर्व के उपलक्ष्य में स्वामी नित्यानंद मिशन फाउंडेशन द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तपोभूमि जटेला धाम के पीठाधीश्वर श्री महंत स्वामी राजेंद्र दास जी महाराज ने की। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी तथा स्वामी स्वरूप नाथ जी महाराज ने महंत स्वामी राजेंद्र दास जी महाराज के सान्निध्य में पौधारोपण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महंत स्वामी राजेंद्र दास जी महाराज ने कहा कि हमारे शास्त्रों में त्रिवेणी पौधारोपण (बरगद, पीपल और नीम) का विशेष महत्व बताया गया है। यह पौधे न केवल सबसे अधिक ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि जीव-जंतुओं को भोजन और आश्रय भी उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने कहा कि आज जब अंधाधुंध वृक्ष कटाई और प्रदूषण के कारण पर्यावरण संकट गहराता जा रहा है, तब हम सबका कर्तव्य है कि धरती को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करें।

# दो दिवसीय विशेषज्ञ सत्र में नवाचार और स्टार्ट-अप निर्माण पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय की इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) ने 'इनोवेशन/ प्रोटोटाइप वैलिडेशन कन्वर्टिंग इनोवेशन इंटू ए स्टार्ट-अप' विषय पर दो दिवसीय विशेषज्ञ सत्र का आयोजन किया। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य युवा प्रतिभागियों को नवाचारों को व्यावहारिक प्रोटोटाइप और स्थिर स्टार्ट-अप्स में बदलने का प्रत्यक्ष अनुभव देना था। साथ ही, इसमें छात्राओं को फंडिंग साधनों, इनक्यूबेशन अवसरों और उद्योग विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त करने का भी अवसर मिला।

सत्र में तीन प्रमुख वक्ताओं ने योगदान दिया। प्रो. इंदु पाल कौर ने विद्यार्थियों को पारंपरिक सोच से परे जाकर सरल विचारों को व्यावसायिक रूप में बदलने की प्रेरणा दी, जबकि डॉ. वंदिता कक्कर और सुश्री शिवांशी वशिष्ठ ने नवाचार और स्टार्ट-अप निर्माण में जरूरी कौशल की जानकारी दी। कार्यक्रम में 56 छात्राओं ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या नीना शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मंच छात्राओं को नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में प्रोत्साहित करते हैं।

## देश-विदेश

# टैरिफ विवाद पर बोले राजनाथ-कोई परमानेंट दोस्त या दुश्मन नहीं होता

## केवल परमानेंट इंटरेस्ट होता है, भारत कोई समझौता नहीं करेगा



**एजेंसी, नई दिल्ली**

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी टैरिफ पर विवाद के बीच कहा कि कोई भी देश परमानेंट दोस्त या दुश्मन नहीं होता है। सिर्फ परमानेंट इंटरेस्ट होता है। राजनाथ ने यह बात एनडीटीवी डिफेंस समिट में शनिवार को कही। उन्होंने कहा कि दुनिया में ट्रेड वॉर जैसे हालात हैं। विकसित देश तेजी से संरक्षणवादी हो रहे हैं। भारत किसी को अपना दुश्मन नहीं मानता, लेकिन हम राष्ट्रीय हित और लोगों के हितों से समझौता नहीं करेंगे।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के इस बयान को ट्रंप के टैरिफ के खिलाफ भारत, रूस और चीन के करीब आने की खबरों से जोड़कर देखा जा रहा है। पीएम मोदी आज ही जापान से चीन के दौरे पर रवाना हुए हैं। वे यहां एससीओ समित मे दोनों देश के राष्ट्रपति से मिलेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे लिए अपने लोगों का, किसानों का, छोटे व्यापारियों का, देशवासियों का हित सबसे ऊपर है। चाहे कितना भी दबाव डाला जाए, लेकिन भारत किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेगा।

गौरतलब है कि पीएम नरेंद्र मोदी ने 25 अगस्त को अहमदाबाद में टैरिफ विवाद को लेकर कहा था, 'मेरे देश के छोटे उद्यमी हों, किसान हों, या पशुपालक हों, सभी के लिए, मैं आपसे बार-बार वादा करता हूं, आपका हित मोदी के लिए सर्वोपरि है। मेरी सरकार छोटे उद्यमियों, किसानों और पशुपालकों पर कभी कोई आंच नहीं आने देगी। चाहे कितना भी दबाव आए, हम झेलने की अपनी ताकत बढ़ाते रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

### 24 हजार करोड़ रुपए हुआ भारत का डिफेंस एक्सपोर्ट

**दुनिया** भारत की रक्षा क्षमताओं की गवाह है। जिस तरह से हमारी सेनाओं ने स्वदेशी उपकरणों के साथ पाकिस्तान पर सटीक हमले किए, उससे पता चलता है कि कोई भी मिशन बिना दूरदर्शिता और तैयारी के सफल नहीं हो सकता। 2014 में हमारा डिफेंस एक्सपोर्ट 700 करोड़ रुपए से कम था। आज यह बढ़कर लगभग 24 हजार करोड़ रुपए हो गया है, जो एक रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। यह दर्शाता है कि भारत अब केवल खरीदार नहीं रहा बल्कि निर्यातक बन रहा है। इस समिट में वायुसेना उप प्रमुख एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी भी शामिल हुए। उन्होंने बताया, पाकिस्तान को युद्धविराम की मेज पर लाने के लिए भारतीय वायुसेना ने 50 से भी कम हथियार दागे। युद्ध शुरू करना बहुत आसान है, लेकिन उसे खत्म करना उतना आसान नहीं है।

# यूक्रेन में पूर्व संसद की गोली मारकर हत्या

**एजेंसी, कीव।** यूक्रेन के प्रमुख राजनेता और पूर्व संसद अध्यक्ष आंद्री पारुबी की 30 अगस्त को गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, दक्षिणी फ्रैंकिव्स्की जिले में दोपहर करीब 12 बजे गोलीबारी की सूचना मिली। हमलावर ने पारुबी पर कई गोलियां चलाईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। यूरोपियन सॉलिडैरिटी पार्टी की सांसद इरीना हेराशचेंको ने पुष्टि की कि मृतक आंद्री पारुबी ही थे। मीडिया के मुताबिक, हमलावर डिलीवरी बॉय की वेशभूषा में था और इलेक्ट्रिक साइकिल पर सवार था। उसने पारुबी पर गोलियां चलाईं और फिर साइकिल से भाग गया। घटनास्थल पर सात गोली के खोल मिले। 54 साल के पारुबी लंबे समय तक सांसद रहे थे। उन्होंने 2004 की ऑरेंज क्रांति और 2013-14 की यूरो क्रांति में हिस्सा लिया था। (अनंत ज्ञान)

# ट्रंप टैरिफ के बावजूद पिछले साल से ज्यादा होगा भारतीय निर्यात : गोयल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



यूनियन मिनिस्टर पीयूष गोयल ने दावा किया है कि ट्रंप टैरिफ के बावजूद भारत का इस साल पिछले साल से ज्यादा एक्सपोर्ट होगा।

दिल्ली में एक इवेंट में पीयूष गोयल ने यह बात कही है। पीयूष गोयल ने कहा कि हमें अपना एक्सपोर्ट बास्केट और बड़ा करना होगा, ताकि किसी एक देश के एकतरफा फैसले का असर ना पड़े। उन्हें उम्मीद है कि जीएसटी रिफॉर्म से घरेलू डिमांड को भी बूस्ट मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि अभी तक किसी भी सेक्टर ने टैरिफ को लेकर किसी भी प्रकार से निर्यात कम होने की बात नहीं की है। (अनंत ज्ञान)

**बोले- हम न तो झुकेंगे और न ही कमजोर दिखेंगे**

### एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए करेंगे कई उपाय

**गोयल** ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में भारत का टोटल एक्सपोर्ट 824.9 बिलियन डॉलर यानी 72.71 लाख करोड़ रुपए के ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गया था। सरकार एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही कई उपाय लाएगी। गोयल ने आगे कहा कि एक्सपोर्ट बढ़ाने के लिए यूरोपियन यूनियन के साथ एफटीए पर बातचीत जारी है। कतर, न्यूजीलैंड, पेरू और चिली के साथ भी जल्द ही डील हो जाएगी। फिलहाल ट्रंप के टैरिफ की वजह से खास चिंता की बात नहीं है। गोयल ने कहा कि वे पूरे भरोसे के साथ कह सकते हैं कि इस साल भारत का एक्सपोर्ट पिछले साल से भी ज्यादा होगा।

# सिंगापुर में भारतीय को जेल और जुर्माने की सजा

**एजेंसी, सिंगापुर।** सिंगापुर की एक अदालत ने शुक्रवार को एक भारतीय नागरिक को 2023 में एक सड़क दुर्घटना में नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर के एक वरिष्ठ लॉ प्रोफेसर की मौत के लिए दो साल एक महीने की जेल और 2,000 सिंगापुर डॉलर के जुर्माने की सजा सुनाई। 7 जुलाई, 2023 को, एक निर्माण मजदूर नटराजन मोहनराज (28) ट्रक चलाते समय अपना मोबाइल फोन देख रहा था और उसी वक्त उसके ट्रक ने एमेरिटस प्रोफेसर टैन यॉक लिन (70) की कार से टक्कर मार दी। इस हादसे में प्रोफेसर की इलाज के दौरान मौत हो गई। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली के कालकाजी मंदिर में सेवादार की हत्या

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के प्रसिद्ध कालकाजी मंदिर में प्रसाद को लेकर शुक्रवार रात एक सेवादार की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें दो युवक बेसुध पड़े सेवादार पर लगातार डंडे बरसाते दिखे। आसपास 3-4 युवक और खड़े थे। घटना को अंजाम देकर सभी मौके से फरार हो गए। दिल्ली पुलिस ने बताया कि स्थानीय लोगों ने एक आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। उसकी पहचान दक्षिणपुरी निवासी 30 साल के अतुल पांडे के रूप में हुई है। बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है। उनकी पहचान अभी नहीं हुई है। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली में यमुना खतरे के निशान से ऊपर बह रही

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। पहाड़ों पर हो रही भारी बारिश और हथनीकुंड बैराज से छोड़े जा रहे पानी के कारण हालात और गंभीर होते जा रहे हैं। फिलहाल दिल्ली में यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, जिससे निचले इलाकों में रहने वाले लोगों पर बाढ़ की चपेट में आने का खतरा मंडराने लगा है। जानकारी के अनुसार, हरियाणा के हथनीकुंड बैराज से 49,141 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। वहीं, वजीराबाद बैराज से 45,620 क्यूसेक और ओखला बैराज से 40,216 क्यूसेक पानी छोड़ा जा चुका है। लगातार पानी छोड़े जाने के कारण नदी के और ऊपर जाने की आशंका बनी हुई है। प्रशासन ने यमुना खादर और निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। (अनंत ज्ञान)

# श्रीलंका में भ्रष्टाचार के आरोप में 2 और नेता अरेस्ट

**एजेंसी, कोलंबो।** श्रीलंका में भ्रष्टाचार के आरोपों में पूर्व सांसदों की गिरफ्तारी का सिलसिला जारी है और शुक्रवार देर रात को दो और नेताओं को स्थानीय अदालत में आत्मसमर्पण करने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। ये गिरफ्तारियां पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किये जाने के कुछ दिन बाद हुई हैं। पूर्व मंत्री राजिता सेनारत्ने और पूर्व सांसद एवं बौद्ध भिक्षु अथुरालिये रत्ना दोनों फरार थे और अपने-अपने मामलों की सुनवाई के दिन उन्होंने अदालत में शुक्रवार को आत्मसमर्पण किया। पुलिस ने बताया कि मजिस्ट्रेट अदालत ने सेनारत्ने को नौ सितंबर तक हिरासत में भेज दिया जबकि उपनगरीय नुगेगोडा अदालत ने रत्ना को 12 सितंबर तक हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। (अनंत ज्ञान)

# सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा 'ट्रंप इज डेड'

## अमेरिका के उपराष्ट्रपति वेंस ने कहा था-देश के नेतृत्व के लिए तैयार हूं

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सेहत से जुड़े पोस्ट ट्रेंड कर रहे हैं। इन पोस्ट में ट्रंप इज डेड लिखा है। शनिवार को ट्रम्प की मौत से जुड़े 60 हजार से ज्यादा पोस्ट शेयर किए गए हैं। जुलाई में 79 साल के ट्रंप के हाथ पर चोट के निशान और पैरों में सूजन की तस्वीरें सामने आने के बाद से ही उनकी सेहत चर्चा में है। व्हाइट हाउस ने उस समय इन अफवाहों को खारिज किया था। अब 27 अगस्त को उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के इंटरव्यू के बाद ट्रंप के सेहत पर फिर बहस तेज हो गई। दरअसल, वेंस ने यूएसए टूडे को कहा था कि, किसी भी बुरी परिस्थिति में वह देश का नेतृत्व के लिए तैयार हैं। हालांकि, उन्होंने जोर देकर कहा कि ट्रंप फिलहाल पूरी तरह ठीक हैं। व्हाइट हाउस ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। (अनंत ज्ञान)



# रामसेतु को लेकर केंद्र को सुप्रीम नोटिस

## राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने पर सरकार से चार हफ्ते में मांगा जवाब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने रामसेतु को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने की मांग से जुड़ी याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा। रामसेतु को एडम्स ब्रिज के नाम से भी जाना जाता है। शीर्ष अदालत ने पूर्व राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका पर नोटिस जारी किया है। जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की बेंच ने स्वामी की याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति देते हुए केंद्र से चार हफ्ते में जवाब देने को कहा है। स्वामी ने अपनी याचिका में 19 जनवरी 2023 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश का हवाला दिया है। उस समय केंद्र ने स्वामी की ही याचिका की सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया था कि रामसेतु को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने के मुद्दे पर विचार किया जा रहा है।

कोर्ट ने केंद्र से इस पर निर्णय लेने को कहा था और स्वामी को यह स्वतंत्रता दी थी कि यदि वे संतुष्ट न हों तो दोबारा कोर्ट आ सकते हैं। याचिका में मांग की गई है कि संस्कृति मंत्रालय को सुप्रीम कोर्ट के 19 जनवरी 2023 के आदेश के अनुसार स्वामी के प्रतिनिधित्व पर जल्द से जल्द और समयबद्ध तरीके से निर्णय लेने का निर्देश दिया जाए। (अनंत ज्ञान)

### सुब्रमण्यम स्वामी बोले-रामसेतु आस्था का प्रतीक



**सुब्रमण्यम** स्वामी की याचिका में कहा गया है कि रामसेतु एक पुरातात्विक स्थल होने के साथ-साथ करोड़ों लोगों की आस्था और श्रद्धा का केंद्र भी है। याचिका में कहा गया है कि वैज्ञानिक और पुरातात्विक अध्ययन इस बात के प्रमाण हैं कि यह मानव निर्मित संरचना है, जिसे श्रद्धालु तीर्थस्थल मानते हैं।

# बेल्जियम में चोकसी की जमानत याचिका खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में 6300 करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी मामले में भारत में वांछित भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी की जमानत याचिका बेल्जियम की एक अपीलीय अदालत ने फिर खारिज कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि यह याचिका अदालत में उसके प्रत्यर्पण पर सुनवाई से ठीक पहले खारिज की गई है। अधिकारियों के अनुसार, अदालत ने सीबीआई की ओर से बेल्जियम में अभियोजन पक्ष को दिए गए ठोस कारणों के आधार पर अपील को खारिज कर दिया। चोकसी कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए पहले भी कई कोर्ट में अपील दायर कर चुका है। (अनंत ज्ञान)

## मिशन — एस्ट्रोनॉट्स के बाद अब एक्वानॉट्स की बारी, खोजे जाएंगे समुद्र के रहस्य

# समुद्रयान मिशन से पाताल की गहराई नापेगा भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

हाल ही में सुभांशु शुक्ला स्पेस स्टेशन होकर आए थे, जो मिशन गगनयान की तैयारी कर रहे हैं, अब एस्ट्रोनॉट्स के बाद भारत में एक्वानॉट्स की चर्चा भी होने वाली है, क्योंकि 2027 तक समुद्रयान मिशन पूरा होने का टारगेट रखा गया है। भारत स्पेस सेक्टर में लगातार काम कर रहा है और अब मिशन गगनयान से अंतरिक्ष की ऊंचाइयों को छूने जा रहा है।

इसके अलावा भारत अब समंदर की गहराइयों को भी नापने जा रहा है, इसके लिए समुद्रयान मिशन की शुरुआत हो चुकी है और अगर यह सफल रहता है तो भारत ऐसा करने वाला दुनिया का छठा देश बन जाएगा। अगस्त के महीने की शुरुआत में ही भारत के दो एक्वानॉट्स ने फ्रांस के जहाज, नौटिल में सवार होकर अटलांटिक महासागर में हजारों मीटर की यात्रा की। भारत का टारगेट 2027 तक तीन इंसानों को 6,000 मीटर की गहराई तक भेजना है।

भारत के इस मिशन में कमांडर (रिटायर्ड) जतिंदर पाल सिंह ने 5,002 मीटर और आर रमेश ने 4,025 मीटर गहराई नाप डाली। यह समुद्र मंथन भारत को कई रत्न दे सकता है और दुनिया में एक नए मुकाम पर भी पहुंचाने का काम कर सकता है। समुद्र की गहराई में कई ऐसे राज हैं, जिनसे पर्दा उठ सकता है। (अनंत ज्ञान)

### क्या है भारत का समुद्रयान मिशन?

**समुद्रयान** मिशन को भारत सरकार की तरफ से साल 2021 में मंजूरी दी गई थी। इस मिशन का मकसद समुद्र के संसाधनों का पता लगाने और उनका इस्तेमाल कैसे हो सकता है ये पता लगाना है। इससे भारत की ब्लू इकनॉमी को सपोर्ट मिलेगा। गहरे समंदर में खनन, पानी के अंदर चलने वाले व्हीकल्स और रोबोटिक्स टेक्नोलॉजी विकसित की जाएगी। मैगनीज, कोबाल्ट, कॉपर और निकिल जैसे तत्वों को निकाला जा सकता है। समुद्र की जैव विविधता की खोज और संरक्षण के लिए तकनीकी रास्तों की तलाश की जाएगी. यहां के ईको सिस्टम को समझने की कोशिश होगी।



## स्पोर्ट्स विंडो

### अमेरिकी ओपन : जोकोविच 38 साल की उम्र में चौथे दौर में पहुंचे

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** नोवाक जोकोविच मैच की शुरुआत में पीठ की समस्या से उबरते हुए कैम नोरी को हराकर 1991 में जिमी कोनर्स के बाद अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। जोकोविच ने 38 साल की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की। कोनर्स जब 1991 में इस टूर्नामेंट के चौथे दौर में पहुंचे थे तब उनकी उम्र भी 38 साल थी। जोकोविच ने 6-4, 6-7 (4), 6-2, 6-3 से जीत हासिल की, जिसमें उन्होंने 18 ऐस लगाए, जो उनके अनुसार टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन फ्लशिंग मीडोज़ में मैच के शुरू में चिकित्सा सहायता लेनी पड़ी, लेकिन उन्होंने शानदार खेल दिखाया और 69वीं बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के अंतिम 16 में जगह बनाई। इस तरह से उन्होंने रोजर फेडरर की बराबरी कर ली। अब उनका मुकाबला जर्मन क्वालीफायर जान-लेनार्ड स्ट्रफ से होगा। सातवीं वरीयता प्राप्त जोकोविच ने मैच के बाद कहा, ''मैं अच्छा हूं। मैं पहले जितना ही जवान और मजबूत हूं।'' (अनंत ज्ञान)

### कार्लोस अल्काराज आसान जीत के साथ अगले दौर में

**एजेंसी, न्यूयॉर्क ।** कार्लोस अल्काराज ने आर्थर ऐश स्टेडियम में दाहिने घुटने में चोट लगने के बावजूद सीधे सेटों में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के चौथे दौर में प्रवेश किया। अमेरिकी ओपन में 2022 में अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले दूसरे नंबर के खिलाड़ी अल्काराज़ टूर्नामेंट में पहली बार चोटिल हुए। उन्होंने मेडिकल टाइमआउट लिया और एक ट्रेनर से अपने पैर की मालिश करवाई। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने हालांकि, इसका असर अपने खेल पर नहीं पड़ने दिया और 32वें नंबर के लुसियानो डार्डेरी को 6-2, 6-4, 6-0 से हरा दिया। अल्काराज ने ट्रेनर के आने को एहतियाती बताते हुए कहा, ''मुझे बस लगा कि घुटने में कुछ ठीक से काम नहीं कर रहा है, लेकिन इसके बाद यह ठीक हो गया। चिंता की कोई बात नहीं है।'' चौथे दौर में उनका मुकाबला आर्थर रिंडरक्नेच से होगा। अल्काराज ने तीसरे दौर में जीत दर्ज करके अपने करियर ग्रैंड स्लैम रिकॉर्ड को 80-13 कर दिया है। केवल बोरिस बेकर, ब्योर्न बोर्ग और राफेल नडाल ही उनसे एक या दो महीने छोटे थे, जब उन्होंने ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में अपनी 80वीं जीत हासिल की थी। पुरुष वर्ग में अमेरिका के खिलाड़ियों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा तथा नंबर छह बेन शेल्टन और नंबर 17 फ्रांसेस टियाफो दोनों को हार का सामना करना पड़ा। (अनंत ज्ञान)

### सात्विक-चिराग की जोड़ी सेमीफाइनल में, भारत के लिए पक्का किया पदक

**एजेंसी, पेरिस।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ने यहां पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारत के लिए पदक सुनिश्चित किया। भारतीय जोड़ी पिछले साल पेरिस ओलंपिक में मलेशिया की इस जोड़ी से हार गई थी, लेकिन शुक्रवार देर रात खेले गए मैच में वह इसका बदला लेने में सफल रही। सात्विक और चिराग की विश्व की तीसरे नंबर की जोड़ी ने 43 मिनट में 21-12, 21-19 से शानदार जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। (अनंत ज्ञान)

### मॉडल से कम नहीं प्रिया पुनिया

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेटर प्रिया पुनिया दुनिया की सबसे खूबसूरत महिला क्रिकेटर में से एक है। वह इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी फोटोज पोस्ट करती हैं। वह मॉडल की तरह दिखाई देती हैं। प्रिया को 5 लाख से ज्यादा लोग इंस्टाग्राम पर फॉलो करते हैं।



## अक्तूबर में होने वाली वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा कर सकते हैं रोहित

# गिल-रोहित का सीओई में होगा फिटनेस टेस्ट

**एजेंसी, बेंगलुरु**

भारतीय टेस्ट कप्तान और टी20 उपकप्तान शुभमन गिल आगामी एशिया कप के लिए दुबई जाने से पहले फिटनेस आकलन और तैयारियों के लिए यहां बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) पहुंच गए हैं। एशिया कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने वाले खिलाड़ियों को नौ सितंबर को मेजबान संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच से पहले चार सितंबर को दुबई में इकट्ठा होना है।

सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज भी फिटनेस आकलन के लिए सीओई पहुंच गए हैं। फिटनेस की जांच रविवार से शुरू हो सकती है और सभी की निगाह एकदिवसीय टीम के कप्तान रोहित पर टिकी रहेगी जो टी20 और टेस्ट क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले यह 38 वर्षीय खिलाड़ी अक्तूबर में होने वाली वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा कर सकता है, लेकिन यह देखना बाकी है कि वह कानपुर में ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ 30 सितंबर, तीन अक्तूबर और पांच अक्तूबर को होने वाले एकदिवसीय मैचों में खेलते हैं या नहीं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के मैच 19, 23 और 25 अक्तूबर को खेले जाएंगे।



**जसप्रीत बुमराह, सुंदर जायसवाल और शार्दुल का भी होगा टेस्ट**

फ्लू के कारण गिल पूर्वी क्षेत्र के खिलाफ चल रहे दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में नहीं खेल पाए जहां उन्हें उत्तर क्षेत्र की कप्तानी करनी थी। गिल बेंगलुरु आने से पहले चंडीगढ़ स्थित अपने घर पर बीमारी से उबर रहे थे। यह संभव है कि गिल बेंगलुरु से दुबई के लिए उड़ान भरें, क्योंकि इस बार खिलाड़ी अपने-अपने स्थानों से सीधे दुबई पहुंचेंगे, जबकि पहले टीम यात्रा करने से पहले मुंबई में एकत्र होती थी।

गिल के अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा भी टूर्नामेंट से पूर्व तैयारियों के लिए सीओई पहुंच चुके हैं। सूत्रों से पता चला है कि मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, वाशिंगटन सुंदर, यशस्वी जायसवाल और शार्दुल ठाकुर भी सीओई पहुंचने वाले हैं। ठाकुर दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में पश्चिम क्षेत्र की कप्तानी करने के लिए तैयार हैं, जबकि एशिया कप के लिए स्टैंडबाय में रखे गए जायसवाल और सुंदर भी इस घरेलू टूर्नामेंट में खेलेंगे।

एशिया कप के लिए भारतीय टीम में चुने गए कुछ अन्य खिलाड़ी जैसे अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा (उत्तरी क्षेत्र) और कुलदीप यादव (मध्य क्षेत्र) पहले से ही दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल खेल रहे हैं।

इस बीच दक्षिण क्षेत्र को दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल (4-7 सितंबर) के लिए नए कप्तान की घोषणा करनी होगी, क्योंकि तिलक वर्मा को एशिया कप टीम में शामिल किया गया है। केरल के मोहम्मद अजहरुद्दीन उपकप्तान हैं और उन्हें कप्तान नियुक्त किया जा सकता है। उनके अलावा दक्षिण क्षेत्र आर साई किशोर, देवदत्त पडिक्कल या एन जगदीशन जैसे अधिक अनुभवी खिलाड़ी को भी यह जिम्मेदारी सौंप सकता है। इस बीच पूर्वी क्षेत्र को तब करारा झटका लगा जब उसके तेज गेंदबाज मुकेश कुमार दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर सके। ऐसा संभवतः पहली पारी के दौरान लगी चोट के कारण हुआ। (अनंत ज्ञान)

## द्रविड़ ने राजस्थान रॉयल्स के हेड कोच का पद छोड़ा

**एजेंसी, जयपुर**

पूर्व भारतीय कोच राहुल द्रविड़ ने राजस्थान रॉयल्स की कोचिंग छोड़ दी है। हालांकि, राहुल के आईपीएल फ्रेंचाइजी से अलग होने का कारण पता नहीं चला है। फ्रेंचाइजी ने शनिवार को सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए द्रविड़ के अलग होने की जानकारी दी। 52 साल के पूर्व क्रिकेटर भारत को 2024 का टी-20 वर्ल्ड कप जिताने के बाद राजस्थान रॉयल्स के हेड कोच बनाए गए थे। उनके बाद भारत के पूर्व बैटिंग कोच विक्रम राठौर भी टीम के साथ जुड़े थे, लेकिन, आईपीएल के पिछले सीजन में राजस्थान रॉयल्स की टीम का प्रदर्शन काफी खराब रहा। टीम लीग की प्वॉइंट्स टेबल में नौवें स्थान पर रही थी।



**फ्रेंचाइजी ने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए दी जानकारी**

हाल ही में कुछ मीडिया रिपोर्ट में कप्तान संजू सैमसन के राजस्थान रॉयल्स (आरआर) से अलग होने के दावे किए गए थे। इनमें कहा गया था कि संजू ने छोटी नीलामी से पहले खुद को ट्रेड या रिलीज करने का अनुरोध किया हैं। हालांकि, इस पर कोई अधिकृत बयान नहीं आया है। (अनंत ज्ञान)

### द्रविड़ की कोचिंग में टीम इंडिया बनी वर्ल्ड चैंपियन

**इस** साल जून में हुए टी-20 वर्ल्ड कप कप में वे भारतीय टीम के हेड कोच थे। टीम को चैंपियन बनाने के बावजूद उन्होंने अपना कार्यकाल आगे नहीं बढ़ाया था। भारत को हेड कोच के तौर पर टी-20 वर्ल्ड चैंपियन बनाने वाले द्रविड़ रॉयल्स की टीम के साथ पहले भी अलग-अलग, लेकिन बेहद अहम भूमिका में जुड़े रहे हैं। आईपीएल के 2012 और 2013 सीजन में वे टीम के कप्तान थे। इसके अलावा 2014 और 2015 में वे टीम डायरेक्टर और मेंटॉर भी रहे थे।

## थप्पड़ कांड के वीडियो पर भड़कीं श्रीसंत की पत्नी

### बोलीं-ललित मोदी-क्लार्क को आनी चाहिए शर्म

**एजेंसी, जालंधर**

भारत के पूर्व तेज गेंदबाज श्रीसंत की पत्नी भुवनेश्वरी श्रीसंत ने आईपीएल थप्पड़ काड़ को फिर सुर्खियों में लाने के लिए आईपीएल के पहले कमिश्नर ललित मोदी और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि इतना घटिया और अमानवीय काम करने के लिए इनके खिलाफ मुकदमा किया जाना चाहिए।

हरभजन-श्रीसंत थप्पड़ कांड का 17 साल पुराना मामला सुर्खियों में तब आया जब ललित मोदी ने माइकल क्लार्क के बियॉन्ड23 पॉडकास्ट पर खुलासा किया कि उन्होंने 2008 के विवाद का एक अनदेखा फुटेज अपने पास रखा है। कथित तौर पर स्टेडियम के सुरक्षा कैमरों से ली गई यह क्लिप शो के दौरान चलाई गई। इसमें मुंबई इंडियंस और किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) के बीच आईपीएल मैच के बाद श्रीसंत को हरभजन उलटे हाथ से थप्पड़ मारते देखे जा सकते हैं। भुवनेश्वरी श्रीसंत ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, 'ललित मोदी और माइकल क्लार्क को शर्म आनी चाहिए। तुम लोग इंसान नहीं हो सिर्फ अपनी सस्ती लोकप्रियता और व्यूज के लिए 2008 की किसी घटना को घसीट रहे हो। (अनंत ज्ञान)



**दशकों पहले दफन सदमे को फिर से जीने को मजबूर**

**भुवनेश्वरी** श्रीसंत ने ललित मोदी और माइकल क्लार्क को टैग करते हुए लिखा, 'श्रीसंत ने हर मुश्किल का सामना करने के बाद गरिमा के साथ अपने जीवन को फिर से बुना है। उनकी पत्नी और उनके बच्चों की मां होने के नाते, हमारे परिवार के लिए 18 साल बाद इस सदमे को फिर से देखना बेहद दुखद है। परिवारों को उस सदमे को फिर से जीने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जो दशकों पहले दफन कर दिया गया था, सिर्फ इसलिए कि आप लोगों की नजरों में आ सकें।'

## चंद्रशेखर और प्रशांत की जोड़ी अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

अनिरुद्ध चंद्रशेखर और विजय प्रशांत की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने यहां अमेरिका के क्रिश्चियन हैरिसन और इवान किंग की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को तीन सेटों में हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। चंद्रशेखर और प्रशांत ने अपनी शानदार सर्विस के दम पर एक घंटे 42 मिनट में 3-6, 6-3, 6-4 से जीत हासिल की।

चंद्रशेखर और प्रशांत का मुकाबला दूसरे दौर में ऑस्ट्रेलिया के जॉन-पैट्रिक स्मिथ और ब्राजील के फर्नांडो रोम्बोली से होगा। रित्विक बोल्लीपल्ली और एन बालाजी की एक अन्य भारतीय जोड़ी यहां अपने पहले दौर के मैच में हार गई। भारतीय जोड़ी ने कड़ी चुनौती पेश की, लेकिन आखिर में उन्हें बार्ट स्टीवंस और वासिल किर्कोव के खिलाफ 6-3, 6-7(10), 4-6 से हार का सामने करना पड़ा। (अनंत ज्ञान)



## जापान से निपटने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा भारत को

**हॉकी एशिया कप**

**एजेंसी, राजगीर (बिहार)**

भारत पहले मैच के अपेक्षाकृत लचर प्रदर्शन को पीछे छोड़कर रविवार को यहां पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में खतरनाक दिख रही जापान के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगा। विश्व में सातवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम ने शुक्रवार को पूल-ए के अपने पहले मैच में विश्व में 23वें नंबर की टीम चीन पर 4-3 से करीबी जीत हासिल की लेकिन उसका यह प्रदर्शन प्रभावशाली नहीं था।

भारत इस टूर्नामेंट में सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है और एशिया कप जीतने का प्रबल दावेदार है। इस टूर्नामेंट की विजेता टीम अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के बीच सीधे क्वालीफाई करेगी। भारत ने चीन के खिलाफ शानदार शुरुआत की, लेकिन खेल आगे बढ़ने के साथ उसकी लय गड़बड़ा गई। भारतीय रक्षा पंक्ति को तेज तर्रार जापानी टीम के खिलाफ सतर्क रहना होगा, जिसने अपने पहले मैच में कजाकिस्तान के खिलाफ सात गोल दागे थे। फुल्टन ने कहा, ''हमने (चीन के खिलाफ) मैच जीता लेकिन हम अपनी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। हमने कुछ मौके गंवाए और कुछ आसान गोल भी खाए। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, ''इस टूर्नामेंट में भाग ले रही अधिकतर टीम जवाबी हमला करने के लिए इंतजार करती हैं।'' (अनंत ज्ञान)

### वेस्ट दिल्ली लायंस डीपीएल क्वालीफायर-2 में पहुंचा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कप्तान नीतीश राणा के तूफानी शतक की बदौलत वेस्ट दिल्ली लायंस ने यहां अरुण जेटली स्टेडियम में एलिमिनेटर में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स को सात विकेट से हराकर दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) 2025 के क्वालीफायर 2 में प्रवेश कर लिया। लायंस ने 202 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए पावरप्ले के अंदर दो विकेट गंवा दिए, लेकिन राणा ने 55 गेंदों में आठ चौकों और 15 छक्कों की मदद से 134 रन की पारी खेली और तीसरे विकेट के लिए कृष यादव (31) के साथ 97 रन की साझेदारी कर बाजी पलट दी। इससे पहले साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 201 रन का विशाल स्कोर बनाया था। सलामी बल्लेबाज अनमोल शर्मा और अंकुर कौशिक ने 67 रन की साझेदारी कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई, लेकिन इसके बाद उसकी पारी लड़खड़ा गई और उसका स्कोर तीन विकेट पर 78 रन हो गया। (अनंत ज्ञान)

## हॉकी एशिया कप के लिए चीन रवाना हुई भारतीय महिला टीम




**एजेंसी, बेंगलुरु**

भारतीय महिला हॉकी टीम महिला एशिया कप के लिए शनिवार को चीन के हांग्जो रवाना हो गई। 20 सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व सलीमा टेटे कर रही हैं। टेटे ने हॉकी विश्व कप 2026 में जगह पक्की करने के उद्देश्य से एशिया कप जीतने का लक्ष्य रखा है।

सलीमा ने कहा, यह टूर्नामेंट हमारे लिए अगले साल होने वाले एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप में जगह बनाने का अवसर है। हम इसी पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमारी पहली प्राथमिकता अपने पूल में शीर्ष पर रहना और सुपर फोर में पहुंचना है। वहां से, हम मैच दर मैच ट्रॉफी की ओर बढ़ेंगे। 20 सदस्यीय टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है। गोलकीपर बंसरी सोलंकी और बिचु देवी खारीबाम टीम में गहराई प्रदान करते हैं। रक्षा इकाई में निक्की प्रधान और उदिता जैसी अनुभवी खिलाड़ी हैं। इनका साथ युवा मनीषा चौहान, ज्योति, सुमन देवी थौदम और इशिका चौधरी देंगी। मिडफील्ड में नेहा, कप्तान सलीमा टेटे, लालरेम सियामी, शर्मिला देवी, सुनीता टोप्पो और वैष्णवी विट्ठल फाल्के जैसे मजबूत खिलाड़ी हैं। फॉरवर्ड में नवनीत कौर, संगीता कुमारी, मुमताज खान, दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग और रुतजा दादासो पिसल हैं। भारत को पूल बी में रखा गया है। ग्रुप की अन्य टीमें जापान, थाईलैंड और सिंगापुर हैं। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 5 सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगी। उसके बाद 6 सितंबर को जापान के खिलाफ और फिर 8 सितंबर को सिंगापुर के खिलाफ अपना अंतिम लीग मैच खेलेगी। भारत ने महिला एशिया कप दो बार जीता है। (अनंत ज्ञान)

### हमारा ध्यान विश्व कप में जगह पक्की करने पर : सलीमा टेटे

**भारतीय** महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने एशिया कप के लिए चीन के हांगझोउ रवाना होने से पहले शनिवार को यहां कहा कि टीम अगले साल होने वाले विश्व कप में जगह पक्की करने के लिए प्रतिबद्ध है। टीम महिला एशिया कप में भाग लेने के लिए शनिवार को रवाना हुई। अगले वर्ष होने वाले विश्व कप में अपना स्थान पक्का करने के लिए भारत की 20 सदस्यीय टीम को यह टूर्नामेंट जीतना होगा।

सलीमा ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''यह टूर्नामेंट हमारे लिए अगले वर्ष होने वाले एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप में अपना स्थान सुरक्षित करने का अच्छा अवसर है और हम इस पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अभी हमारी पहली प्राथमिकता अपने पूल में शीर्ष पर रहना और सुपर फोर में पहुंचना है।''

## राउफ की धुआंधार गेंदबाजी से पाक ने अफगानिस्तान को 39 रन से हराया

**एजेंसी, शारजाह**

एशिया कप 2025 से पहले संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच ट्राई सीरीज खेली जा रही है। पाकिस्तान की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 182 रन बनाए थे। इस सीरीज के पहले मैच में पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज की है। उसने अपने पड़ोसी देश को 39 रनों से हराकर इस सीरीज में जीत के साथ शुरुआत की है। इस मुकाबले में अफगानिस्तान की बल्लेबाजी पूरी तरह से फ्लॉप रही। उसने अपने पांच विकेट केवल 20 गेंद के अंदर ही गंवा दिए और केवल 4 रन बनाए। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ ने केवल 23 गेंदों में अफगानिस्तान के 4 खिलाड़ियों को पवेलियन भेजकर मैच को पाकिस्तान की झोली में डाल दिया।

ट्राई सीरीज के पहले मैच में 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की टीम ने काफी खराब बल्लेबाजी की। एक समय अफगानिस्तान ने 11 ओवर में 2 विकेट पर 93 रन बनाकर मजबूत स्थिति में पहुंच गई थी, लेकिन 12वें ओवर में पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ ने अफगानिस्तान के दो विकेट लेकर मैच पाकिस्तान की ओर मोड़ दिया। इसके बाद तो अफगानिस्तान की टीम पूरी तरह से लड़खड़ा गई और 20 गेंद के अंदर अपने पांच विकेट गंवा दिए। इस दौरान टीम केवल 4 रन ही बना पाई थी। अफगानिस्तान की पूरी टीम 19.5 ओवर में 143 रन बनाकर आउट हो गई। राशिद खान ने सबसे ज्यादा 16 गेंदों में 5 छक्के और एक चौके की मदद से 39 रन बनाए। सदीउल्लाह अटल ने 23 रनों की पारी खेली। विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज 38 रन बनाए।

**टी-20 सीरीज**

पाकिस्तान की ओर से हारिस रऊफ ने सबसे ज्यादा 3.5 ओवर में 31 रन देकर 4 विकेट हासिल किए। शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद नवाज और शुफियान मुकिम को दो-दो विकेट मिले। इससे पहले पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा ने इस मुकाबले में फिफ्टी लगाई। (अनंत ज्ञान)

**बेंगलुरु भगदड़ मामला** — आईपीएल में आरसीबी की जीत का जश्न मनाते हुई थी 11 लोगों का मौत

## पीड़ित परिवारों को 25-25 लाख देगी आरसीबी

**एजेंसी, बेंगलुरु**

आईपीएल 2025 के खिताब जीतने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की ओर से आयोजित जश्न का माहौल अचानक गम में बदल गया। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आयोजित इस सेलिब्रेशन कार्यक्रम में भारी भीड़ उमड़ पड़ी और भगदड़ मच गई। इस दुखद हादसे में 11 लोगों की जान चली गई थी।

आरसीबी ने 'एक्स' पर पोस्ट करके बताया कि 4 जून 2025 का दिन उनकी टीम और फैंस के लिए बेहद दर्दनाक था, क्योंकि उन्होंने अपने 'आरसीबी परिवार' के 11 सदस्यों को खो दिया। टीम ने कहा कि किसी की जिंदगी की भरपाई कोई नहीं कर सकता, लेकिन पीड़ित परिवारों की मदद के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

पहले कदम के रूप में आरसीबी ने 11 मृतकों के परिवारों को 25-25 लाख रुपए की आर्थिक मदद दी है। टीम ने साफ किया कि यह सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं बल्कि उनके साथ खड़े रहने और लगातार देखभाल का वादा है। (अनंत ज्ञान)




फाइल फोटो

### स्टेडियम को असुरक्षित करार देकर मैच शिफ्ट

**इस** हादसे के बाद कर्नाटक सरकार ने मामले की जांच के लिए डी कुन्हा आयोग का गठन किया था। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि बेंगलुरु का एम चिन्नास्वामी स्टेडियम बड़े आयोजनों के लिए असुरक्षित है। रिपोर्ट के बाद फैसला लिया गया कि महिला वर्ल्ड कप 2025 के जो मैच बेंगलुरु में होने थे, उन्हें अब नवी मुंबई के मैदान में शिफ्ट कर दिया जाएगा।

### आरसीबी की पहली खिताबी जीत

**आरसीबी** का फैन बेस हमेशा से बहुत बड़ा रहा है। टीम साल 2008 से आईपीएल में खेल रही है और विराट कोहली, एबी डिविलियर्स, क्रिस गेल और फाफ डु प्लेसिस जैसे दिग्गज खिलाड़ियों से सजी रही है, लेकिन टीम ने कभी ट्रॉफी नहीं जीती थी। रजत पाटीदार की कप्तानी में पहली बार आरसीबी ने आईपीएल 2025 का खिताब अपने नाम किया, जब उन्होंने पंजाब किंग्स को हराया। इस ऐतिहासिक जीत के बाद जश्न मनाने के लिए बेंगलुरु में स्वागत समारोह रखा गया था, लेकिन इसी दौरान फैंस की भारी भीड़ एक झलक पाने के लिए टूट पड़ी और भगदड़ मच गई।